

17:11:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 312 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, शुक्लपक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

सुव्यहृतानि सूक्तानि सुकृतानि ततस्ततः।

सञ्चिन्वंधीर आसीत शिलाहारी शिलं यथा॥

**भावार्थ** : उत्तम हितकारी उपदेशों, सुक्तियों, सद्कार्यों (व सद्गुणों) को जिस प्रकार खेतों की फसल कट जाने पर बीनने वाला अन्न के दाने बीन लेता है। उसी प्रकारचुन चुनकर एकत्र कर लेना चाहिए।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 17.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17 .03 बजे

सूर्योदय (कल) » 06 .03 बजे

## शिवालिक क्षेत्र, हैदरपुर वेटलैंड प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरु

**सहारनपुर**: उत्तर प्रदेश में ठंड बढ़ते ही प्रवासी पक्षियों की सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों और गंगा-सोलानी नदी के बीच मुजफ्फरनगर-बिजनौर सीमा पर 6908 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हैदरपुर वेट लैंड पर आमद शुरू हो गई है। जिससे माहौल दर्शनीय हो गया है। हैदरपुर वेट लैंड की स्थापना पर्यावरण प्रेमी और उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार ने दो वर्ष पूर्व सहारनपुर आयुक्त रहने के दौरान कराई थी। हैदरपुर वेट लैंड हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य वन का एक भाग है। जो एक मानव निर्मित झील है, जिसका निर्माण 1984 में हुआ था। वहां की जैव विविधता पक्षियों को आकर्षित करती है। सर्दियों के दौरान वहां के दृश्य लोगों के दिल खुश कर देते हैं। गौरतलब है कि 11 दिसंबर 2021 को हैदरपुर वेट लैंड (आद्र भूमि) को भारत के 47वें रामसर साईट के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली थी।

## मुठभेड़ में एक सैनिक और चार आतंकवादियों की मौत

**इस्लामाबाद**: पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ों में एक सैनिक और चार आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि मुठभेड़ प्रांतीय राजधानी पेशावर के बाहरी इलाके में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कथित मौजूदगी पर खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन चलाया। जिसके बाद, गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें चार वांछित आतंकवादी मारे गए। बयान में कहा गया कि मृत आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।आईएसपीआर ने कहा कि दूसरा ऑपरेशन प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में चलाया गया, जहां आतंकवादियों के साथ हुई गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गयी।

## इजरायल ने यूएन के आह्वान को नकारा

**यरूशलम**: इजरायल ने गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष में विस्तारित मानवीय विराम के संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद के आह्वान को खारिज कर दिया। इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने एक बयान में कहा, जब तक 239 अपहृत लोग हमास के हाथों में हैं, तब तक विस्तारित मानवीय रोक अस्थिर है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल पर सात अक्टूबर को अचानक हुए हमले के लिए स्पष्ट रूप से हमास की निंदा करने का आह्वान किया। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को गाजा पट्टी में तत्काल एवं विस्तारित मानवीय ठहराव और गलियारों के लिए एक प्रस्ताव अपनाया, ताकि घिरे फिलिस्तीनी क्षेत्र में नागरिकों तक तत्काल आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके।

## वैशाली एक्सप्रेस में आग, 19 घायल

**इटावा**: उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर दिल्ली से बिहार के सहरसा जंक्शन जा रही 12554 वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच में गुरुवार भोर आग लग गयी। इस हादसे भगदड़ मचने से 19 यात्री घायल हो गये। राजकीय रेलवे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन के एस-6 कोच के शौचालय में धुआं उठने से रेल यात्रियों में दहशत फैल गयी और भगदड़ मचने से करीब 19 रेल यात्रियों को चोटें आयीं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों 11 यात्रियों को सांस लेने की दिक्कत के चलते सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए रिफर कर दिया जबकि आठ यात्रियों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**परेशानी** › पड़ोसी देश म्यांमार की स्थिति दिनोंदिन बिगड़ना चिंता का विषय

# जुंता के सैनिक म्यांमार से भागकर आ रहे हैं मिजोरम

- पहले आम नागरिक भागकर आये थे
- सैनिकों की पहली खेप वापस भेजी गयी
- विद्रोहियों का आक्रमण बहुत तेज हो गया



राष्ट्रीय खबर

**अगरतला**: मिजोरम में फिर से सीमा पर अत्यधिक सतर्कता है। इस बार की परिस्थितियां बदली हुई है क्योंकि अब विद्रोहियों के आक्रमण से जान बचाकर भागे म्यांमार के सैनिक ही मिजोरम में शरण ले रहे हैं। एक विद्रोही समूह ने बुधवार को कहा कि म्यांमार के सुरक्षा बलों के कई सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया है या उन्हें पकड़ लिया गया है। म्यांमार के पश्चिमी राज्य रखाइन में एक जातीय सशस्त्र विद्रोही समूह अराकान आर्मी (एए) ने कहा कि कम से कम 28 पुलिसकर्मियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है। और 10 सैनिकों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह संगठन लंबे समय से राज्य के लिए स्वायत्तता की मांग कर रहा है। हालाँकि, अराकान सेना द्वारा दावा की गई जानकारी की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पायी है।

पड़ोसी राज्य की राजधानी सितवे में कर्फ्यू लागू है। स्थानीय प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, सैन्य टैंक शहर के चारों ओर घूम रहे हैं। मिजोरम सीमा के बिल्कुल करीब पहाड़ की दूसरी तरफ सेना ने हवाई जहाज से बम गिराये थे। उसके बाद से ही भारतीय सेना सतर्क है। वहां से पहले सिर्फ आम नागरिक भागकर मिजोरम आ रहे थे। अब विद्रोही गुटों ने जबर्दस्त हमला प्रारंभ कर दिया है। इसी वजह से वहां के सैनिक ही जान बचाने के लिए भागकर मिजोरम आ रहे हैं। बता दें कि 2021 में सैन्य तख्तापलट में सत्ता संभालने के बाद म्यांमार का जुंटा कठिन समय से गुजर रहा है, जिसने आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को उखाड़ फेंका। एए सहित तीन जातीय अल्पसंख्यक विद्रोही समूह पिछले अक्टूबर से देश के विभिन्न हिस्सों में जुंटा बलों से लड़ रहे हैं। उन्होंने कुछ कस्बों और सैन्य चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया। जुंटा के प्रवक्ता जे मिन तुन ने शिकायत की कि विद्रोही समूह पूरे देश को नष्ट कर रहे हैं। और ये दावा कि विद्रोहियों ने सैन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया है। प्रवक्ता ने कहा कि रखाइन, शान और काया राज्यों में लड़ाई जारी है। हालाँकि, उन्होंने जुंटा बलों के आत्मसमर्पण पर कोई टिप्पणी नहीं की।

चीन प्रांत में भी लड़ाई की खबरें आई हैं। वहां से म्यांमार के 43 सैनिकों को भारत के मिजोरम में सीमा पार करते हुए पकड़ा गया। एक भारतीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पकड़े गए अधिकांश म्यांमार सैनिकों को भारतीय बलों ने सीमा पर एक अन्य बिंदु पर म्यांमार के अधिकारियों को सौंप दिया था। इस घटना के बाद भी अब म्यांमार की सेना उग्रवादियों द्वारा खदेड़े जाने के बाद अपनी जान बचाने के लिए भारत में घुस आई है!

चीनी राष्ट्रीय सेना और उनके साथ पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) ने मिजोरम के चम्फाई जिले में म्यांमार के फालम टाउनशिप के रिखौदार सैन्य अड्डे और उपनगर पर कब्जा कर लिया। सेना से झड़प के कारण उस चीनी समुदाय के करीब 35,000 शरणार्थियों ने अब मिजोरम में शरण ले रखी है। लेकिन चीनी राष्ट्रीय सेना और पीडीएफ द्वारा रिखवदार पर कब्जा करने और वहां अपना झंडा फहराने के बाद, म्यांमार की बिखरी हुई सेना अब भारत की ओर बढ़ रही है। ऐसे 39 जवानों को कल रात सीमा पार करने के बाद असम राइफल्स ने हिरासत में ले लिया। इनमें से एक घायल भी हो गया। आज कुछ और बर्मी सैनिक मिजोरम में दाखिल हुए।

असम राइफल्स के सूत्रों के मुताबिक, म्यांमार के घायल सैनिकों का इलाज चम्फाई अस्पताल में किया जा रहा है। आज 42 सैनिकों को वापस म्यांमार भेजा गया। उन्हें दो एमआई-17 हेलीकॉप्टरों द्वारा मिजोरम से उठाया गया और मणिपुर-म्यांमार सीमा पर मोरे शहर ले जाया गया। वहां से मैत्री पुल पार कराकर उन्हें उनके देश भेज दिया गया। नदी के दूसरी ओर वह हिस्सा अभी भी म्यांमार सेना के नियंत्रण में है। शरण लेने वाले बर्मी सैनिकों ने कहा कि चीनी उग्रवादियों और उनके सहयोगियों ने सेना के कई जवानों को मार डाला और कईयों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को चीनी शरणार्थियों ने मिजोरम के जोखावथर पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जब उन्हें पता चला कि म्यांमार की सेना ने उन्हें शरण दी है। म्यांमार सेना के हमले के » शेष पेज 2 पर

प्रस्तावित नये कानून के बारे में नई जानकारी सामने आयी

# अब मौत की सजा का अधिकार केंद्र सरकार को?

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली**: आपराधिक कानून विधेयक पर संसदीय पैनल ने मौत की सजा पर फैसला केंद्र पर छोड़ा है। पिछले सप्ताह प्रकाशित एक संसदीय पैनल की रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, जो ब्रिटिश-युग के भारतीय दंड संहिता को बदलने का प्रयास करता है, ने उन अपराधों की संख्या 11 से बढ़ाकर 15 कर दी है, जिनमें मौत की सजा हो सकती है। पैनल की रिपोर्ट के अनुसार, समिति द्वारा परामर्श किए गए डोमेन विशेषज्ञों ने मृत्युदंड को समाप्त करने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया। भारत ने अतीत में मृत्युदंड को समाप्त करने पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार - प्रोजेक्ट 39ए द्वारा प्रकाशित वार्षिक सांख्यिकी रिपोर्ट 2022 - 31 दिसंबर, 2022 तक, भारत में 539 कैदी मौत की सजा पर थे, जो कम से कम 2016 के बाद से सबसे अधिक है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सदस्य बृज लाल की अध्यक्षता वाले संसदीय पैनल ने सिफारिश की कि इस मामले को सरकार पर विचार करने के लिए छोड़ दिया जाए। इसमें कहा गया है, मृत्युदंड के संबंध में प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद समिति ने यह समझा है कि मृत्युदंड के खिलाफ एक भावुक तर्क का कारण यह है कि न्यायिक प्रणाली दोषपूर्ण हो सकती है और एक निर्दोष व्यक्ति को गलत तरीके से मौत की सजा देने से रोका जा सकता है। तीन विपक्षी सदस्यों - कांग्रेस के पी चिदंबरम और दिग्विजय सिंह और तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने प्रावधान के खिलाफ असहमति नोट प्रस्तुत किए।

श्री सिंह ने कहा कि हालांकि सरकार ने आपराधिक कानूनों की औपनिवेशिक प्रकृति को खत्म करने की दिशा में एक कदम के रूप में विधेयकों की सराहना की है, लेकिन विधेयक अभी भी मौजूदा कानूनों की औपनिवेशिक भावना को बरकरार रखते हैं और कुछ अपराधों के लिए दंड को कठोर बना दिया गया है और मौत की सजा दी गई है। मॉब लिंचिंग, संगठित अपराध, आतंकवाद और नाबालिग से बलात्कार जैसे कम से कम चार नए अपराधों के लिए जोड़ा गया।

पूर्व गृह मंत्री श्री चिदम्बरम ने कहा, आंकड़ों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने पिछले 6 वर्षों में केवल 7 मामलों में मौत की सजा की पुष्टि की है। जबकि जुमार्ना लगाने से स्वयं परेशानी » शेष पेज 2 पर

# केन्या में पौधा रोपने के लिए वृक्षारोपण का अवकाश



एजेंसियां

**नैरोबी**: केन्यावासियों को 100 मिलियन पौधे रोपने के लिए वृक्षारोपण अवकाश मिलता है। 10 वर्षों में 15 अरब पेड़ लगाने के सरकार के लक्ष्य के हिस्से के रूप में केन्यावासियों को 100 मिलियन पेड़ लगाने के लिए एक विशेष छुट्टी दी गई है। पर्यावरण मंत्री सोइपान तुया के अनुसार, यह अवकाश प्रत्येक केन्याई को पहल करने की अनुमति देता है। प्रत्येक केन्याई को कम से कम दो पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे 100 मिलियन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करना है। पेड़ वातावरण में ऑक्सीजन छोड़ते हुए हवा से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में मदद करते हैं। सरकार सार्वजनिक नर्सरियों में लगभग 150 मिलियन पौधे उपलब्ध करा रही है।

यह केन्याई लोगों को निर्दिष्ट सार्वजनिक क्षेत्रों में रोपण के लिए अपने वन एजेंसी केंद्रों पर मुफ्त में पौधे उपलब्ध करा रहा है।

लेकिन इसने केन्यावासियों को अपनी जमीन पर रोपण के लिए कम से कम दो पौधे खरीदने के » शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तान से आयी महिला बेटे के साथ गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**सिलिगुड़ी**: बिना वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में एक पाकिस्तानी मां और बेटे को गिरफ्तार किया गया। पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सूत्रों ने कहा कि दोनों लोगों को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में बुधवार को वैध दस्तावेजों के बिना अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पाकिस्तानी मां-बेटे को एसएसबी 41 बटालियन के जवानों ने बुधवार को सिलीगुड़ी के पास खोरीबाड़ी ब्लॉक के पांतकी इलाके में भारत-नेपाल सीमा से पकड़ा था। एसएसबी अधिकारियों ने पूछताछ के बाद दोनों को दार्जिलिंग जिला पुलिस » शेष पेज 2 पर



राजस्थान में भी मोदी पर अडाणी मुद्दे को लेकर हमला जारी

# नरेंद्र मोदी देश का पैसा उन्हें देते है: राहुल गांधी

- कोरोना महामारी की याद दिलायी
- कालाधन पर मोदी के शब्द दोहराये
- पूरे देश का पैसा एक की जेब में डाला

राष्ट्रीय खबर



**जयपुर**: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर उद्योगपति गौतम अडाणी की जेब में पैसा ट्रांसफर करने का आरोप लगाया। उन्होंने याद दिलाया कि नरेंद्र मोदी ने कहा था, अगर काला धन नहीं मिटा, तो मुझे फांसी दे दो। कोरोना के दौरान, नरेंद्र मोदी ने कहा, अपने मोबाइल फोन की टॉर्च जलाओ, बर्तन बजाओ। देश भर में लोग मर रहे थे, ऑक्सीजन या दवाएँ नहीं थीं। नरेंद्र मोदी आए और कहा कि देश में कोविड महामारी है। लोग मर रहे थे , अब अपने बर्तन बजाओ, गांधी ने राजस्थान के चुरू में एक रैली में कहा। इसी दौरान यानी कोविड महामारी के दौरान कांग्रेस की तरफ से दूसरी ओर, यहाँ भीलवाड़ा मॉडल था। यहां बर्तन खनक रहे थे और राजस्थान में घरों में खाने के पैकेट बांटे जा रहे थे। दवाइयां बांटी जा रही थीं और मरीजों को बचाया जा रहा था। क्यों? क्योंकि हम गरीबों, किसानों और मजदूरों की सरकार चलाते हैं। कांग्रेस पार्टी का काम गरीबों की जेब में पैसा पहुंचाना है। वे अडाणी की जेबों में पैसा ट्रांसफर करते हैं।

रैली के दौरान, गांधी ने प्रधानमंत्री पर हमला करने के लिए जीएसटी कार्यान्वयन और 2016 के नोटबंदी कदम का जिक्र किया। उन्होंने कहा, यहां, हम गरीबों की सरकार चलाते हैं, हम आपकी रक्षा करते हैं। नरेंद्र मोदी ने जीएसटी लागू किया। ।भारत में पहली बार किसानों को टैक्स देना पड़ रहा है। उन्होंने नोटबंदी की और सभी छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया।

श्री गांधी ने कहा, जहाँ भी आप देखें, अडाणी कोई न कोई व्यवसाय कर रहा है - हवाई अड्डे, बंदरगाह, सीमेंट संयंत्र, » शेष पेज 2 पर

**परिवर्तन** › यह बदलाव दिमाग पर भी असर डाल रहा है

# दुनिया में चारों तरफ नजर आ रहा है मौसम के बदलाव का असर

- बहुराष्ट्रीय दल ने इस पर शोध किया
- सोच को ही बदलने लगता है यह
- चूहों पर इसका परीक्षण हुआ है

राष्ट्रीय खबर



वियना विश्वविद्यालय के प्रमुख लेखक डॉ किम्बर्ली सी डोएल ने कहा, हम लंबे समय से जानते हैं कि हमारे पर्यावरण के कारक मस्तिष्क में परिवर्तन ला सकते हैं। फिर भी हम केवल यह देखना शुरू कर रहे हैं कि जलवायु कैसे बदलती है, हमारे समय का सबसे बड़ा वैश्विक खतरा, हमारे दिमाग को बदल सकता है। वायु प्रदूषण जैसे कारकों के साथ-साथ, हम पहले से ही लगातार चरम मौसम की घटनाओं का सामना कर रहे हैं, जिस तरह से हम प्रकृति तक पहुंचते हैं और जलवायु परिवर्तन के कारण तनाव और चिंता का अनुभव करते हैं, यह महत्वपूर्ण है हम समझते हैं कि इसका हमारे दिमाग पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। केवल तभी हम इन परिवर्तनों को कम करने के तरीके ढूंढना शुरू कर सकते हैं।

**रांची**: जलवायु परिवर्तन के अनेक कुपरिणाम हमें दिख रहे हैं। इसके साथ ही गर्मी के बढ़ने की वजह से ऐसे कुपरिणामों के दिखने की गति भी तेज होने लगी है। पहली बार इसी कड़ी में जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का एक नया तत्व उभर रहा है। ग्लोबल वार्मिंग मानव मस्तिष्क को कैसे प्रभावित कर रही है।

नेचर क्लाइमेट चेंज में आज प्रकाशित एक पेपर में, शिक्षाविदों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने उन तरीकों का पता लगाया है जिनसे शोध से पता चला है कि बदलता वातावरण हमारे दिमाग के काम करने के तरीके को प्रभावित करता है, और जलवायु परिवर्तन भविष्य में हमारे मस्तिष्क के कार्य को कैसे प्रभावित कर सकता है। पेपर का नेतृत्व ब्रिटेन में जिनेवा, न्यूयॉर्क, शिकागो, वाशिंगटन, स्टैनफोर्ड, एक्सेटर विश्वविद्यालयों और बर्लिन में मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट के इनपुट के साथ वियना विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है। यह उस भूमिका की भी पड़ताल करता है जो तंत्रिका वैज्ञानिक इन चुनौतियों को समझने और संबोधित करने में निभा सकते हैं।

1940 के दशक से, वैज्ञानिकों ने चूहों के अध्ययन से जाना है कि बदलते पर्यावरणीय कारक मस्तिष्क के विकास और लचीलेपन को गहराई से बदल सकते हैं। गरीबी में बड़े होने के प्रभावों को देखने वाले शोध में यह प्रभाव मनुष्यों में भी देखा गया, जिसमें मस्तिष्क प्रणालियों में गड़बड़ी पाई गई, जिसमें संज्ञानात्मक उत्तेजना की कमी, विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आना, खराब पोषण और बचपन में तनाव बढ़ना शामिल है। हालांकि पूरी तरह से आश्चर्य की बात नहीं है, यह शोध उस गहरे प्रभाव को उजागर करता है जो किसी के पर्यावरण का उनके मस्तिष्क पर पड़ सकता है।

अब, लेखक अधिक चरम मौसम की घटनाओं, जैसे हीटवेव, सूखा और तूफान, और संबंधित जंगल की आग और बाढ़ के संपर्क में आने से मानव मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाने के लिए शोध का आह्वान कर रहे हैं। उनका मानना है कि ऐसी घटनाएं मस्तिष्क की संरचना, कार्य और समग्र स्वास्थ्य को बदल सकती हैं, और यह मूल्यांकन करने के लिए और अधिक शोध की भी आवश्यकता है कि यह भलाई और व्यवहार में परिवर्तनों को कैसे समझा सकता है। » शेष पेज 2 पर

दिल्ली के सीएम ने मुख्य सचिव को हटाने की सिफारिश की

# अपने बेटे को लाभ पहुंचाने में फंसे हैं नरेश कुमार

राष्ट्रीय खबर



**नई दिल्ली**: दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार में तैनात सबसे वरिष्ठ सिविल सेवक, मुख्य सचिव नरेश कुमार पर भ्रष्टाचार के प्रथम दृष्टया सबूत का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी है। इस रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि श्री कुमार को उनके पद से हटा दिया जाए और जांच लंबित रहने तक आगे की पोस्टिंग से निलंबित कर दिया जाए। मामले की जांच सीबीआई या प्रवर्तन निदेशालय को दी जाए।

श्री कुमार पर पिछले सप्ताह अपने बेटे से जुड़ी कंपनी को 313 करोड़ रुपये का लाभ सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जुड़े भूमि अधिग्रहण सौदे में हेरफेर करने का आरोप लगाया गया था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने अपनी सतर्कता मंत्री आतिशी से » शेष पेज 2 पर

## शहर >> अपडेट

### हेमंत सोरेन के निर्णय का स्वागत

रांची: पूर्व सदस्य जनजातीय परामर्शदातृ परिषद के सदस्य रतन तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के झारखंड में थाने की बाध्यता समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह झारखंड के आदिवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।रतन तिर्की ने कहा कि थाना की बाध्यता पूरे राज्य में आदिवासियों के लिए समाप्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए ३० डिसमिल जमीन दिया जाना चाहिए ताकि बेरोजगार युवाओं को १५ डिसमिल में गृह निर्माण और बाकी १५ डिसमिल में बैंक या स्वयं के पैसे से धंधा व्यवसाय कर सके।आगे रतन तिर्की ने कहा कि यह भी निर्णय हो कि आदिवासी सिर्फ एक जगह ही ३० डिसमिल जमीन खरीद सकें। ऐसा न हो कि आदिवासी ३९ डिसमिल जमीन की खरीद बांट बांट कर अलग अलग जिलों में खरीदे।उन्होंने कहा कि थाना की बाध्यता समाप्त किए जाने की मांग राज्य निर्माण के पहले से की जाती रही है।

**बैठक** हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में टीएसी की 26वीं बैठक सम्पन्न

# 1950 के समय स्थापित थानों के आधार पर जमीन-खरीद बिक्री पर सहमति

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रालय में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की 26वीं बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में टीएसी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रो० स्टीफन मरांडी, सदस्य झारखंड विधान सभा-सह-सदस्य जनजातीय परामर्शदातृ परिषद की अध्यक्षता में गठित उप समिति के कार्यकाल को अगले 1 वर्ष के लिए अवधि विस्तार दिए जाने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति दी गई। बैठक में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) ने सीएनटी एक्ट के अंतर्गत 26 जनवरी 1950 के समय राज्य के भीतर जो जिले और थाने स्थापित थे, उन्हीं को जिला और थाना मानते हुए धारा-46 के तहत जमीन-खरीद बिक्री हेतु मान्यता प्रदान किए जाने पर सहमति दी है। उक्त संबंध में राज्य सरकार आगे विधिसम्मत कार्यवाही करेगी।



जनजातीय परामर्शदातृ परिषद की बैठक में हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम करेगी। हमारी सरकार किसी भी समुदाय के भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने देगी।

बैठक में वर्तमान राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 15 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक राज्यव्यापी अभियान आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री को अपनी महती भूमिका निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में बिरसा आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/आय/जन्म/मृत्यु/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों को सुनिश्चित कराया जा सके इस निमित्त गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में वन अधिकार अंतर्गत अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान₹ के अंतर्गत राज्य के वैसे आश्रित जो वनों पर निर्भर हैं उनके बीच व्यक्तिगत एवं सामुदायिक पट्टे का वितरण तेज गति से किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में झारखंड में पेसा कानून लागू किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) के सदस्यों से राज्य में बेहतर पेसा कानून लागू किया जा सके इस निमित्त उनके लिखित सुझाव भी मांगे गए। बैठक में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम, 1908 पर चर्चा सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श-किया गया।

## युनाइटेड फोरम फोर आदिवासी राइट्स ने आयोजित किया वीर बिरसा मुंडा जयंती

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**गंगाराम टुना मैदान चायबगान माटीगड़ा जलपाईगुड़ी मैदान में हजारों आदिवासियों ने वीर बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाया। मौके पर मुख्य अतिथि अधिवक्ता महेंद्र पीटर तिग्गा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चायबगान के आदिवासियों को अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कानून और संविधान में देश के सभी आदिवासियों को पहचान सभ्यता इतिहास भाषा संस्कृति और जमीन बचाने का अधिकार दिया है। इसे बचाने के लिए आगे आना चाहिए। विशिष्ट अतिथि रतन तिर्की टीएसी के पूर्व सदस्य ने कहा कि तराई क्षेत्रों में २०० साल से भी ज्यादा हो गये कि हमारे पुरखों ने जंगल झाड़ काट कर चायबगान बनाया। लेकिन किसी की सरकार ने हमारे आदिवासियों को जमीन पर मालिकाना हक नहीं दिया। रतन तिर्की ने ममता बनर्जी से मांग करते हुए कहा कि हमारे आदिवासियों को जमीन का पट्टा नहीं बल्कि खतियान आधारित जमीन अधिकार दिया जाये और जल्द ही हमारे आदिवासियों के लिए स्वायत्त परिषद का गठन किया जाये ताकि संविधान सम्मत प्रदत अधिकारों मसलन परंपरा संस्कृति भाषा पहचान की रक्षा की जा सके। प्रभाकर तिर्की ने कहा कि हम सभों को वीर बिरसा मुंडा की तरह उलगुलान कर पश्चिम बंगाल के चायबगान क्षेत्रों से लेकर असम भूटान नेपाल बांग्लादेश के आदिवासियों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि अगर एकजुटता नहीं होगी तो इन सभी राज्यों में लाखों आदिवासियों का वजूद समाप्त हो जायेगा।

बाबूलाल मरांडी राज्य के प्रथम आदिवासी सीएम, सूबे में सर्वमान्य नेता, इसलिए मंच पर रही उनकी मौजूदगी

## कॉंग्रेस बताए राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी कार्यक्रम में मंच पर आसीन होते हैं: भाजपा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के उस बयान पर जवाब दिया है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को प्रधानमंत्री संग मंच पर उपस्थिति को लेकर सवाल उठाये गये हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का आरोप है कि सरकारी कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को जगह दी गई। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा की कांग्रेस को तो बस शोर मचाने की लत है, वर्ना यहाँ तो सब खैरियत है। कुणाल ने कहा कि अखबारों में बने रहने के लिए बस विरोध नहीं करनी चाहिये। तर्कयुक्त विरोध हो तो लोकतंत्र में उसका स्वागत है। वहीं कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मंच पर श्री बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाते नहीं थी, अपितु राज्य के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री होने के कारण उनके प्रति प्रधानमंत्री का सम्मान और आदर भाव है। कहा कि बाबूलाल मरांडी का ओहदा क्या है यह पीएम के संबोधन के उस अंश से जाहिर हो जायेगा जब उन्होंने मंच से पूर्व सीएम बाबूलाल जी को परम मित्र बताया। जहाँ तक हैसियत का सवाल है तो कांग्रेस के नेता यह बताएँ कि विशाल चौधरी के घर में विभागीय संचिका किस हैसियत से गई थी, दलाल प्रेम प्रकाश के घर में उट सुरक्षा में लगे जवानों की अङ-47 की बंदूक कैसे पाई गई थी, मुख्यमंत्री जी के हस्ताक्षर की हुई चेक बुक माफियाओं के घर पर कैसे मिली थी? कॉग्रेस के राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी कार्यक्रम में मंच पर आसीन होते हैं? भाजपा ने कहा बाबूलाल मरांडी की लोकप्रियता से राज्य सत्ताधारी दल पूरी तरह से असहज हो गए है।





## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में अनर्गल ,असंवैधानिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा: समीर उरांव

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव ने झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए आक्रोश व्यक्त किया है। श्री उरांव ने कहा कि पर सुप्रियो भट्टाचार्य विक्षिप्त मानसिकता से ग्रस्त हो चुके हैं इसलिए उनका इलाज मानसिक आरोग्य शाला कांके में कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा को इससे दिक्कत है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया इस पर झामुमो को दिक्कत है। आजादी के 75वर्षों के बाद भी बुनियादी सुविधाओं केलिए तरसते जनजाति समाज केलिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से 24हजार करोड़ रूपए की योजनाओं की शुरूआत हुई यह झामुमो को पसंद नही है। उन्होंने कहा कि भारत देश एक है। प्रधानमंत्री संवैधानिक रूप से राज्य के किसी हिस्से में कार्यक्रम में शामिल होने जा सकते हैं लेकिन झामुमो को अगर प्रधानमंत्री का यह दौरा राज्य सरकार को डिस्टर्ब करने वाला लगे तो फिर ऐसी सोच का संवैधानिक उपचार भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस मंच पर राज्य के महामहिम राज्यपाल,स्वयं मुख्यमंत्री उपस्थित हों,राज्य का प्रशासनिक तंत्र काम में जुटा हो उसे डिस्टर्बिंग आयोजन बताना पूरी तरह असंवैधानिक है। उन्हो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनकी पार्टी झामुमो के इस बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।श्री उरांव ने कहा कि झामुमो को जनजाति समाज की चिंता उस समय कहां चली जाती है जब लाखों आदिवासी भाई बहनों को उनकी धर्म संस्कृति से काटकर धर्मांतरित कराया जा रहा। झामुमो आदिवासी बहन बेटियों की लूटती इज्जत पर कब चिंता व्यक्त करेगा। झामुमो पहाड़िया बेटी की टुकड़ों में हत्या होने पर क्यों चुप्पी साधे बैठ जाता है।झामुमो बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण पूरे राज्य की बदलती डेमोग्राफी पर क्यों मुंह नही खोलता है।

## दोषी अफसरों पर कार्रवाई की मांग

**राष्ट्रीय खबर**





**रांची:**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड स्थापना दिवस और धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर खूंटी में विराट जनसभा को संबोधित किया और झारखंड सहित देश के जनजातीय आबादी के हितार्थ कई महत्वपूर्ण योजनाओं की आधारशिला रखी गई। सरकारी कार्यक्रम होने के कारण मंच पर सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी साथ दिखें और उन्हें भी कार्यक्रम को संबोधित करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के समापन के उपरांत मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा सीएम हेमंत के बयान में कुछ ऐसे अंश जोड़कर प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है जो मंच से सीएम ने अपने संबोधन में उल्लेख किया तक नहीं। झारखंड सरकार के पीआरडी विभाग (सीएमओ) द्वारा जारी विज्ञप्ति में जिक्र है कि सीएम ने प्रधानमंत्री के समक्ष आदिवासी धर्म कोड के आशय में माँग को दुहराया। जबकि मुख्य विपक्षी दल भाजपा का दावा है कि सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री ने ऐसा कोई आग्रह नहीं किया है।

**गोरखधंधा** झारखंड में अचानक से क्लीनिक और अस्पतालों की बाढ़ आयी

# आयुष्मान कार्ड के गोरखधंधा से अच्छी कमाई

- बेड पर लिटाकर मोबाइल से फोटो
- मरीज को पता नहीं चलता कमाई का
- अफसर भी इस बंदरबांट में हिस्सेदार

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड में भी आयुष्मान कार्ड अवैध कमाई का अच्छा खासा माध्यम बन गया है। जैसे जैसे लोगों की इस कमाई की भनक मिल रही है, वे भी जहां तहां से पूंजी जुटाकर ऐसे अस्पताल या क्लीनिक खोल रहे हैं। इन प्रतिष्ठानों को आयुष्मान कार्ड के ईलाज से पंजीकृत कराने में थोड़ा बहुत भेंट चढ़ाने का दस्तूर सभी को पता है। अब तो हालत यह है कि जहां सामान्य सुविधाएं भी नहीं हैं, वहां आयुष्मान के रोगियों के ईलाज के नाम पर अवैध कमाई हो रही है। मामले की जानकारी रखने वाले ने रांची के कई अपरिचित इलाकों में बने अस्पतालों का उल्लेख किया। इन अस्पतालों अथवा क्लीनिकों में मरीज के पहुंचते ही उसके स्वास्थ्य के बदले आयुष्मान कार्ड है अथवा नहीं, इसकी जानकारी ली जाती है। आयुष्मान कार्ड होने के बाद तुरंत ही एक के बाद एक जांच की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। सामान्य मरीज को बेहतर ईलाज का एहसास होता है। बाद में किसी मामूली ऑपरेशन के नाम पर बिल बनता है। चूंकि मरीज को इसका पैसा नहीं देना पड़ता, इसलिए वह इस बारे में ज्यादा खोज खबर नहीं लेता। उसकी अपनी परेशानी ठीक होने पर ही वह संतुष्ट हो जाता है। एक अन्य मामले की बारे में पता चला कि मरीजों के बैठने के स्थान पर ही दो बेड लगाकर आयुष्मान कार्ड के नाम पर गोरखधंधा हो रहा है। मामले को देखने वाले ने बताया कि इन बेडों पर मरीजों को लिटाकर उन्हें पट्टियां लगायी जाती है और मोबाइल से ही उनके चित्र लिये जाते हैं। ऐसे मरीजों के नाम पर जो बिल बनता है, वह अब औसतन दो लाख रुपये प्रति माह तक पहुंच गया है।





इस मामले में जानकारी हासिल करने के क्रम में यह भी पता चला कि ऐसे फर्जी मरीजों के ईलाज से होने वाली आमदनी का एक हिस्सा संबंधित अधिकारियों के बीच भी बंटता है। बताते चलें कि हाल ही में सीएजी ने एक ही नंबर पर करीब एक लाख मरीजों के ईलाज संबंधी मुद्दा उठाया तो था। यह मामला उठते ही संबंधित अधिकारियों का अन्यत्र तबादला कर दिया गया। शायद कमाई के इस माध्यम को जानकर ही अनेक अफसर यहां पदस्थापित होने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देते हैं। किस अस्पताल से कितनी कमाई हो रही है, यह तो विवरण से मासिक तौर पर पता चलता ही रहता है। उसी अनुपात में ऐसे नाम के अस्पतालों और क्लीनिकों से वसूली भी होती रहती है।

ऐसे फजीर्वाड़ा की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि अगर किसी तीसरे पक्ष में अस्पतालों और वहां दर्ज मरीजों के रिकार्डों की जांच होने लगी तो पता चलेगा कि सरकार का करोड़ों रुपया हर माह इस गोरखधंधे में डूब रहा है। वैसे इसमें सिर्फ ऐसे अस्पताल अथवा क्लीनिक के लोग ही मालामाल नहीं हो रहे हैं बल्कि अफसरों को भी इससे अच्छी खासी कमाई हो रही है।

## पेज एक का शेष

### दुनिया में चारों तरफ....

पेपर इस बात की भी पड़ताल करता है कि जलवायु परिवर्तन के बारे में हमारे सोचने के तरीके, हमारे निर्णय और हमारी प्रतिक्रिया के तरीके को प्रभावित करने में तंत्रिका विज्ञान किस भूमिका निभा सकता है। एक्सेटर और वियना विश्वविद्यालयों के डॉ मैथ्यू व्हाइट, इस अध्ययन के सह-लेखक हैं। उन्होंने कहा, प्रेरणाओं, भावनाओं और अस्थायी क्षितिज के लिए प्रासंगिक तंत्रिका गतिविधि को समझने से व्यवहार की भविष्यवाणी करने में मदद मिल सकती है, और अंतर्निहित बाधाओं के बारे में हमारी समझ में सुधार हो सकता है जो लोगों को उनकी इच्छानुसार पर्यावरण-समर्थक व्यवहार करने से रोकती है। मस्तिष्क कार्य और जलवायु परिवर्तन दोनों ही महत्वपूर्ण हैं अत्यधिक जटिल क्षेत्र। हमें उन्हें आपस में जोड़कर देखना शुरू करना होगा, और जलवायु परिवर्तन की भविष्य की वास्तविकताओं के खिलाफ अपने दिमाग की रक्षा के लिए कार्रवाई करनी होगी, और जो पहले से ही हो रहा है उससे निपटने और बदतर स्थिति को रोकने के लिए अपने दिमाग का बेहतर उपयोग करना शुरू करना होगा।

### अपने बेटे को ...

इन आरोपों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। वह रिपोर्ट - 670 पेज लंबी - मंगलवार को सौंपी गई और आज सुबह, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र को रिपोर्ट करने वाली जांच एजेंसियों को भेज दी गई। उसका दावा है कि इस सौदे से हितधारकों को 897 करोड़ रुपये का अप्रत्याशित लाभ हो सकता था। रिपोर्ट में डिविजनल कमिश्नर अश्विनी कुमार को उनके पद से हटाने की भी सिफारिश की गई है। दिल्ली की सतर्कता मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 670 पन्नों की एक जांच रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार की प्रथम दृष्टया मिलीभगत का आरोप लगाया गया है और दावा किया गया है कि इससे हितधारकों, सरकार को 897 करोड़ रुपये का अप्रत्याशित लाभ हुआ होगा। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्री ने निष्पक्ष जांच का मार्ग प्रशस्त करने के लिए मुख्य सचिव कुमार और मंडलायुक्त अश्विनी कुमार को उनके पद से हटाने की सिफारिश की है। मामले में नवीनतम घटनाक्रम पर मुख्य सचिव की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी है, जिसने दिल्ली सरकार की नौकरशाही और आप सरकार के बीच चल रही खींचतान को और बढ़ा दिया है।

### जुंता के सैनिक...

बाद पिछले कुछ दिनों में लगभग 2,500 चीनी शरणार्थी जोखावथर शहर में प्रवेश कर चुके हैं। उनमें से 21 घायल हो गए। एक व्यक्ति की मौत हो गई। ऐसे में शरणार्थियों ने म्यांमार की सेना द्वारा उन्हें शरण दिए जाने पर अपना गुस्सा जाहिर किया। यंग मिजो एसोसिएशन घायल शरणार्थियों की देखभाल कर रहा है। उन्होंने घायलों के लिए 42 बोतल खून की भी व्यवस्था की। 8 लोगों को गंभीर हालत में आइजोल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अब मौत की....

और आघात होता है, सजा रद्द होने या पुष्टि होने से पहले की प्रतीक्षा कई गुना अधिक परेशानी का कारण बनती है। यह स्थापित हो चुका है कि मौत की सजा गंभीर अपराध को रोक नहीं सकती है। पैरोल के बिना शेष प्राकृतिक जीवन के लिए कारावास, वास्तव में, अधिक कठोर सजा है और दोषी के लिए सुधार के अवसर की खिड़की भी खोलता है। टीएमसी नेता ने कहा कि राष्ट्रीय आंकड़ों के आधार पर, यह देखा जा सकता है कि भारत में मौत की सजा पाने वाले 74.1 फीसद व्यक्ति आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं। डोमेन विशेषज्ञों ने समिति के समक्ष प्रस्तुत किया कि यदि मृत्युदंड को बरकरार रखना है तो दुर्लभ से दुर्लभतम मामले सिद्धांत को अधिक उद्देश्यपूर्ण शब्दों में परिभाषित किया जाना चाहिए। तीन नए आपराधिक कोड - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक, 2023 - भारतीय दंड संहिता, 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता की जगह लेंगे। क्रमश: 1898, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872। विधेयक 11 अगस्त को संसद में पेश किए गए थे और जांच के लिए गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति को भेजे गए थे

### केन्या में पौधा रोपने .....

लिए भी प्रोत्साहित किया है। राष्ट्रपति विलियम रूटो ने देश के पूर्व में मकुनी में अभ्यास का नेतृत्व किया। कैबिनेट मंत्रियों को काउंटी गवर्नरों और अन्य अधिकारियों के साथ इस प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए अन्य क्षेत्रों में भेजा गया था। केन्या की दूसरी सबसे लंबी नदी, अथी के स्रोत के पास एक स्थान पर, सैनिकों और निवासियों सहित दर्जनों लोग थे, जिनमें से कुछ अपने परिवारों के साथ थे। छात्र वाईक्लिफ कामाऊ ने बताया, मैं अपने सहकर्मियों के साथ आया हूं, पर्यावरण के प्रति अपना प्यार दिखाने के लिए यहां आकर मुझे खुशी हो रही है। स्थानीय निवासी स्टीफन चेलुलेई ने कहा, मैं यहां पेड़ लगाने आया हूं, क्योंकि हमारा जल स्तर कम हो रहा है। यहां तक कि नदी के स्रोत पर भी जल स्तर बहुत कम है, पेड़ों को हटा दिया गया है। हमें जलवायु परिवर्तन को उलटने की जरूरत है ताकि हमारे बच्चों को रहने के लिए एक जगह मिल सके जब हम वहां नहीं रहेंगे। हालाँकि, बहुत से लोग, विशेषकर शहरों में, भाग लेने की संभावना नहीं रखते हैं और केवल अतिरिक्त छुट्टी का लाभ उठाएँगे। वृक्षारोपण की निगरानी एक इंटरनेट ऐप के माध्यम से की जाएगी, जो व्यक्तियों और संगठनों को पौधों की प्रजातियों, संख्या और लगाए जाने की तारीख सहित गतिविधियों को रिकॉर्ड करने की अनुमति देकर अभ्यास की निगरानी करता है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, जाजा मिटी ऐप लोगों को उपयुक्त प्रजातियों के साथ साइट का मिलान करके उचित पौधे लगाने में भी मदद करेगा। सुश्री तुया ने रविवार रात स्थानीय सिटीजन टीवी को बताया कि प्रतिक्रिया अद्भुत रही और रविवार तक ऐप पर पहले ही दो मिलियन पंजीकरण हो चुके थे। हालाँकि उन्होंने कहा कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में रोपण नहीं होगा, जहाँ बाढ़ आई है। देश इस समय भारी अल नीनो बारिश से जूझ रहा है, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है - उत्तरी क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। केन्याई लोगों ने व्यापक रूप से वृक्षारोपण पहल का स्वागत किया है, साथ ही कुछ चुनौतियों का भी उल्लेख किया है। पर्यावरणविद् टेरेसा मुथोनी ने बताया कि यह पहल एक बहुत अच्छा विचार था, लेकिन यह अभ्यास इस तरह से आयोजित नहीं किया गया था जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हर कोई पेड़ लगा रहा है। उन्होंने कहा, कई लोगों को मेज पर खाना रखने के लिए अपना काम जारी रखना पड़ता है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब हमारी अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है इसलिए बहुत से लोग आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक नर्सरी में उपलब्ध 150 मिलियन पेड़ों में से बहुत सारे विदेशी थे। उन्होंने कहा, सही जगह पर सही पेड़ लगाना बहुत महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक वनों में अवैध कटाई को रोकने में विफल रहते हुए वृक्षारोपण की वकालत करने के लिए भी सरकार की आलोचना की गई है - इसने हाल ही में कटाई पर प्रतिबंध हटा दिया है। लेकिन मंत्री ने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए डिजाइन किए गए वन प्रभावित हुए थे - कुल का लगभग 5 प्रतिशत। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की स्थानीय मांग को पूरा करने और नौकरियां पैदा करने के लिए यह आवश्यक था, उन्होंने कहा कि सरकार अन्य जंगलों में अवैध कटाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। सुश्री तुया ने कहा कि यह अभ्यास विशेष अवकाश के बाद भी जारी रहेगा और उम्मीद है कि दिसंबर में बरसात के मौसम के अंत तक 500 मिलियन पेड़ लगाए जाएंगे।

### पाकिस्तान से आयी ....

खोरीबारी थाने को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार महिला का नाम शाइस्ता हनीफ उम्र 62 साल है। उनके 11 साल के बेटे का नाम आर्यन मोहम्मद हनीफ है। महिला को गुरुवार को सिलीगुड़ी सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया गया। यह भी पता चला है कि पाकिस्तानी मां-बेटे बुधवार की सुबह नेपाल के काकरविटा से मेची नदी पर बने एशियाई राजमार्ग के पुल को पार कर भारत-नेपाल सीमा के पास पानीटंकी पहुंचे थे। उसी समय एसएसबी जवानों ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से पाकिस्तानी पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज बरामद हुए। रेस्क्यू के बाद एसएसबी जवानों ने दोनों को गिरफ्तार कर दार्जिलिंग पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया पता चला है कि गिरफ्तार मां-बेटे पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में गहनमार स्ट्रीट के सराफा बाजार के रहने वाले हैं। पिछले साल 29 मई को पाकिस्तान सरकार ने शाइस्ता हनीफ और उनके बेटे के नाम पर पासपोर्ट जारी किया था। मालूम हो कि महिला का पासपोर्ट 2032 तक वैध है। उनके बेटे का पासपोर्ट मई 2027 तक वैध है। पासपोर्ट दस्तावेजों की जांच के बाद पता चला कि ये दोनों पाकिस्तान से सऊदी अरब गए थे। वहां से 5 नवंबर को उन्होंने भारत और नेपाल के लिए फ्लाइट टिकट बुक कराया। 11 नवंबर को वे सऊदी अरब के जेद्दाह एयरपोर्ट से हवाई मार्ग से दिल्ली पहुंचे। वहां से नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचे। गिरफ्तार लोगों के पास से एसएसबी ने काठमांडू से मुंबई और वहां से जेद्दाह एयरपोर्ट तक के टिकट बरामद किए हैं। वहीं 5 नवंबर से प्रभावी नेपाल सरकार टूरिस्ट वीजा, दो मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, एक मेमोरी कार्ड, दो पेन ड्राइव, 10 हजार नेपाली मुद्रा, 16 हजार 350 भारतीय रुपया, 6 यूरो, 166 रियाल भी बरामद किए गए हैं।

### नरेंद्र मोदी देश....

सड़कें सभी उसके हैं। तो, वह अमीरों के लिए काम करता है। वह अडाणी की मदद करते हैं, अडाणी पैसा कमाते हैं और वह पैसा विदेशों में इस्तेमाल होता है। विदेशी कंपनियों को खरीदा जाता है,उन्होंने कहा। राज्य में मौजूदा अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की सराहना करते हुए राहुल गांधी ने कहा, राज्य सरकार ने आपके लिए बहुत काम किया है। एक बात याद रखें, अगर यहां भाजपा की सरकार बनती है, तो हमने जो भी किया - चाहे वह पेंशन योजना हो, स्वास्थ्य योजना, 500 रुपये में गैस सिलेंडर या महिलाओं के लिए दस हजार रुपये, सब उनके द्वारा खत्म कर दिया जाएगा और वे एक बार फिर अरबपतियों की मदद करना शुरू कर देंगे। यदि आप कांग्रेस को वोट देते हैं, तो गरीबों, किसानों और छोटे व्यापारियों को लाभ होगा।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के प्रशिक्षित लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

## तीसरी किस्त के लिए 30 नवंबर अंतिम तिथि, बन्द हो जाएगा आवेदन पोर्टल

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** बिहार उद्योग विभाग ने गुरुवार को पटना स्थित बापू सभागार में एक दिवसीय उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों की पहली किस्त की राशि लाभार्थियों के खाते में भेज दी है। उद्यमी योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त के रूप में 4-4 लाख रुपये भेजे गए हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को बिहार सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की मदद की जाती है। पहली किस्त और दूसरी किस्म में चार-चार लाख और तीसरी किस्त में 2 लाख रुपये मिलते हैं। गुरुवार को नीतीश कुमार ने पहली किस्त लाभार्थियों के खाते में भेजे। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत जिन लाभुकों का ट्रेनिंग पूरा हो चुका है, उनको पहली किस्त दी गई। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को बिहार सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की मदद की जाती है। पहली किस्त में चार लाख, दूसरी किस्त में भी चार लाख और तीसरी में दो लाख दिए जाते हैं। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंडरिक ने बताया कि जिन लाभुकों का लाभुकों का फेज 1 का ट्रेनिंग पूरा हो चुका है और जिन्होंने चालू खाता पोर्टल पर अपलोड कर दिया है, उन्हें पहली किस्त दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना 2023-24 के सभी घटकों में लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है। लक्ष्य के अनुसार शेष लाभार्थियों का चयन चार दिसंबर को कंप्यूटर लॉटरी से किया जाएगा। इनका चयन पूर्व में किए गए आवेदन के आधार पर ही होगा। वहीं 2022-23 की तीसरी किस्त के लिए आवेदन शुरू कर दिया गया है। जिन लाभुकों को दूसरी किस्त 31 अक्टूबर तक मिल चुकी है, वे 30 नवंबर तक तीसरी किस्त के लिए आवेदन करना है। दूसरी किस्त के लिए भी आवेदन की अंतिम तारीख 30 नवंबर ही है। इसके बाद आवेदन पोर्टल बंद हो जाएगा।

### डाबर रेड पेस्ट ने लॉन्च किया स्पेशल फेस्टिव पैक

**पटना :** छठ पूजा के अवसर पर नंबर वन आयुर्वेदिक टूथपेस्ट ब्रांड डाबर रेड पेस्ट ने स्पेशल फेस्टिव पैक लॉन्च किया है। बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुख्य त्योहार छठ पूजा की खुशियों को बढ़ाने के लिए इस लिमिटेड एडिशन पैक को डिजाइन किया गया है। खासतौर पर छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया यह स्पेशल पैक ऐसे इन्ग्रीडिएन्ट्स से बना है, जो त्योहारों के इस सीजन ओरल केयर में नया बदलाव लेकर आएंगे। नए पैक के साथ डाबर रैडपेस्ट ओरल हाइजीन को छठ पूजा की परम्पराओं का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहता है। उक्त जानकारी कंपनी के अधिकारी ने बयान जारी कर बताया है।

## सावधान ! बढ़ेगा ठंड का कहर, तेजी गिर रहा पारा

### सबसे गर्म सीतामढ़ी और सबसे ठंड हुआ बांका

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम की ओर मुड़ने के बाद सकेंद्रित होकर अवदाब में तब्दील हो गया है। जिससे राजधानी पटना समेत कई शहरों के तापमान व विजिबिलिटी कम हो गई है। तेजी से गिरावट आई है। पारा गिरने की वजह पछुआ हवा का प्रभाव है। हालांकि राज्य में 20 नवंबर तक कहीं भी बारिश होने का पूवानुमान नहीं है। पिछले दिन सबसे अधिक तापमान सीतामढ़ी जिले के पुपरी में रहा। पुपरी का तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम बांका जिले में देखने को मिला है। बाकां का तामपान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वाल्मिकी नगर का तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस, गोपालगंज का 30.8 डिग्री सेल्सियस, मुजफ्फरपुर का 28 डिग्री सेल्सियस, पटना का 30 डिग्री सेल्सियस, औरंगाबाद का 29.1 डिग्री सेल्सियस, दरभंगा का 31.2 डिग्री सेल्सियस, बेगूसराय का 30.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पटना का अगवानपुर में तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस, खगड़िया में 31.7 डिग्री सेल्सियस, अररिया में 31.7 डिग्री सेल्सियस, फारबिसगंज 32.2 डिग्री सेल्सियस, कटिहार 29.8 डिग्री सेल्सियस, भागलपुर 28.9 डिग्री सेल्सियस तामपमान रहा। वहीं इन जगहों पर कोहरा छाए रहने के आसार हैं।

# तीर्थयात्रियों को मिली बेहतर सुविधा से देश भर में गया जी की बनी एक बेहतर छवि

## विष्णुपद में प्रशासनिक अधिकारियों को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**गया :** पितृपक्ष मेला -2023 के सफल आयोजन पर श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति की ओर से जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम, वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती, थानाध्यक्ष, संवास सदन समिति के सचिव दिवाकर एवं उपविकास आयुक्त विनोद दुहन को पितृपक्ष मेला में प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल एवं संचालन अमरनाथ धोकड़ी ने किया। समारोह में पूर्व सदस्य महेश लाल गुप्त ने कहा की मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था,साफ सफाई एवं तीर्थयात्रियों की सुख सुविधाओं का ख्याल जिला प्रशासन की ओर से रखा गया। पितृपक्ष मेले में बेहतर व्यवस्था से तीर्थ यात्री संतुष्ट होकर लौटे हैं। इतने बड़े मेले को संपन्न करना प्रशासन के लिए एक चुनौती बनी हुई थी। पंडा समाज भी प्रशासन के साथ कम से कदम मिलाकर मेला को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग किया है। जिसका श्रेय जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम को जाता है। मौके पर अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल, सचिव गजाधर लाल पाठक,सदस्य मणिलाल बारिक कन्हैया लाल मेहरवार, प्रेमनाथ टईया, कृष्ण लाल टईया, मुन्नालाल महतो,बच्चू लाल चौधरी, अमरनाथ ढोकड़ी, मुन्नालाल पाठक सहित बड़ी संख्या में गयापाल समाज के पुरोहित उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन में सदस्य मणि लाल बारीक ने किया।

## छठ मनाने घर आने के लिए मालवाहक का लेना पड़ रहा सहारा

### लोगों से खचाखच भरी ट्रेन व बस, हवाई सफर वश से बाहर की बात

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** लोक आस्था के महापर्व छठ में बिहार के बाहर रहने वाले लोगों को अपने घर आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन और बसों में स्थान नहीं है। वहीं हवाई सफर मुंबई से पटना का किराया 30 हजार पार व दिल्ली से पटना का किराया 25 हजार के पार हो गया है। जिसके बाद कई लोग अब ट्रक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे हैं। इस बीच, रेलवे का दावा है कि कई विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। पटना रेलवे स्टेशन पर बाहर से आने वाले यात्रियों की भीड़ उतर रही है। स्टेशन पर दिल्ली से आए एक यात्री ने बताया कि कहीं सीट नहीं है। सभी ट्रेनें फुल हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से खड़े होकर पटना पहुंच गए। बसों में भी लोगों को सीट नहीं मिल पा रही है। तीन लोगों के बैठने की जगह पर चार से पांच लोग बैठ कर आ रहे हैं। दिल्ली से आनेवाली बसें खचाखच भरी आ रही हैं। कई यात्री खड़े होकर दिल्ली से दरभंगा जाने के लिए निकले थे। एक बस में 80 से 100 यात्रियों को बैठाया गया है। महापर्व के मौके पर घर आने की मजबूरी में लोग अब मालवाहक ट्रकों से वापस घर आ रहे हैं। गोपालगंज के बलथरी चेक पोस्ट पर कई ऐसे ट्रक दिखे, जिसमे लोग बैठे थे। इनमे महिलाओं और बच्चे भी शामिल हैं। लौटे लोगों का कहना है कि ट्रेनों में टिकट लेने के बाद भी जगह नहीं मिल रही है कि घर लौट सके।

### काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर शोकसभा आयोजित

**काराकाट (रोहतास) :** चेनारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार उपाध्याय के इलाज के दौरान असामयिक निधन पर प्रखंड मुख्यालय काराकाट में उनके दिवंगत आत्मा की शांती के लिए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शोक सभा मे शामिल-अंचलाधिकारी काराकाट-जितेन्द्र कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी-रेणुका कुमारी,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी-राहुल सिंह,श्रम परिवर्तन पदाधिकारी देवाशीष सिंह,पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० राकेश कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी-संजय मिश्रा, प्रखंड समन्वयक मो.अशरफ अली,प्रखंड बड़ाबाबू-बिष्णूशंकर प्रसाद, नाजिर-जयप्रकाश सिह, भिखारी राम,आईटी-अभिषेक, महिला पर्यवेक्षिका-मीना कुमारी,अबूल हयात करीम शोभराज,मनोज कुमार कचहरी सचिव ,बिष्णू,उदय कुमार शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित अन्य कर्मी उपस्थित थें।

# स्मार्ट बाजार के विशेष जोन पर मिल रही छठ पूजा की सभी सामग्रियां

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** स्मार्ट स्टोर्स भारतीय परंपराओं और पर्वों पर लोगों की आस्था का पूरा ध्यान रखती है। अभी मौका सूर्योपासना के महान पर्व छठ का है। लोक आस्था का यह महापर्व छठ बिहार एवं झारखंड के कोने-कोने में मनाया जाता है। इस महापर्व में लोग उगते सूर्य के पहले अस्त होते हुए सूर्य की पूजा करते हैं। यह अपने आप में अनूठी परंपरा है। स्मार्ट बाजार एवं स्मार्ट प्वाइन्ट ने बिहार-झारखंड के सारे स्टोर्स में छठ महापर्व के लिए विशेष व्यवस्था की है। इसके लिए अलग से जोन ही बनाया गया है। इन स्टोर्स में छठ पूजा से संबंधित तमाम सामग्रियां उपलबध कराई जा रही है। स्मार्ट बाजार के लिए व्रती केवल ग्राहक नहीं है। वह छठ की इस महान परंपरा से अपने आप को जोड़ती हैं। स्टोर्स में पवित्रता का पूरा ध्यान रखा गया हैं यहाँ काम रकने वाले कर्मचारियों को भी शुद्धता का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। स्टोर्स में पूजन की सारी सामग्रियां बाजार से कम मूल्य में उपलब्ध कराई गयी है। इतना ही नहीं ग्राहकों के लिए एक खरीदिए एक पाइये, दो खरीदिए एक पाइये जैसे ऑफर उपलब्ध है। यहाँ मिट्टी का चूल्हा, चावल, सिंदूर, गेहूँ, सूप, दौरा, दूध, दही, गुड़, फल इत्यादि सारी सामग्रियाँ छठ के स्पेशल जोन में उपलबध कराई गयी है।

# लालू यादव के तुम्हारी बीवी वाले बयान पर नित्यानंद राय का पलटवार

## वंशवाद के हिमायती लालू को नित्यानंद राय ने दिया करारा जवाब

**मैं जब विधायक बना तो मेरे पिता ने छोड़ दिया था मुखिया पद**

**है हिम्मत तो अपने पुत्र के बदले पार्टी के किसी ओर नेता को बना दें डिप्टी सीएम : राय**

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सह भाजपा नेता नित्यानंद राय ने लालू यादव के 'तो क्या उनकी पत्नी को सीएम बनाता' वाले वक्तव्य का बुधवार को करारा जवाब दिया। लालू पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 'मैंने लालू यादव से अनुरोध किया कि जब वह जेल जा रहे थे तो वह अपनी पत्नी को सीएम बनाने की बजाय यादव समुदाय के किसी अन्य सक्षम नेता को बिहार का मुख्यमंत्री बना सकते थे। उन्होंने अपनी पत्नी को क्यों चुना, वे वंशवादी राजनीति में विश्वास करते हैं, मैं नहीं।उन्हें राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री नहीं बनाना चाहिए था। वहीं उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी राजनीति में नहीं हैं, हम वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करते हैं। यह आप भी ऐसे हीं हैं तो तेजस्वी यादव को डिप्टी सीएम पद से हटाकर अपनी पार्टी के किसी नेता को डिप्टी सीएम बना दें। श्री राय ने कहा कि जब मैं विधायक बना था, तब मेरे पिता जी मुखिया थे। उन्होंने मुखिया पद त्याग दिया था। उपमुखिया को मुखिया का चार्ज दे दिया था। पिताजी ने कहा कि एक परिवार में दो व्यक्ति, मैं मुखिया और मेरा बेटा विधायक रहे, ये अशोभनीय रहेगा। और आप परिवारवाद किए जा रहे हैं। खुद के बाद पत्नी, पत्नी के बाद बेटा, बेटा के बाद दूसरा बेटा और फिर बेटी, और आगे किस-किस को लाएंगे पता नहीं।'

## भाजपा के इशारे पर दलितों को गुमराह कर रहे हैं चिराग और मांझी : चंदन सिंह

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** जीतन राम मांझी और चिराग पासवान भाजपा शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर बिहार के दलितों को गुमराह करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। उक्त बातें जनता दल यू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने कही। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि दलितों के प्रति झूठी हमदर्दी दिखाने वाले चिराग पासवान बताएं कि क्या स्व० रामविलास पासवान की तस्वीरों के साथ दुर्व्यवहार करना दलित समाज का अपमान नहीं था। चंदन सिंह ने जीतन राम मांझी के धरना-प्रदर्शन को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि जब नए संसद भवन के शिलान्यास और उद्घाटन समारोह में मोदी सरकार द्वारा दलित व आदिवासी समाज के महामहिम राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं किया गया था तब जीतन राम मांझी का दलित प्रेम कहां छिपा था। मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में ही दलित व महादलितों के आरक्षण दायरे को बढ़ाकर यह पुनः साबित किया है कि नीतीश ही सच्चे अर्थों में दलितों के सबसे बड़े हिमायती हैं।

## अचानक लगी आग में घर जलकर हुआ राख, गाय की मौत

**बगहा/भैरोगंज :** थाना क्षेत्र के बांसगांव मंझरिया पंचायत के मंझरिया गांव में अचानक लगी आग में जहां एक घर जलकर राख हो गई। वही एक गाय की जलकर मौत हो गई है और बछड़ा बुरी तरह झुलस गया है। वही लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई है। हालांकि अग्निशमन विभाग व लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया । गृह स्वामी तारकेश्वर साह ने बताया कि आग से एक गाय जलकर मर गई। वहीं बछड़ा बुरी तरह झुलस गया। नगदी सहित घर में रखा सामान चौकी, छटकट्टा मशीन, अलमीरा, कपड़ा समेत अन्य कई समान जल गया। सुचना मिलने पर मौके पर पहुंचे बगहा एक प्रखंड के उपप्रमुख जयवर्धन मिश्रा व स्थानीय मुखिया ने बताया की बहुत जल्द मुआवजे की राशि दिलाई जाएगी।

## श्रमिक संगठनों के आह्वान पर किसान मजदूर महापड़ाव में सैकड़ों किसान होंगे शामिल : राव



**राजभवन के समक्ष महापड़ाव, बैठकों का दौर जारी**

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प.च.:** जिला अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य और जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने नौतन प्रखण्ड के गम्हरिया में किसान और मजदूरों की सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की किसान, मजदूर, जन और राष्ट्र-विरोधी नीतियों से आज पूरा देश त्रस्त इन विनाशकारी नीतियों के कारण एक तरफ किसान लागत और घटती आय के कारण कर्ज और आत्महत्या के शिकार हो रहे हैं। दूसरी तरफ मजदूर बेरोजगारी, महंगाई और शोषण का शिकार हैं। केन्द्र सरकार की कॉर्पोरेट परस्त नीतियों ने श्रमिकों को एक भयानक त्रासदी में धकेल दिया है। उन्होंने कहा बढ़ती बेरोजगारी, घटती आय, और महंगाई ने श्रमजीवियों पर कहर ढा दिया है। कॉर्पोरेट हित के लिए लाए गए चार श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिकों के सभी अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। मौके पर भाकपा-माले नेता सुरेंद्र चौधरी, सुरेश शर्मा, मुंशी दास, मनोज यादव, सिगाशन ठाकुर, मैंनेजर राम, केदार राम, अशोक शर्मा, रघुनाथ शर्मा, हरेंद्र साह ने पटना चलने का संकल्प लिया।

## ताज फिटनेस क्लब के शुभारंभ से युवाओं में हर्ष

# शरीर को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम बेहद आवश्यक : मो. कलीम

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू. च. :** राष्ट्रीय राजमार्ग उच्च पथ ताजबाबू चौक स्थित ताज फिटनेस क्लब का उद्घाटन रक्सौल बीके हीरों एजेंसी प्रोपराइटर मों कलीम के द्वारा फीता काट कर किया गया। जहां राजा हीरो ऑटोमोबाइल प्रोपराइटर इरशादुल्लाह उर्फ राजा भैया, प्रोपराइटर मों. समसूल हक व तबरेज अहमद, एहसानुल हक, डॉ अनवारुल हक, मुख्तारुल हक, मो. शानी, नूर हसन, अभिनीत सिंह, मो.बच्चू उपस्थित रहें। मो. कलीम ने बताया कि आज के दौर में स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम सबसे अच्छा जरिया है। ताज फिटनेस इसी मूल मंत्र के साथ अपने जिम में आधुनिक मशीन के अलावा बेहतर ट्रेनर के साथ लोगों को ट्रेंड कर उनके शारीरिक चुस्ती फुर्ती बनाए रखने में सहयोग करेगा। वही पुरुष के लिए सुबह 5 से 9 बजे तक और शाम 4 बजे से 9 बजे रात तक साथ ही महिला के लिए शुबह 11 बजे से 2 बजे दिन तक क्लाश की सुविधाएं दी जा रही है। मौके पर जुवैर अहमद, शमस तबरेज अहमद, पियूष कुमार, राजन, मोहन प्रसाद, सौदागर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर शोकसभा आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**काराकाट (रोहतास) :** चेनारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार उपाध्याय के इलाज के दौरान असामयिक निधन पर प्रखंड मुख्यालय काराकाट में उनके दिवंगत आत्मा की शांती के लिए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शोक सभा मे शामिल-अंचलाधिकारी काराकाट-जितेन्द्र कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी-रेणुका कुमारी,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी-राहुल सिंह,श्रम परिवर्तन पदाधिकारी देवाशीष सिंह,पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० राकेश कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी-संजय मिश्रा, प्रखंड समन्वयक मो.अशरफ अली,प्रखंड बड़ाबाबू-बिष्णूशंकर प्रसाद, नाजिर-जयप्रकाश सिह, भिखारी राम,आईटी-अभिषेक, महिला पर्यवेक्षिका-मीना कुमारी,अबूल हयात करीम शोभराज,मनोज कुमार कचहरी सचिव ,बिष्णू,उदय कुमार शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित अन्य कर्मी उपस्थित थें।

### मारपीट मामलें में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**नोखा (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के नगर परिषद स्थित मुख्य बाजार के एक मार्केट समीप विगत शनिवार को पांच लोगों ने ओम प्रकाश गुप्ता नामक व्यक्ति के सिर पर लोहे के रॉड से वार कर जख्मी कर दिया था। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में इलाज लिए सासाराम में भर्ती कराया गया है। लेकिन जैसे ही स्वास्थ्य उसका सुधार हुआ उसने बाद जख्मी युवक ने सभी पांच आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दिया है। जिसमें दोषी रूप में रामजाने कुमार, पिता स्व गोल्डी चौधरी,आशीष कुमार-पिता अरुण चंद्रवंशी, विकाश कुमार-पिता धर्मेंद्र चौधरी उर्फ लैला, अंकित चौधरी-पिता अर्जुन चौधरी, टका कुमार-पिता लालबाबू चौधरी शामिल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने कहा की सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

# मुंगेर के गंगा नदी से शुरू हुआ था छठ महापर्व

## मां सीता ने राम को ब्रह्म पाप से मुक्त कराने के लिए की थी शुरूआत

### आज भी विराजमान है मां सीता का चरण चिन्ह

**डॉ शशि कांत सुमन**





**मुंगेर :** मुंगेर में त्रेता युग से नेमनिष्ठा के साथ छठ पर्व हो रही है। जिले का इतिहास अति प्रचीन है। आदि काल में ऋषि मुगदल की तपोभूमि के रूप में मुंगेर की चर्चा है। रामायण काल में इसे मुगदलपुरी कहा जाता है। मुंगेर आज भी यह इतिहास के कई धरोहर को समेटे अपनी प्राचीनता की कहानी कह रहा है। गंगा नदी के तट पर बसे इस शहर ने कई शहरों को जन्म दिया जो आज बिहार के विकसित शहरों की श्रेणी में है। जंगल व पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के बीच बसा यह शहर आबादी के अनुसार राज्य का 11 वां बड़ा शहर माना जाता है। बाल्मीकि रामायण व आनंद रामायण के पृष्ठ संख्या 31 और 36 इतिहास के पन्नो में मुंगेर में सबसे पहले छठ पर्व मां सीता के द्वारा करने का उल्लेख मिलता है। मुंगेर का सीधा जुड़ाव रामायण काल से है। मुंगेर में ही सीताकुंड है, जहां मैया सीता अग्नि परीक्षा दी थी। जहां मैया सीता छठ पर्व की थी उसे सीता चरण कहा जाता है। जो गंगा के तट पर अवस्थित है। लंका विजय के दौरान राम ने रावण की हत्या कर दी। रावण ब्राह्मण थे जो ब्रह्मा के वंशज थे। राम ब्रह्म हत्या पाप से मुक्ति दिलाने के लिए मुगदल ऋषि ने राजसूय यज्ञ के साथ छठ पर्व करने की सलाह दी। श्रीराम ने मुदगल ऋषि की सलाह पर श्रृंगी ऋषि के नेतृत्व में पूर्व मुंगेर जिले वर्तमान में लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा प्रखंड के पहाड़ की तराई में अवस्थित श्रृंगी ऋषि धाम में राजसूय यज्ञ की तैयारी शुरू कर दी। यज्ञ शुभारंभ करने का समय भी तय हो गया। लेकिन श्रृंगी ऋषि ने कहा कि जब तक मुदगल ऋषि नहीं आते है तब तक राजसूय यज्ञ का शुभारंभ नही हो सकता है। लेकिन मुदगल ऋषि को जल्द कौन ला सकता है। इस पर मंथन होने लगा। इस श्रृंगी ने कहा कि हनुमान ही मुदगल ऋषि को जल्द ला सकते है। भगवान राम का आदेश हुआ और हनुमान मुदगल ऋषि को लाने के लिए मुंगेर के प्रस्थान कर गए। वहां पहुंचने पर हनुमान ने देखा कि मुदगल ऋषि धयान निंद्रा में सोए हुए है। भगवान राम का आदेश था कि जल्द लाना है। यहां मुदगल ऋषि ध्यान निंद्रा में है। इस वक्त हनुमान को अपने बल का घमंड होने लगा कि क्यों नहीं मुदगल ऋषि को बिना जगाए ही पर्वत को ही उठाकर लेकर चले जाए। इतना घमंड हनुमान कर ही रहे थे कि मुदगल ऋषि गए। और यहां आने का प्रयोजन के बारे में पूछा। हनुमान ने राजसयू यज्ञ में जाने के बारे बताया। लेकिन हनुमान का बल का घमंड टूटना था। इसलिए मुदगल ऋषि ने हनुमान से कहा चलो कमंडल उठाओ उसके बाद चलते है। हनुमान तो सोचा कि कमंडल ही तो उठाना है। हनुमान कमंडल उठाने लगा तो कमण्डल जस तस रहा। हनुमान को गुस्सा आया और अपनी पूंछ को कमंडल में लपेट उठाना शुरू किया लेकिन फिर भी कमंडल जस तस रहा। हनुमान क्रोधित होकर पूरा ताकत झौंक दी। कमण्डल तो नहीं हिला, लेकिन हनुमान 9 योजन दूर सूर्यगढ़ा के कटेहर गांव के गौरी शंकर धाम के नजदीक जा गिरा। आज भी गौरी गौरी शंकर धाम में प्रमाण के तौर पर हनुमान की उल्टी प्रतिमा स्थापित है। कहीं भी हनुमान जी उल्टी प्रतिमा नहीं है। हनुमान के होश आने पर उसका घमण्ड टूटा। और पुनः आकर हनुमान ने मुदगल ऋषि से अपनी घमंड के लिए माफी मांगी। इसके उपरांत मुदगल ऋषि ने हनुमान को बताया कि श्री राम को गंगा स्नान के साथ सीता को सूयोर्पासना के उपरांत ही यज्ञ का शुभारंभ होगा। इस खबर को हनुमान जी राम को श्रृंगी ऋषि धाम में सुनाई। मुदगल ऋषि के अनुसार ने मुंगेर के कष्टहरणी में गंगा स्नान के साथ मैया सीता ने छह दिनों तक छठ पर्व की।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सम्मानित हुए पत्रकार



**राष्ट्रीय खबर**

**सुगौली, पू.च. :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर स्टेशन रोड स्थित जेड डायोगोनिस्टिक्स के डायरेक्टर गुलशन आरा व मो जाहिद ने पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रेस दिवस, उसकी मौलिकता, वर्तमान में पत्रकारिता की स्थिति, पत्रकारों की भूमिका पर विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि पत्रकार हमारी संस्कृति एवं विरासत को संवार कर अपने कलम के माध्यम से समाज को जागृत करने में अपना अहम योगदान दे रहे है। मीडिया प्रजातंत्र का सशक्त प्रहरी हैं। न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका के बाद मीडिया को चौथा स्तंभ के रूप में जाना जाता है। मौके पर पत्रकार शम्भु शरण प्रसाद, अमरुल आलम, कुंदन मिश्रा सहित लैब के सीनियर टेक्नीशियन मो. जावेद, संदीप कुमार, एकराम आलम मौजूद रहे।

### त्योहार को लेकर सक्रिय हुए चोरों पांच घरों को बनाया निशाना, जांच में जुटी पुलिस

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** रामनगर थाना क्षेत्र में चोरों ने महापर्व छठ के पुर्व एक ही रात में पांच घरों मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नारायणपुर वार्ड नंबर 8 में बुधवार की रात चोरों ने गोवर्धन पटवारी के घर का ताला तोड़कर दो लैपटॉप, एक स्प्लेंडर प्लस बाइक, आभूषण समेत नगदी उड़ा ले गए। सूचना पर रामनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। तीन घरों में तकरीबन 20 लाख रुपए की चोरी की बात कही जा रही है। हालांकि अन्य घरों के लोग अभी नहीं पहुंचे हैं, लेकिन बाहर से ताला टूटा हुआ है। उनके आने के बाद ही उन लोगों के घरों का आकलन हो पाएगा इधर पुलिस जांच में जुटी हुई है। एसडीपीओ नंदजी प्रसाद ने बताया कि रामनगर अंतर्गत नारायणपुर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। उन्हीं घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, जो ताला जड़कर दीपावली में अपने गांव चले गए थे।

## राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : अनन्त कुमार

**राष्ट्रीय खबर**




**बेतिया, प. च. :** समाहरणालय में पहली बार राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। इसे देखते हुए शॉर्ट नोटिस पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना भवन में जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी अनन्त कुमार ने एक संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया। यूं देखा जाए तो उपर्युक्त आयोजन को महज खानापूरी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं। सूचना भवन में गुरुवार को जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में विभिन्न प्रिन्ट, डिजिटल एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े गिने चुने संवाददाता शामिल हुए। जिनका जनसम्पर्क पदाधिकारी ने स्वागत किया एवं जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय का प्रेस दिवस पर संदेश पत्रकारों को सुनाया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित परिचर्चा में विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया। जिला सूचना व जन सम्पर्क पदाधिकारी अनंत कुमार ने मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया के कारण ही प्रखंड की पहचान जिलास्तर पर जिला की पहचान राज्यस्तर पर होती है। मीडिया की लेखनी के कारण आने वाली पीढ़ी को एक संदेश दिया जाता हैं। बिना आशान्वित हुए किसी बदलाव की कामना नहीं की जा सकती है।

### उपलब्धि : लूट की घटना का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

**बेतिया :** विगत दिनों लूट की घटना का उद्भेन करते हुए कांड में संलिप्त 3 युवक को गिरफ्तार किया है। 08 नवम्बर को नम्र फाइनेन्स लिमिटेड के फिल्ड ऑफिसर से मुफ्फसिल थानान्तर्गत गिद्धौरा मोड़ के पास शाम लगभग 07:00 बजे बाइक सवार अज्ञात युवकों ने घेरकर हथियार के बल पर दो लाख रुपये लूट लिया था। मामले में तीन युवकों को गिधौरा मोड़ से दबोचा गया है। जो पुलिस वाहन को देखकर भागने लगे थे। उनकी पहचान निर्भय राम, सेनुवरिया, अफजल आलम घोरठ टोला नानोसती, थाना मझौलिया, एवं अनिल गुप्ता उर्फ कैण्डी बमनधवई, थाना- हरसिद्धि, पूर्वी चम्पारण के रूप में की गई। जिन्होंने उपरोक्त लूट में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है।

## सशक्त स्थाई समिति ने आयुक्त की मांग को ठुकराया



**अवधेश कुमार शर्मा**

**बेतिया, पच :** नगर निगम के आयुक्त शंभू कुमार की सफाई एजेंसी 'पाथेया' के संविदा को अवधि विस्तार देने की मांग को नगर निगम की स्थाई सशक्त समिति ने ठुकरा दिया। उपर्युक्त जानकारी महापौर गरिमादेवी सिकारिया ने दी। उन्होंने छठ महापर्व और भविष्य में नगर निगम के स्थाई और संविदा पर बहाल सफाई कर्मचारी स्थानीय डेलीवेजेज कर्मियों से 46 वार्डों में गुणवत्तापूर्ण साफ सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि आउट सोर्सिंग एजेंसी के अकारण दर्जनों डेलीवेजेज कर्मियों को हटाया है। महापौर ने कहा कि निविदा से नई आउट सोर्सिंग एजेंसी की तैनाती तक बेतिया नगर निगम में स्थाई और संविदा वाले सफाईकर्मियों व डेलीवेजेज सफाई कर्मियों से नगर निगम के सभी 46 वार्ड की सफाई व्यवस्था का निर्देश सशक्त स्थाई समिति ने सर्व सम्मति से नगर निगम आयुक्त को दिया है।

## दहेज मुक्त झारखंड की राष्ट्रीय अध्यक्ष का मोतिहारी में हुआ स्वागत



**राष्ट्रीय खबर**

**मोतिहारी, पू.च. :** बहुमुखी प्रतिभा के धनी झारखंड निवासी सिंधु मिश्रा के शहर में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। वे दहेज मुक्त झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार समाजिक न्याय आयोग के प्रदेश अध्यक्ष और रांची आकाशवाणी की उद्घोषिका हैं। उन्हें सुगौली के प्रसिद्ध व्यवसाईयों में चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स व व्यावसायिक संघ सुगौली के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, राज हीरो ऑटोमोबाइल,अफान टीवीएस और कैंपस, एक्विलाइट सहित अन्य एजेंसी के प्रोपराइटर मो. इरशादुल्लाह उर्फ राजा बाबू एवं मुन्ना आलम, पत्रकार शम्भु शरण प्रसाद, अमरुल आलम, कुंदन मिश्रा ने उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती मिश्रा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार के प्रत्येक आदमी को दहेज लेने और देने का बहिष्कार करना चाहिए। मानवता को प्रधानता देते हुए सभी का सम्मान करना चाहिए। तभी, हमारा समाज आगे बढेगा और लोगों के बीच प्रेम और भाईचारा की भावना बढ़ेगी। मौके पर डॉ. मीनू मिश्रा और अनिल कुमार मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चमवलिया में किसान चौपाल का आयोजन संपन्न

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** बगहा -2 प्रखंड अंतर्गत चमवलिया पंचायत में गुरुवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस कृषि विभाग के कर्मियों ने रवी व खरीफ फसलों की उन्नत तरीके से खेती के लिए उपस्थित किसानों को जागरूक किया।

इस दौरान किसानों से पराली नहीं जलाने की बात कही गई तथा पराली जलाने से होने वाले नुकसान को भी गंभीरता से समझाया गया। साथ ही मिट्टी जांच, जैविक खेती, मिश्रित खेती, वैकल्पिक खेती व पौधरोपण आदि के लिए भी प्रेरित किया गया। गेहूं के बीज प्राप्ति के इच्छुक किसानों को आवंटन के लिए चौपाल में ही ऑनलाइन आवेदन कर दिया गया। सरकार से मिलने वाली कृषि से सम्बंधित सभी सुविधाओं समेत प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना आदि की जानकारी भी दी गई। बीएओ राजकुमार, तकनीकी प्रबंधक शशांक नवल, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनील कुमार, पंचायत के किसान सलाहकार आदि ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुए इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की किसान से अपील किया।जलवायु परिवर्तन के कारण खेती पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव से निपटने के उपायों पर भी कृषि कर्मियों ने फोकस किया। बताया गया कि पारंपरिक खेती से उबरे बिना कृषि क्षेत्र लाभकारी नहीं बन पाएगा। इसीलिए सरकार ने उन्नत खेती के तरीकों के प्रति जागरूकता का यह अभियान चलाया है। किसानों ने इस आयोजन की सराहना की। इस कार्यक्रम मे पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित दर्जनों किसान पहुंचे हुए थे।

### बीडीओ ने सभी बीएलओ के साथ बैठक कर दिया मतदाता सूची पर दिशानिर्देश

**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** गुरुवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा एक रवि रंजन के अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ के साथ दो पालियों में बैठक की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आगामी चुनाव को लेकर निर्वाचन सूची के विशेष संक्षिप्त निरीक्षण पर बीएलओ के साथ चर्चा की। बैठक में मतदाता सूची में 18 वर्ष को पार कर चुके युवाओं के नाम वोटरों लिस्ट में जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा वंचित नहीं रहे इस पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा वैसे वोटर जिनका मतदाता सूची में नाम है परंतु वे तो वहां से पलायन कर चुके हैं तथा उनकी मृत्यु हो गई है, उसके लिए फॉर्म 7 को भरकर जमा करना है। नाम सुधार हेतु प्रपत्र 8 को भरकर जमा करना है। उन्होंने कहा कि महिला अनुपात पर सभी बीएलओ विशेष बल दे 18 वर्ष से उपर की एक भी युवती का नाम ना छुटे। अधिक जानकारी के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जानकारी प्राप्त ले सकते हैं।

### पोखरा में डूबने से एक बालक की मौत

**नोखा (रोहतास):** थाना क्षेत्र के धरमपुरा ओपी अंतर्गत मोजराढ़ गांव स्थित पोखरे में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक बालक गांव समीप पोखर के पास खेलने के दौरान गहरे पानी में चला गया। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक बालक मोजराढ़ गांव निवासी प्रमोद चौहान का दो वर्षीय पुत्र बताया जा रहा है। हालांकि लोगों की मदद से उसे पानी से निकाल नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए परिजनों ने भर्ती कराया था। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

# तेन्दुनी स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में 15वी वित्त योजना से नये छठ घाट का निर्माण

### छठ व्रतियों को होगी काफी सहूलियत

**राष्ट्रीय खबर**



**जगदीशपुर/भोजपुर :** प्रखंड के विचला जंगल महाल पंचायत के तेन्दुनी गांव में मां काली मंदिर प्रांगण के पास तालाब में 15वीं वित्त आयोग की राशि से बने सीढ़ीनुमा छठ घाट का गुरुवार को उत्सवी माहौल में उद्घाटन किया गया। एसडीएम संजीत कुमार व एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह सिंह ने मुखिया संजू देवी के साथ प्रखंड स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी में नवनिर्मित छठ घाट का लोकार्पण दीप प्रज्वलित, फीता काटकर और शिलापट्ट से पर्दा हटा कर किया। एसडीएम और एसडीपीओ ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ घाट का मुआयना कर उपलब्ध सुविधाओं से अवगत हुए। साथ ही सभी ने मां काली का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि छठ घाट का निर्माण होने से लोक आस्था का महापर्व छठ में छठ व्रतियों को काफी सहूलियत होगी। वहीं इसकी सौंदर्यता आम दिनों में भी लोगों को काफी सुकून दिलाएगा। बता दें कि तालाब के चारों ओर सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण हुआ है। साथ ही चारों ओर लाइट लगाकर तालाब सह छठ घाट का सुंदर रूप दिया गया है। तालाब के बीचों बीच अशोक स्तंभ लगाया गया है। सीढ़ीनुमा छठ घाट पर जल जीवन हरियाली का स्लोगन लिखकर पर्यावरण से संबंधित संदेश दिया गया है। मुखिया संजू देवी ने बताया कि पहले तालाब का स्थिति बहुत खराब था। सीढ़ीनुमा घाट नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों की मांग पर तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया। उन्होंने बताया कि महापर्व में छठ व्रतियों के लिए घाट पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुखिया ने एसडीएम व एसडीपीओ को शॉल ओढ़ाकर, तलवार भेंट कर जल जीवन हरियाली के प्रतीक पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ राजेश कुमार, बीपीआरओ अरुण कुमार, सीओ अजय कुमार और मनरेगा पीओ शिवनारायण लाल सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता मुखिया संजू देवी ने की और संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुशवाहा ने किया। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार, जेई अमित कुमार, लेखापाल सूरज कुमार, पंचायत सचिव नारायण राम और जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## आयोजन : सरकारी विद्यालयों में मनाया गया बाल दिवस

**राष्ट्रीय खबर**



**टेटिया बंबर / मुंगेर :** सरकार के निर्देश पर दीपावली एवं छठ पूजा की छुट्टी के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में, प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के एक विद्यालय खोलकर समारोह पूर्वक मनाई गई। जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भोगेंद्र कामती ने बताया कि शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग की ओर से प्रखंड क्षेत्र के टेटिया पंचायत के मध्य विद्यालय चंपाचक ,बनगामा पंचायत के मध्य विद्यालय बनगामा, भुना पंचायत के मध्य विद्यालय कलई, धौरी पंचायत के मध्य विद्यालय धौरी, बनहरा पंचायत के मध्य विद्यालय बनहरा, गंगटा पंचायत के मध्य विद्यालय गंगटामोड़ समेत विभिन्न विद्यालयों में देश के प्रथम प्रधानमंत्री की जयंती पर छुट्टी के बावजूद एक दिन विद्यालय खोलकर कार्यक्रम आयोजित की गई। जहां विद्यालयों में पंचायत सचिव एवं मुखिया के उपस्थिति में बच्चों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के तैलिए चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। वही मध्य विद्यालय चंपाचक में प्रधानाध्यापिका प्रतिभा कुमारी की अध्यक्षता में बालसभा का आयोजन किया गया। मध्य विद्यालय भूना में पंचायत सचिव आशुतोष कुमार एवं मुखिया अनिल तांती, बनगामा पंचायत में मुखिया निरंजन निषाद धौरी पंचायत के मध्य विद्यालय धौरी में मुखिया धर्मेंद्र बिन्द मध्य विद्यालय बनाहरा में मुखिया प्रतिनिधि अमरदीप सिंह की उपस्थिति में बाल सभा आयोजित की गई।

## प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बेतिया, प.च.:** छठ घाट पर अग्नि सुरक्षा के नियमों का ध्यान रखें। घाट के प्रत्येक 100 वर्ग मीटर स्थान पर अग्निशमन यंत्र अवश्य लगाएं, अर्घ स्थल से कम से कम 15 मीटर की दूरी पर पटाखे फोड़े उपर्युक्त बातें एस डीपीओ, सदर ने एलईडी के माध्यम से अग्नि सुरक्षा जन जागरुकता कार्यक्रम रथ को फायर सब स्टेशन में हरी झंडी दिखाने के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि यह प्रचार रथ अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर लोगों को जागरुक करेगा कि आग से कैसे सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर व्रतियों से दूर पटाखे फोड़े, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें किंतु फ्यूज सर्किट ब्रेकर अवश्य लगाएं, पूजा करते समय अगरबत्ती सावधानी से सुरक्षित स्थान पर जलाएं। इस अवसर पर गणेश शंकर विद्यार्थी, प्रभारी अग्निशामालय पदाधिकारी एवं राहुल कुमार, नीतेश कुमार व विभाग के कई कर्मी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# छठ पूजा को लेकर अलर्ट मोड पर प्रशासन, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## नगर के कुल 21 घाटों में 8 संवेदनशील, सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** छठ पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। प्रशासन किसी प्रकार की चुक न हो इसके मद्देनजर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नजर बनाए हुए हैं। गुरुवार की शाम जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बगहा पहुंचकर दीनदयाल नगर, शास्त्री नगर व कैलाश नगर आदि छठ घाटों के विधि व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए स्थानीय प्रशासन को जरुरी दिशानिर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ बगहा छठ घाटों पर डीएम के साथ बगहा एसपी किरण कुमार गोरख जाधव, बगहा एसडीएम डा. अनुपमा सिंह, एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, नगर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार, बगहा एक सीओ अभिषेक आंनद, बगहा एक बीडीओ रवि रंजन, नगर कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार, जदयू प्रवक्ता राकेश सिंह, उप चैयरमैन प्रतिनिधि रवि गुप्ता सहित तमाम समाजसेवी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने पूजा समितियां के अध्यक्षों सहित स्थानीय प्रशासन को भी कई दिशानिर्देश दिया तथा शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की बात कही। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गंडक नदी में छठ घाट के सामने कम से कम आधा दर्जन नावों की व्यवस्था मौजूद रहे तथा पूजा समिति के सदस्य ध्यान रखें कि बच्चे पानी में नहीं उतरे।

उधर बुधवार के दिन बगहा नगर परिषद के दर्जनों घाटों का निरीक्षण एसडीपीओ व नगर के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा घाटों पर पहुंच कर किया गया। एसडीपीओ कुमार देवेंद्र व कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि बगहा शहर में गंडक नदी के तट पर कुल 19 सहित शहर में कुल 21 छठ घाट बनाए गए हैं। जिसमें नगर प्रशासन की ओर से आठ घाटों को संवेदनशील घाट के रूप में चिन्हित किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि चिन्हित संवेदनशील छठ घाट पर एसडीआरएफ, स्थानीय गोताखोर सहित सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे। संवेदनशील सभी घाटों पर नदी की गहराई काफी अधिक है। ऐसे में वहां सुरक्षा मानकों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। नदी की गहराई को देखते हुए इन घाटों पर नदी की बारकेंटिंग की जा रही है। साथ ही नदी के किनारे क्यारी बनाकर पानी रखा जा रहा है। जहां छठब्रती डूबते व उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगे। छठ घाट पर सुरक्षा मानकों को देखते हुए स्थानीय गोताखोरों की तैनाती की गई है। साथ ही साथ नदी में नाव के परिचालन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। साथ ही साथ पूजा समितियां के साथ मिलकर छठ तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सभी छठ घाट पर नगर प्रशासन की ओर से लाइटिंग की पूरी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही साथ घाटों पर व्यवस्था को लेकर स्थानीय पूजा समितियां से भी तैयारियों का जाया जा रहा है। इसके अलावा छठव्रतियों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई इसको लेकर पहुंच पथ भी तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर बगहा-दो सीओ दीपक कुमार आदि मौजूद रहें।

## नगर निगम बेतिया वार्ड 38 के पार्षद ने छठ घाट की सफाई कराया

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प.चं.:** बिहार के लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर सर्वत्र घाटों की सफाई का कार्य प्रारम्भ है । शासन और प्रशासन छठ घाटों की सफाई व्यवस्था करा रहे हैं। अलबत्ता कई स्थान पर छठ घाटों की सफाई को लेकर क्षेत्रीय पार्षद, विधायक व सांसद कृत संकल्पित है। बरवत सेना में नवनीत कुमार, पार्षद वार्ड नंबर 38 ने छठ घाट के सफाई कराया। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर व्रतियों, श्रद्धालु भक्तजनों के लिए घाट सफाई के लिए पहल की जा रही है। जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि वार्ड अंतर्गत के सभी छठ घाटों की सफाई कराई जा रही है।

## रक्तदान के साथ बीणा भवानी ब्लड सेंटर का शुभारंभ, कई समाजसेवी उपस्थित

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** बीणा भवानी ब्लड सेंटर का शुभारंभ सह विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मां जानकी हास्पिटल बैरिया गोलंबर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मां जानकी हास्पिटल के संस्थापक डॉ. धीरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं संस्था के संस्थापक धर्मेन्द्र कुमार एवं वैशाली ब्लड लाइन परिवार के डॉ संदीप कुमार सागर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। वहीं कार्यक्रम में लगभग दर्जनों व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया बताते चलें कि मुजफ्फरपुर का सबसे बड़ा और सभी उपकरणों से सुसज्जित ब्लड बैंक का स्थापना किया गया है। मुख्य अतिथि डॉ धीरेन्द्र ने कहा कि अब किसी भी व्यक्ति को ब्लड की आवश्यकता है। कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम में आए वैशाली ब्लड लाइन के संस्थापक डॉ संदीप कुमार सागर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, जो अन्न दे वह अन्नदाता, जो धन्न दें वह धन्नदाता, जो विधा दें वह विद्यादाता, पर जो रक्त दें वह जीवनदाता। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्तदान करने वाले एवं बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं पत्रकार, उनका योगदान सर्वोपरि : डॉ. मनीष

राष्ट्रीय खबर



**बिक्रमगंज (रोहतास) :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा के भावी प्रत्याशी डॉ. मनीष रंजन ने देश के लोकतंत्र के सजग प्रहरी स्वरूप सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता डॉ. मनीष ने बताया कि किसी भी देश के चार मजबूत स्तंभ होते हैं, अगर ये चारो स्तंभ अपनी जिम्मेदारी को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करते है तो वह देश सफलता की नई शिखर पर पहुंच जाता है। जो चार स्तंभों में मीडिया का सबसे अहम योगदान होता है। जिसके कारण मीडिया की जिम्मेदारी आज काफी बढ़ गई है। जहां राष्ट्रीय प्रेस दिवस इनकी जिम्मेदारी का ऐहसास दिलाता है। वहीं भारत एक लोकतंत्र के चौथे स्तंभ स्वरूप पत्रकारिता का देश माना जाता है। क्योंकि भारत में प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से सुनिश्चित मानी गई है। ज्ञात हो कि भारत में प्रेस परिषद के औपचारिक कामकाज की शुरूआत 16 नवंबर 1966 ई० को हुई थी। उसी समयकाल से 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में इसे मान्यता दी गई। जिसे हर वर्ष इसी तिथि के दिन देश में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। जिसे मानने का मुख्य देश में मीडिया की आजादी के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है।

## कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में रेडियल गेट की नीलामी प्रक्रिया शुरू

बगहा : रेडियल गेट के नीलामी की प्रक्रिया मुख्य पश्चिमी नहर के कार्यपालक अभियंता अभय कुमार चंदन की अध्यक्षता में खुली नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने खुली नीलामी में भाग लिए।इस बावत पूछे जाने पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि वाल्मीकिनगर स्थित जल संसाधन विभाग के एमडब्लूसी मुख्य पश्चिमी नहर डिवीजन के द्वारा गुरुवार को सबडिवीजन सूरजपुरा के गोदाम के नजदीक विभागीय आदेश के आलोक में खुली नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। समाचार प्रेषण तक नीलामी की प्रक्रिया जारी है।इस अवसर पर सूरज कुमार, लड्डू शर्मा, मनीष तिवारी,अनवर अली, भोलू श्रीवास्तव समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि के नेतृत्व में परसौनी छठ घाट की साफ-सफाई शुरू

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/पिपरासी :** प्रखंड स्थित गंडक नदी के पावन तट के पास परसौनी छठ घाट की साफ सफाई व रास्ते का मरम्मत कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि विवेक यदुवंशी के नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों युवाओं द्वारा किया गया। सरपंच दिनेश्वर तिवारी ने बताया कि गांव के युवा ग्रामीण अपना ट्रैक्टर , लोडर और स्वयं कुदाल उठाकर छठ घाट का रास्ता श्रद्धालुओं को आने-जाने के लिए बनाई गई। लोक आस्था का महापर्व परसौनी छठ घाट पर ग्रामीण पूजा अर्चना करते हैं। रोशनी की भी व्यवस्था किया जाएगा। बतादे कि इस छठ घाट की साफ सफाई पिपरासी के दिवंगत पूर्व प्रमुख यशवंत नारायण यादव के सहयोग से होता था। और अब उनके पुत्र विवेक के द्वारा यह कार्य कराई जा रही है। ग्रामीण युवा जटाशंकर यादव, जितेंद्र यादव,छोटे शर्मा, विजयकांत गुप्ता, दिग्विजय यादव, अशोक यादव, ध्रुव यादव, भूपेंद्र यादव, राजदेव राम, लव कुमार, प्रदीप साहनी, ग्रीजेश यादव, आदि ने छठ घाट के रास्ते का सफाई व मरम्मत किया गया।

## नगर निगम बेतिया वार्ड 38 के पार्षद ने छठ घाट की सफाई कराया

**बेतिया, प.चं.:** बिहार के लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर सर्वत्र घाटों की सफाई का कार्य प्रारम्भ है । शासन और प्रशासन छठ घाटों की सफाई व्यवस्था करा रहे हैं। अलबत्ता कई स्थान पर छठ घाटों की सफाई को लेकर क्षेत्रीय पार्षद, विधायक व सांसद कृत संकल्पित है। बरवत सेना में नवनीत कुमार, पार्षद वार्ड नंबर 38 ने छठ घाट के सफाई कराया। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर व्रतियों, श्रद्धालु भक्तजनों के लिए घाट सफाई के लिए पहल की जा रही है। जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि वार्ड अंतर्गत के सभी छठ घाटों की सफाई कराई जा रही है।

## ईओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**चेनारी (रोहतास) :** नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार ने नगर पंचायत के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में घाटों की सफाई और घाटों पर व्रतियों के लिए बनी सीढ़ियों का जायजा लिया। साथ ही निर्देश देते हुए कहा की सभी घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी जल्द की जायेगी। जिससे छठ महापर्व के दिन घाट तक आने-जाने में किसी को परेशानी न झेलनी पड़ी। इस मौके पर वार्ड पार्षद-संतोष कुमार, देश बहादुर तिवारी,परवेज अहमद, प्रतिनिधि अमित कुमार रंजन, राजद प्रखंड अध्यक्ष धनंजय मिश्रा, वार्ड पार्षद मुन्ना पांडे, प्रतनिधि लल्लू यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## फर्जी रुप से वन पोषकों को किए गए भुगतान की होगी जांच

**बगहा/पिपरासी :** प्रखंड के एक पंचायत में मनरेगा योजना में वन पोषकों को फर्जी रूप से भुगतान मुखिया द्वारा किया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा मनरेगा पदाधिकारी से किया गया है। जब पौधे नहीं लगे तो फिर वन पोशाक का भुगतान किस परिस्थिति में किया गया । अगर पौधे लगे हैं तो उसकी रखरखाव वन पोषक के द्वारा क्यों नहीं किया गया है। इन सभी तथ्यों की जांच मनरेगा पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा। प्रखंड मनरेगा पदाधिकारी शीलभूषण ने बताया कि सूचना मिली है। फर्जी रूप से भुगतान की जांच कर कार्रवाई किया जाएगा।

## छठ पर्व की तैयारी में जुटे श्रद्धालु, साफ सफाई व रंग-रोगन कार्य अंतिम चरण में

राष्ट्रीय खबर



**बगहा प.च. :** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बगहा अनुमंडल क्षेत्र के बगहा, रामनगर, पिपरासी, मधुबनी, भीतहा तथा ठकरहा प्रखंड क्षेत्र में छठ घाटों की साफ सफाई रंग रोगन व पूजा पंडाल लगाने की तैयारी जोरों पर है। इसी दौरान बड़गांव तिरहुत नहर के टेंगरहा पूल के समीप छठ घाट पर 24 घन्टे अष्टयाम करने की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान बड़गांव के अनिल सिंह, अनिल तिवारी, गुड्डू सिंह, टुनटुन सिंह,उप मुखिया भूलन साह, उमेश मिश्र,आदि पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष छठ पूजा बड़ी धूमधाम से मनाने की प्रक्रिया पूरी हो रही है। साथ ही छोटकीपट्टी बड़गांव के हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु भक्तों की लोक आस्था की महापर्व छठव्रती छठ घाट पर अष्टयाम अनुष्ठान में 24 घन्टे रामधुन की श्रवण की लाभ उठायेंगी। सुरक्षा के लिहाज में सड़क पर यातायात व्यवस्था को कायम रखने के लिए पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही बड़गांव चौक से लेकर नहर छठ घाट तक लाइट की दुधिया रोशनी की समुचित व्यवस्था की गई है। जिसमें छठव्रतियों को कोई परेशानी नहीं हो सके। वही छठव्रतियों के साथ अन्य गणमान्यों के लिए शुद्ध शाकाहारी नास्ता एवं भोजन की उत्तम प्रबंध है।

## धूमधाम से संपन्न हुआ चित्रगुप्त महाराज का पूजा



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी पू. च.:** स्थित चिलवानिया मुहाल्ला है जहां चित्रगुप्त महाराज का पूजा किया गया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को चित्रगुप्त महाराज का पूजा करने का विधान है। कहा जाता चित्रगुप्त महाराज का पूजा करने से व्यापार में सफलता प्राप्त होती। कायस्थ समाज में चित्रगुप्त महाराज को एक आराध्य देवता के रूप में पूजा जाता है। इसे यम द्वितीया के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर इसमें उपस्थित बबिता श्रीवास्तव,वंदना श्रीवास्तव, छोटी कुमारी, सानिया कुमारी और चित्रांश परिवार मौजूद रहे।

## एसडीएम ने चार विकास मित्रों को सौंपा नियुक्ति पत्र



राष्ट्रीय खबर

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में चार विकास मित्रों को चयन पत्र देते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बातें कहीं। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल ने बताया कि जिला से मिले निर्देश के आलोक में दिनारा प्रखंड के भडसरा पंचायत, नगर परिषद बिक्रमगंज और नगर पंचायत कोआथ में विकास मित्र की नियुक्ति हेतु स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करते हुए आवेदन पत्र प्राप्त किया गया था। जिसके आलोक में इच्छुक आवेदको के द्वारा प्रखंड और नगर में आवेदन किया गया था। प्राप्त आवेदन के आधार पर संबंधित नगर और प्रखंड मुख्यालय में औपबंधिक मेघा सूची प्रकाशित किया गया था। जिसके उपरांत दावा आपत्ति का भी मांग से संबंधित सूचना निकाली गई थी। जिसमें कुल 8 आपत्ति प्राप्त हुई थी। प्राप्त दावा आपत्ति निष्पादन के पश्चात अनुमंडल स्तर से अंतिम मेघा सूची प्रकाशित किया गया। जिसमें मेघा सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले दिनारा प्रखंड से दीपक कुमार, पिता बीरेंद्र कुमार को 87.16 प्रतिशत, नगर पंचायत कोआथ से सूरज प्रकाश कुमार, पिता विनोद कुमार 72.60 प्रतिशत और नगर परिषद बिक्रमगंज वार्ड 6 से ज्योति श्री, पिता सोनू कुमार,72.2 प्रतिशत, वार्ड संख्या 9 से कुमार विश्वजीत, पिता अजीत प्रसाद को 81.7 प्रतिशत के आधार पर चयन किया गया है। चयनित सभी उम्मीदवारों को एसडीएम ने नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया।

# कृषि कार्यालय : 12 बजे देर नहीं और तीन बजे भेंट नहीं...

## तीन बजे ही बंद हुआ कार्यालय, बैरंग लौटे किसान

### जानकारी ली जा रही है, लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी : कुमुद कुमार

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/भितहा :** प्रखंड कृषि कार्यालय में तैनात कर्मियों की लगातार मनमानी का शिकार स्थानीय किसान हो रहे हैं। कार्यालय का टाइम टेबल अनिश्चित होने के कारण किसान बीज लेने के लिए लगातार कार्यालय का चक्कर लगाते रहते हैं। कुलमिलाकर 12 बजे देर नहीं और तीन बजे भेंट नहीं के तर्ज पर यह कार्यालय संचालित किया जा रहा है।

गेहूं सहित अन्य दाल-दलहन की खेती के समय में कृषि कर्मियों के लापरवाही से किसानों में आक्रोश ब्याप्त है। बीज हेतु किसान प्रतिदिन कृषि कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। वही कर्मियों द्वारा मनमानी ढंग से कार्यालय खोला एवं बंद कर दिया जा रहा है। गुरुवार को प्रखंड कृषि कार्यालय पर बीज और खाद्य के लिए पहुचे आधा दर्जन से अधिक किसान कार्यालय में ताला बंद देख कर वापस चले गए। वही मौके पर मौजूद प्रखंड के भुईंधरवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मजहर आलम ने बताया कि कृषि कार्यालय में तैनात कृषि सलाहकार एवं अन्य संबंधित अधिकारी मनमानी ढंग से बीज का वितरण कर रहे है। कार्यालय बंद होने और खुलने का कोई समय सीमा निर्धारित नही है। उन्होंने बताया कि उनके पंचायत के आधा दर्जन से अधिक किसान बीज के लिए ई किसान भवन में पहुचे थे। लेकिन किसानों को वहां के कृषि कर्मियों द्वारा बीज उपलब्ध नही कराया गया। जिन किसानों को तत्काल गेंहू की बुआई करनी है उनको बीज नही दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान सलाहकार अपने चहेते किसानों को बीज दे रहे है। जब कुछ किसानों द्वारा इसका विरोध किया गया तो तीन बजे से पहले ही अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक कार्यालय में ताला बंद कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि इसकी लिखित सूचना जिला कृषि पदाधिकारो को दिया जाएगा। एक तरफ सरकार किसानों की उत्थान के लिए तरह तरह की योजना चला रही है। वही भितहा कृषि कार्यालय में तैनात कर्मियों की मनमानी रवैया को लेकर किसानों में आक्रोश है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार ने बताया कि कृषि पदाधिकारी से इस मामले में जानकारी ली जा रही है। किसी भी कर्मी की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## सबजूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम का 26 को मुंगेर में होगा चयन

**मुंगेर :** कर्नाटक में आयोजित होने वाले 33 वीं सब जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप -2023 में भाग लेने के लिए बिहार स्टेट सब जूनियर बालक एवं बालिका टीम का सेलेक्शन ट्रायल खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के द्वारा 26 नवंबर को इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में सुबह 8 बजे से मुंगेर जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाएगी। ये जानकारी खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने दी। उन्होंने बताया कि इस ओपेन सेलेक्शन ट्रायल के आधार पर बिहार स्टेट सब जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ी का चयन किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्मतिथि 17 दिसंबर तक 14 साल से नीचे होना आवश्यक है।

## संपादकीय

# पत्रकारों का स्रोत जानने की साजिश

सरकार नये नियम लागू कर रही है। इसका असली मकसद किसी भी सरकार विरोधी सूचना के स्रोत का पता लगाना है। इसके पहले भी कई अवसरों पर ऐसा देखा गया है कि सरकारी सोच के विपरित सूचनाओं को प्रसारित करने वाले पत्रकारों को प्रताड़ना और झूठे मुकदमे का सामना करना पड़ा है। असहमति को स्वीकार करने के लोकतांत्रिक तरीके को बदलने की यह कोशिश दरअसल देश को तानाशाही की तरफ ले जाने का प्रयास है। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि स्वायत्त संस्थानों को अपनी मुट्ठी मां करने के बाद सरकार की आंखों में चंद पत्रकार और न्यायपालिका ही खटक रही है। इस बीच मीडिया पेशेवरों के डिजिटल उपकरणों को जब्त करने के संबंध में उनके हितों की रक्षा के लिए दिशानिर्देश तैयार करने के लिए केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश समय पर उठाया गया पहला कदम है। पत्रकारों के खिलाफ हाल की कार्रवाइयों, जिनके लैपटॉप और स्मार्टफोन जब्त किए गए और तलाशी ली गई, ने न केवल व्यापक मीडिया बिरादरी को बल्कि



व्हिसल-ब्लोअर और पत्रकारों से बात करने वाले अन्य लोगों को भी इस शर्त पर एक डरावना संदेश भेजा है कि उनकी पहचान उजागर नहीं की जाएगी। यदि किसी पत्रकार के संचार उपकरणों को जब्त किया जा सकता है और आरोपों के आधार पर उनके डेटा की जांच की जा सकती है, तो यह स्रोतों से समझौता करता है और समाचार पेशेवरों की अपना काम करने की क्षमता में बाधा डालता है। इस तरह, यह प्रेस की स्वतंत्रता पर आघात करता है और पत्रकारों की आजीविका के अधिकार पर भी प्रहार करता है, क्योंकि डिजिटल उपकरण पेशे के महत्वपूर्ण उपकरण बन गए हैं। इसमें दिशानिदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को पूर्व न्यायिक वारंट के बिना उपकरणों को जब्त करने या तलाशी लेने की अनुमति नहीं है, जिसमें असीमित मछली पकड़ने के अभियान को अधिकृत करने के बजाय स्पष्ट रूप से वह जानकारी दी गई है जो एजेंसी खोजने की उम्मीद करती है। पत्रकारों को पासकोड या बायोमेट्रिक डेटा प्रदान करने के लिए मजबूर करके खुद को या अपने स्रोतों को दोषी ठहराने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। दिशानिर्देशों में उपकरणों और डेटा की सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल शामिल होने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह लीक या छेड़छाड़ नहीं किया गया है, या तीसरे पक्ष को नहीं दिया गया है, और जांच के लिए अप्रासंगिक डेटा को समय पर हटा दिया गया है। तकनीकी हस्तक्षेप एक उपकरण की क्लोनिंग की अनुमति देता है, जिससे पत्रकारों को अपना काम जारी रखने की अनुमति मिलती है और उन्हें अनिर्दिष्ट अवधि के लिए अपने स्वयं के डेटा से वंचित नहीं होना पड़ता है। इसी तरह, जब्ती के समय डिवाइस का रिकॉर्ड बनाना महत्वपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जांच प्रक्रिया के दौरान उस पर आपत्तिजनक सामग्री नहीं लगाई गई है। न्यायालय ने अतिरिक्त सॉलिसिटर-जनरल को दिए अपने निर्देश में हितों के संतुलन की आवश्यकता का संकेत दिया। इस प्रकार, दिशानिर्देशों को पारदर्शी तरीके से तैयार किया जाना चाहिए और इसमें सार्वजनिक परामर्श शामिल होना चाहिए। न्यायालय ने इस तथ्य का उल्लेख किया कि गोपनीयता को स्वयं एक मौलिक अधिकार माना गया है, यह दशार्ता है कि यह उन सभी नागरिकों से जुड़ा मुद्दा है, जिनका पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन तेजी से एक कमजोर हाथ से पकड़े जाने वाले उपकरण में समाहित हो गया है। मीडिया पेशेवरों के लिए इन दिशानिर्देशों से परे, इन नई डिजिटल वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा खोज और जब्ती की अनुमति देने वाले कानूनों को अद्यतन करने की आवश्यकता है। दूसरी तरफ इस पर भी विचार होना चाहिए कि अपराधियों, नक्सलियों और राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ निगरानी के लिए अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों का इस्तेमाल क्यों गलत तरीके से हो रहा है। इसमें पेगासूस का मामला ज्वलंत उदाहरण है। अपने विरोध में उठने वाले स्वरों को दबाने के लिए जो कुछ किया जाता है, उसे जड़ से मिटाने के लिए ही ऐसे उपकरणों को सरकारें धड़ल्ले से कर रही हैं। इससे अंततः लोकतंत्र के प्रभावित होने के साथ साथ पत्रकारों को सूचना संबंधी स्रोत भी घटते जा रहे हैं। कोई भी पत्रकारों को वह सारी जानकारी नहीं देना चाहता जो सरकार को नाराज करे अथवा पत्रकार की गिरफ्तारी के बाद उसकी आंच उस तक आये। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अलावा इस पर सामाजिक प्रयास की आवश्यकता है कि सरकार ने जिस मकसद से ऐसे उपकरणों का इस्तेमाल प्रारंभ किया है, वह वहीं तक सीमित रहे। दरअसल इसमें देश की अफसरशाही की भी बड़ी भूमिका है। वहां जो महाभारत परोक्ष तौर पर चलता है वह प्रोन्नति से जुड़ा हुआ है। देश के इस नवसामंत वर्ग के बहुमत को दरअसल देश की जनता से कोई लेना देना अब नहीं रहा। ऐसे में वे सिर्फ अपने फायदे की सोचकर ही नियम कानून बना रहे हैं।

# चिंताजनक है अखबारों और लेखकों की स्थिति

समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है- वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं। इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है। यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता।



डॉ सत्यवान सौरभ
साहित्यकार

समाज में जागरूकता लाने में अखबारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह भूमिका किसी एक देश अथवा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, विश्व के तमाम प्रगतिशील विचारों वाले देशों में समाचार पत्रों की महती भूमिका से कोई इंकार नहीं कर सकता। मीडिया में और विशेष तौर पर प्रिंट मीडिया में जनमत बनाने की अद्भुत शक्ति होती है। नीति निर्धारण में जनता की राय जानने में और नीति निर्धारकों तक जनता की बात पहुंचाने में समाचारपत्र एक सेतु की तरह काम करते हैं। भारत में समाचार पत्रों द्वारा परोसी जाने वाली परंपरागत पत्रकारिता ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वो चाहे अंग्रेजी भाषा का पहला समाचार पत्र- जेम्स हिकी द्वारा 1779 में प्रकाशित बंगाल गजट हो या 19वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में भारतीय भाषाओं में छपना शुरू हुए समाचार पत्र हों।

सरकारी पाबंदी, आर्थिक मंदी और टेलीविजन के विस्तार ने समाचार पत्र उद्योग को पहले भी झकझोरा था, लेकिन इससे पहले कभी यह सवाल नहीं पूछा गया कि भारत में प्रिंट मीडिया जिंदा रहेगा या नहीं। लेकिन आज समाचार पत्र और यहां तक कि लेखकों को भी अस्तित्व बचाने के लिए गूगल व फेसबुक को मात देना होगा। बदहाल होती स्थिति पर सवाल यह है, वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक है न्यूज कैरियर की बढ़ोत्तरी- गूगल, फेसबुक और बाकी दूसरे। एक तरफ वे किसी अन्य द्वारा उत्पादित समाचार ले लेते हैं और दूसरी तरफ वे समाचार पत्रों की आजीविका-राजस्व को हड़प लेते हैं।

इनसे ज्यादा बदतर स्थिति में अखबारों के लिए लिखने वाले लेखक है जो आए दिन पूरी मेहनत करते है लेकिन मेहनताना देखे तो समुंदर में मोती मिल जाए मगर लेखकीय सहयोग नहीं। कारण इंटरनेट पर सामग्री की भरमार के फलस्वरूप अखबार कहीं से भी कुछ उठाते है और चस्पा कर देते है। ऐसे में न लेखक की जरूरत और न ही लेखकीय सहयोग का झंझट। इसी के चलते पत्रकारिता आज शातिर दिमाग वालों के लिए धंधा बन गई है जो पच्चास सौ कॉपी छपवाते है या डिजिटल एडिशन निकालते है और बदले में विज्ञापनों से पैसा बनाते है यहीं नहीं ऐसे लोग लेखकों को लेखकीय सहयोग देने की बजाय लेखकों से लेख छपवाने के लिए पैसे की मांग भी करते है। शर्मसार है ऐसे में पत्रकारिता।

यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि अपने स्वरूप के कारण, जो फिक्स है, समाचार पत्र अभी भी भरोसेमंद हैं। एक अखबार पूर्ण है। यह अंतिम रूप से तैयार है, अपने आप में पक्का है, निश्चित है। इसके उलट डिजिटल समाचार को लगातार अपडेट किया जाता है, सुधारा जाता है, बदला जाता है। यह ह्वपूर्णताह्व अखबारों की ताकत है। एक बार कुछ छप जाने के बाद, इसे टेलीविजन या डिजिटल प्लेटफॉर्म की तरह बदला नहीं जा सकता है। लेकिन इस नियत प्रारूप के लिए चुनौतियां बढ़ रही हैं। एक बड़ी दुविधा यह है कि क्या भारतीय पाठक गुणवत्तापूर्ण सामग्री के लिए भुगतान करने में रुचि रखते हैं, जबकि मुफ्त सामग्री हर जगह उपलब्ध है? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है।

पाठक भुगतान नहीं करते तो परिणामस्वरूप अखबार भी अपने लेखकों से भुगतान के नाम पर कन्नी काट रहें है। लेकिन अगर लेखक ही नहीं रहें तो अखबार मर ही जायेंगे। इसलिए अखबारों की जिम्मेवारी बनती है कि वो लेखकों को जिंदा रखे। अखबारों के साथ एक बात यह भी सोचने की है, लेखकों की आर्थिक स्थिति कैसी है ? मुझे ज्यादा पता नहीं है, पर कुछ बड़े लेखकों-पत्रकारों को





छोड़ दें तो सिर्फ लिखकर अपने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल है । दो लाख रुपये एक मुश्त देखना तो सपना ही है । क्यूँ कोई लेखक इतने रुपये एक साथ देख भाव विह्वल हो जाता है ?

समाचार पत्र की सबसे बड़ी पूंजी इसका बुनियादी ढांचा है, जो इसकी समस्या भी है। यह बहुत बड़ा है, क्योंकि उद्योग बड़ी संपादकीय टीम, प्रिंटिंग प्रेस, सकुर्लेशन और मार्केटिंग नेटवर्क के कारण बड़ी संख्या में मानव श्रम पर निर्भर है। अधिकांश समाचार पत्र उत्पादन की लागत पर अपने राजस्व से सब्सिडी देते हैं। सकुर्लेशन दिनोंदिन कम हो रहा है क्योंकि सरकार की ओर से कोई समर्थन हासिल नहीं है। यही कहानी लगभग सभी अखबारों की है। फंड की कमी के कारण ये बंद होते जा रहे हैं। अखबार अभी तक केवल इनको चलाने वालों की प्रतिब्धता के कारण ही जीवित हैं।

समाचार पत्र या गंभीर समाचार उद्योग अब सिर्फ एक काम समाचार-संग्रह- करता नहीं रह सकता है- उसे डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतर समझ के साथ तकनीक को अपनाने से लेकर छोटे-छोटे संस्थानों और व्यक्तियों के संग काम करना, लेखकों को उचित पारिश्रमिक देकर कई फॉर्मेट में स्टोरी को पेश करने से लेकर नए तरीके की मार्केटिंग रणनीति का पता लगाना होगा। उम्मीद है, समाचार पत्र इन हकीकतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

अंत में, व्यक्तिगत रूप से संचालित वीडियो ब्लॉग, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मैसेजिंग ग्रुप और एप्लिकेशन भी बड़ा आकर्षण रखते हैं, साथ ही अखबारों के पोर्टल से ट्रैफि क को दूर ले जा रहे हैं क्योंकि उपभोक्ता समझ रहे हैं कि सोशल मीडिया पर उनके संदेश तेजी से असर कर सकते हैं। इस तरह स्वाभाविक रूप से उपभोक्ता दुनिया भर में परंपरागत मीडिया से दूर जा रहे हैं। गंभीर समाचार उद्योग उच्च गुणवत्तापूर्ण सामग्री पेश करके अभी भी जीवित रह सकता है, क्योंकि इसमें अभी भी पुराने दौर के ठोस संपादकों की निगरानी में एक दमदार रिपोटिंग टीम है, जो तकनीक की विरोधी नहीं है और तेजतर्रार नई पीढ़ी के साथ काम करने को तैयार है।

# पुरुष संवेदनशीलता के बिना महिला सशक्तिकरण अधूरा

**प्रियंका सौरभ**

यह कहना कि केवल महिलाएं ही इस मानसिकता की शिकार हैं, आधा सच होगा। हाल के दिनों में, पुरुषों पर पितृसत्ता के प्रभाव के संबंध में अधिक जागरूकता उत्पन्न हुई है, विशेष रूप से अनुचित मांग को देखते हुए जिसे उन्हें पूरा करना होता है। प्राचीन काल से, हमारी अधिकांश कहानियाँ एक मजबूत और गुणी व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं, जो दुनिया पर शासन करने के योग्य है और उसे बिना आंसू बहाए इसके लिए लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसी कहानियों ने मनुष्य पर मर्दानगी के बहुत ऊँचे, फिर भी बहुत जहरीले मानक स्थापित कर दिए हैं। बहुत छोटी उम्र से, ये अप्राकृतिक अपेक्षाएं और नायक परिसर एक प्रभावशाली बच्चे के मनोविज्ञान को आकार देना शुरू कर देते हैं, वे जिस भी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, उसमें उन्हें अग्रणी बनना होता है। उन्हें केवल मदार्ना भावनाओं, शक्ति, क्रोध, जुनून को महसूस करने की अनुमति है और प्यार, करुणा, पोषण आदि जैसी स्त्री भावनाओं को जगह नहीं देनी चाहिए। मान लीजिए कि किसी पिछली सदी का कोई व्यक्ति आज हमारे समय में आता है। जब वे महिलाओं को विमान, कार, बस आदि चलाते हुए देखेंगे तो उन्हें कैसा झटका लगेगा। उनकी भ्रम की स्थिति की कल्पना करें जब उन्हें पता चलता है कि भारत में एक तिहाई गांवों का नेतृत्व महिला सरपंचों द्वारा किया जाता है, जबकि पुरुष घर पर बूढ़े माता-पिता या अन्य घरेलू कामों की देखभाल कर सकते हैं। आज हमारे लिए यह सब रोजमर्रा की बात लग सकती है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसके पास लिंग-आधारित बहुत कठोर और सख्त विचार हैं, लिंग-आधारित मानदंडों में रहते हैं और विश्वास करते हैं और समाज को पितृसत्ता के चश्मे से देखते हैं, महिलाओं को अपनी शादियों में दखल देने और अन्य लिंगों के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता से उनको अधिक झटका लगेगा। लैंगिक भूमिकाएँ और अपेक्षाएँ सदियों से समाज में व्याप्त हैं। लड़कियों से आज्ञाकारी, विनम्र और पोषण करने वाली होने की उम्मीद की जाती है, जबकि लड़कों से मजबूत, दृढ़ और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद की जाती है। ये अपेक्षाएं अक्सर प्रतिबंधों और मांगों के साथ आती हैं जो दोनों लिंगों के लिए समान रूप से हानिकारक हो सकती हैं। समस्या केवल यह नहीं है कि पितृसत्ता और लिंग-आधारित अलगाव आज भी बहुत प्रचलित है, बल्कि मुद्दा यह भी है कि यह जानने के बावजूद यह लगातार फल-फूल रहा है। यदि यह एक महिला को अनुचित और अतार्किक प्रतिबंधों से विकलांग बनाता है, तो यह पुरुष को अत्यधिक और अप्राकृतिक अपेक्षाओं से विकलांग बनाता है।

## साहित्य

# सनातन वैदिक संस्कृति और साहित्य वर्तमान परिपेक्ष्य में सार्थक



संजीव ठाकुर
स्तंभकार

साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना है' शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस मैं संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती है' राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान है' यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को ₹जीवन की आलोचना₹ भी कहा है।

> **संस्कृति साहित्य पर समय और काल पर अवलंबित होती है। साहित्य और संस्कृति दूसरे एक दूसरे के निश्चित तौर पर पूरक हैं। वर्तमान संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक भी। आशा करते हैं कि हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर बहुत ही शीघ्र अपना परचम स्थापित करेगा।**

साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अवार्चीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं। इस जीवन की आपाधापी में जहां निराशा कुंठा और समाजिक अंधविश्वास का भ्रम फैला है। वहां आशावादी दृष्टिकोण साहित्य के दायित्व को और गहरा बनाता है। इन दोनों बातों के समाधान के लिए जयशंकर प्रसाद की चंद पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक होगी कि 'जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद। साहित्य की पूर्णता के लिए यथार्थवाद और आशावाद दोनों का समन्वित रूप होना चाहिए', वास्तव में संस्कृति साहित्य के लिए एक प्रेरणा है ।

## जानकारी

# भारत और एशियाई देशों के नेतृत्व में विश्व रचना की नई पहल

**प्रो.पुष्पित अवस्थी**

सम्पूर्ण एशिया वंदनीय है। श्रमजीवी मानव समाज से समृद्ध है। खेती और प्रकृति जीवन की मूल शक्ति है।गत कुछ वर्षो से जब से यूरोप में आर्थिक तंगी ,कोरोना और उसके बाद सत्ता शाहियो के पद मद से युद्धों की राजनीति ने अंगड़ाई ली है। एशिया महाद्वीप की सांस्कृतिक और प्राकृतिक शक्तियां मनुष्यता की पक्षधर होकर सामने प्रकट हो रही हैं।

यूरोपीय देश, इस समय युद्ध के चक्रव्यूह में इस तरह से ग्रस्त है कि राजनीति, आर्थिक और सांस्कृतिक स्तर पर इनकी छवि दिन ब दिन क्षत विक्षत होती नजर आ रही है। अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के द्वारा सारे बौद्धिक योगासन और समझोतो निमित्त शीर्ष आसन करने के बावजूद रूस और यूक्रेन में युद्ध विराम नहीं हो सका और उधर गाजा और इजराइल ने युद्ध छेड़ दिया। इधर प्रकृति भी यूरोप और अमेरिका से खुश नहीं है।

जैसे उनके मांसाहारी जीवन शैली का प्रतिरोध करने के निमित्त उसने भी अपने मौसम के सारे विधान ही उल्ट पलट दिए हैं। ऐसे में, गहरे अर्थों में विश्व में सर्वाधिक आबादी वाला भारत देश एशियाई देशों के शांति प्रिय प्राकृतिक मूल्यों का नेतृत्व करने में सक्षम दिख रहा है। इंडोनेशिया, बाली, थाइलैंड जैसे द्वीप समूह में आज भी प्राचीन आर्य और भारतीय संस्कृति की चिन्ह है, जिनसे श्रीराम संस्कृति और मानवीय संस्कृति की खुशबू आती है। मरिश्स फिजी,जैसे भारत वंशी द्वीप भारती संस्कृति के आज भी दीप द्वीप बने हुए मनुष्यता का प्रकाश फैला रहे है। श्री राम का जीवन चरित्र ने इन देशों के नागरिकों को अपना भक्त बना दिया है जबकि पश्चिमी देश भौतिकता के जाल में इस तरह फंस गए कि उन्हें मुक्ति के लिए प्रकृति सम्मत रास्ता मिलना कठिन हो गया है।

# Samsung जल्द लॉन्च करने जा रहा सबसे सस्ता दमदार बैटरी वाला स्मार्टफोन

साइबर दुनिया

Samsung Galaxy A15 4G: स्मार्टफोन मेकर कंपनी सैमसंग (Samsung) जल्द ही अपना नया बजट स्मार्टफोन्स लाने की तैयारियों में जुटी हुई है। जिसे Galaxy A15 4G के नाम से जाना जाएगा। सैमसंग अपने इस बजट फोन को 4G और 5G दोनों वेरिएंट में लॉन्च करेगी। आपको बता दें, लॉन्च से पहले ही इस आगामी फोन के 4G मॉडल को FCC सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर स्पॉट किया गया है। जिससे इस फोन की कई खास जानकारी सामने आ चुकी हैं। तो आइए आपको Galaxy A15 4G के फीचर्स के बारे में डिटेल्स आगे बताते हैं। FCC सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर लिस्ट सैमसंग का यह अपकमिंग बजट स्मार्टफोन Galaxy A15 4G FCC में लिस्ट हो चुका है। जिससे इस फोन के कई खास स्पेक्स की जानकारी सामने आई है। लिस्टिंग के अनुसार Galaxy A15 4G में 25W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया जाएगा। इसेक अलावा इसमें डुअल सिम सपोर्ट, एक माइक्रोएसडी कार्ड स्लॉट और एनएफसी भी यूजर्स को मिलेगा। आपको बता दें, इससे पहले वाले मॉडल Galaxy A14 4G में कंपनी ने 15W फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट दिया था। 25,000 के बजट में आते हैं ये बेस्ट कैमरा Smartphone, Galaxy A15 4G में मीडियाटेक हीलियो G99 प्रोसेसर दिया जा सकता है। जिसमें 4GB रैम का सपोर्ट दिया जाएगा। यह फोन Android 14 पर रन करेगा। Samsung Galaxy A14 स्पेक्स Samsung Galaxy A14 में 6.6 इंच की फुल एचडी+ रिजॉल्यूशन वाली LCD डिस्प्ले दी गई है , जो 60hz के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करती है। जिसमें एग्ज़िनोस 850 चिपसेट, लेटेस्ट एन्ड्रॉयड 13 ऑपरेटिंग सिस्टम और 128GB तक का इंटरनल स्टोरेज मिल रहा है। फोटोग्राफी के लिए फोन में ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसमें 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो कैमरा है। वहीं सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 13 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है।

## टॉप ट्वीट



"वह तो अच्छा है कि रोहित शर्मा जल्द ही आउट हो जाता है अगर वह भी शतक लगाने लगा तो फिर भारत हर एक मैच में 500 रन बनाएगा।"

वसीम अकरम
पूर्व क्रिकेटर, पाकिस्तान



"किसी ने प्रधानमंत्री जी के ऑफिस में बैठकर एक लिस्ट बनाई है। वो लिस्ट जनता या किसानों की समस्याओं की नहीं है। इस लिस्ट में ये जानकारी है कि मोदी जी को किसने और कितनी बार गाली दी है।"

प्रियंका गांधी वाडरा
-कांग्रेस नेत्री

## संपादक के नाम पत्र

### लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में मतदान अवश्य करें

चुनावी सरगर्मियां गांव के चौक-चौराहों से लेकर, नगर के चाय की नुक्कड़ तक तेज है। मतदान की तिथि भी निर्धारित है और चुनाव से पहले विभिन्न दलों के चुनावी घोषणा पत्र या कहें वायदों की लम्बी लिस्ट है। एक ओर जहां बेरोजगारी और महंगाई की बात है तो दूसरी ओर किसानों के हितों को दिखलाते पैरामीटर्स खींचते वादों की कमी नहीं है। बहरहाल, चुनाव यानी वह मुकर्रर तिथि जब जनता अपने शासन की चाबी किसे देगी इस विषयक मत का संग्रह है। जिस दल के प्रत्याशियों को बहुमत मिले वहीं सरकार बनाती है। इस पूरे प्रक्रिया में जनता यानी आप से, मुझसे और हम सरीखे आम लोग जो निर्धारित शासित क्षेत्र के निवासी है ; उनका चुनाव यानी जनमत संग्रह के इस महापर्व में योगदान करना कर्तव्य है। महिलाओं के मताधिकार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की तो, 19वें संशोधन ने 1920 में महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया। यह संशोधन सफ़्रागेट्स के एक अंतरराष्ट्रीय आंदोलन के परिणामस्वरूप हुआ। हालाँकि, दुनिया भर में महिलाओं का प्रदर्शन हमेशा उतना अच्छा नहीं रहा है। 1970 के दशक तक स्विट्जरलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं था और 1990 तक कुवैत में भी महिलाएं वोट नहीं दे सकती थीं। ऐसे कई देश हैं जहां महिलाओं और नागरिकों को अभी भी वोट देने का विशेषाधिकार नहीं मिला है।आज मतदान के महापर्व पर प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिससे स्वस्थ्य लोकतंत्र की स्थापना हो सके।

**पुखराज प्राज, फिंगेश्वर, छत्तीसगढ़**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### प्रखंड मुख्यालय में बैठक का आयोजन

**पीरटांड :** पीरटांड प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, पीरटांड मनोज कुमार मरांडी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को निदेश दिया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### एयर फोर्स के जवान को गोली लगने से मौत

**हजारीबाग :** हजारीबाग के एक जवान की मौत गुजरात भुज में गोली लगने से हो गई जवान हजारीबाग के मेरू निवासी रामजीत महतो का पुत्र योगेश कुमार है यह एयर फोर्स का जवान था और गुजरात भुज में तैनात था इसकी बहाली 2020 में हुई थी गुरुवार को जवान की मौत की खबर परिजनों को विभाग के द्वारा दिया गया और गुजरात बुलाया गया लेकिन परिजनों ने जाने से इनकार कर दिया है परिजनों ने बताया कि हमारा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता क्योंकि ना उसकी शादी हुई थी ना ही घर में कोई विवाद था उसकी बात फोन के माध्यम से बुधवार रात को हुई थी जिसमें वह कहा था कि हम अभी भुज में तैनात है इसके बाद उसकी 2:30 बजे रात मौत होने की बात कही गई। परियों ने यह भी कहा कि इसकी मौत कैसे हुई इस पर उच्च स्तरीय जांच की जरूरत है मृतक जवान के पिता ने बताया कि वह चार पुत्र का पिता है और तीन पुत्र खेती-बाड़ी कर अपना गुजारा करता है छोटा बेटा एयरफोर्स में देश की सेवा के लिए वह गया था हम पूरे परिवार छोटे बेटे पर ही आश्रित थे उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के द्वारा शुक्रवार को जवान के पार्थिव शरीर हजारीबाग भेजने की बात कही गई है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जुआ खेलने पर पड़ा महंगा युवक पकड़ा

**महेशपुर :** रद्दीपुर ओपी के पलसा गांव में बीते कल देर शाम दीपावली पर जुआ खेलाना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। ओपी पुलिस ने जुआ खेलाने के आरोप में थाना क्षेत्र के गदरपाड़ा गांव निवासी पानु माल 25 वर्ष को जुआ खेलाते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने जुआ खेलाने वाला चरखी के अलावे 245 रुपये बरामद कर लिया। इस मामले को लेकर ओपी के चौकीदार फटिक माल ने गुरुवार को थाने में नामजद आरोपित पानु माल के खिलाफ सार्वजनिक स्थल पर जुआ अड्डा लगाकर भोले भाले लोगों को ठगने के आरोप में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया गया है। वादी सह चौकीदार फोटिक माल ने आवेदन में उल्लेख किया है कि काली पूजा के अवसर पर पलसा गांव में प्रतिवर्ष मेले का आयोजन होता है। इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया था। उक्त मेले में उसकी ड्यूटी था।

### यूथ विंग ने पूजन सामग्री का किया वितरण

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा गुरुवार को छठ महापर्व से पूर्व छठ व्रतियों को एक सूप, एक नारियल, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, घी, रुई बत्ती, धूपबत्ती, माचिस एवं सुपारी, आरत पत्ता प्रदान किया गया। यह समस्त सामग्री महज 11 रु के सहयोग राशि अर्थात शगुन के तौर पर लेकर छठ व्रतियों को दिया गया है। ज्ञात हो की समाज में ऐसे परिवार है जो छठ पूजा करने में असमर्थ रहते हैं। पर उनकी इच्छा छठ मैया के प्रति काफी रहती है। और वह करना चाहते हैं।

**समीक्षा** ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में बोलीं उपायुक्त

# हर एक गांव में जनहित की पांच-पांच योजनाएं संचालित करें

▶▶ योजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में मनरेगा योजना, रूर्बन मिशन, 15वें वित्त, जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। मनरेगा योजना के समीक्षा के क्रम में योजनाओं को गति देने के लिए उपायुक्त ने पंचायत के प्रति गांव में पांच-पांच जनहित की योजना अनिवार्य रूप से संचालित करने एवं गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। ताकि स्थानीय रोजगार सृजनता के साथ-साथ जनहित की योजनाएं धरातल पर उतर सके। वहीं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी बिरसा सिंचाई कूप योजना के लक्ष्य के विरूद्ध 96 प्रतिशत सूचीबद्ध लाभूकों को शिविर के दौरान स्वीकृति पत्र प्रदान करने की तैयारी कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही शेष लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवेदन सृजित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में पोटो हो खेल मैदान योजना के संबंध में बताया गया कि 847 लक्ष्य के विरूद्ध 51 प्रतिशत मैदान चिन्हित कर कार्य संचालित कर दिया गया है। इस पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए पूर्व में निर्देशित स्कूलों के खेल मैदान को योजना के तहत शामिल करते हुए खेल मैदान बनाने का कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि पीएम आवास योजना से वंचित योग्य लाभूकों को योजना के तहत पक्का मकान देने के लिए शिविर के दौरान आवेदन प्राप्त करने, आवेदनों के त्वरित निष्पादन कर पोर्टल पर इंट्री करने का निर्देश दिया ताकि जनवरी में योजना की स्वीकृति कर मकान निर्माण का कार्य शुरू किया जा सके। बैठक में आंगनबाड़ी निर्माण, डोभा, एरिया मॉनिटरिंग एप्प के माध्यम से संचालित योजनाओं की इंट्री करने, बाब साहेब अम्बेडकर आवास योजना के लक्ष्य को ससमय हासिल करने, रूर्बन मिशन योजनाओं को पूरा करने के लिए लाभूकों को मोटिवेट करने, जेएसएलपीएस की योजनाओं को कन्वर्जन्स के माध्यम से पूरा करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में उपायुक्त सहित सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**इचाक:** इचाक प्रखण्ड के मंगुरा स्थित थान टांड़ मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मंगुरा, मोक्तमा, जमुवारी और फुरुका के कुल 4 टीमो ने भाग लिया। उद्घाटन मैच मंगुरा बनाम जमुवारी के बीच खेला गया। जिसमें मंगुरा 2.1 से फुरुका पर जीत हासिल किया। जबकि दूसरा मैच मोक्तमा बनाम फुरुका के बीच खेला गया जिसमें मोक्तमा की टीम ने 2.0 से जीत हासिल कर फाइनल में पहुंचा।खेल को सफल बनाने में मूख्यमंत्री फुटबॉल टूनामेंट के अध्यक्ष अनिल राम, सचिव सुरेंद्र कुमार, उपाद्यक्ष राजा बाबू की अहम भूमिका रही। वहीं उदघोषक की भूमिका सुनील कुमार सिंह ने निभाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि यहां संसाधनों की कमी के बावजूद खिलाड़ी बहुत अच्छे ढंग से खेला। उन्होंने कहा कि इचाक प्रखण्ड में एक बेहतर टीम का निर्माण करने का प्रयास करूंगा। यह भी कहा कि खेल अनुशासनिक तरीके से खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। मौके पर समाजसेवी रामलखन मेहता, मुखिया प्रतिनिधि रामशरण शर्मा, उप मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण किशोर मेहता, विनय कुमार मेहता समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## महानिदेशक ने किया कैंप का दौरा



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग नितिन अग्रवाल, भा.पु.से. महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल 15-16 नवंबर 2023 के दो दिवसीय दौरे पर प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैम्प हजारीबाग पहुंचे। रवि गांधी अतिरिक्त महानिदेशक/डॉयरेक्टर अकादमी टेकनपुर व महानिरीक्षक के एस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने महानिदेशक महोदय की अगुवाई की। मेरु परिसर हजारीबाग में महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महानिरीक्षक के एस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय व सहायक प्रशिक्षण केंद्र के सभी अधिकारियों का महानिदेशक से परिचय करवाया। कॉन्फ्रैंस हॉल में महानिदेशक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें के एस बन्याल महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण संबंधी व सीमा सुरक्षा बल स्थापना दिवस परेड 2023 जिसके संचालन की जिम्मेवारी संस्थान को दी गई है से संबंधित तैयारियों की जानकारी महानिदेशक को दी गई। इस दौरान महानिदेशक नें सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए अपने दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर मेरू परिसर के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। तत्पश्चात महानिदेशक ने 01 दिसंबर 2023 को सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर होने वाली परेड से संबंधित रानी लक्ष्मीबाई परेड ग्राउंड में चल रही परेड रिर्हसल का जायजा लिया और परेड के कैंटीजेंट कमांडरो, परेड दस्तों से बातचीत की उनकी समस्याओ के बारे में पूछा एवं उन्हे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन किया। इसके बाद महानिदेशक के द्वारा अजेय प्रहरी स्मारक, अनंताचारी स्टेडियम व अन्य स्थलों का दौरा किया गया।

## छठ घाटों का प्रशासनिक पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बरही:** बरही महापर्व छठ पूजा नजदीक आते ही बरही प्रशासनिक अधिकरियों ने गुरुवार को छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान बरही पूर्वी पंचायत स्थित प्राचीन छठ घाट पहुंचे और छठ घाट का जायजा लिया। जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारी छठ पूजा समिति के लोगों से मिले और कई निर्देश दिया। इस बाबत छठ पूजा समिति के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि छठ घाट की साफ सफाई व लाइट बत्ती का सजावट का कार्य प्रगति पर है। जल्द ही छठ घाट की पूरी तैयारी कर ली जाएगी। इसके अलावा छठ व्रतियों का छठघाट तक पहुंचने की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारी बरही पूर्वी पंचायत के सूर्य मंदिर छठ घाट पहुंचे। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि छठ घाट की साफ सफाई की जा रही है। घाट कीचड़युक्त है। जिसकी सफाई में सिर्फ पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ही सामने आए हैं। जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों से पूजा समिति के लोगों ने सहयोग की अपेक्षा की। जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियो ने सहयोग के लिए अस्वस्थ किया। मौके पर बरही एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नजीर अख्तर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, समाजसेवी रमेश ठाकुर, भगवान केशरी, बरही पश्चिमी पंचायत मुखिया शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य, पूजा समिति के अध्यक्ष नागेश्वर केशरी, कैलाशपति सिंह, भारी पासवान, पंकज पासवान एवं मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## निजी विद्यालय संघ ने पत्रकारों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**बरही :** बरही राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन में निजी विद्यालय संघ बरही के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव के नेतृत्व में पत्रकारों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन संघ के सचिव नितेश कुमार ने किया। वहीं इस कार्यक्रम में बरही के दर्जनों पत्रकार को पुष्पगुच्छ, डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने पत्रकारों से देश को सही दिशा देने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा की पत्रकार समाज की अनेक समस्याओं का निराकरण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अपने काम को करते हुए पत्रकार के सामने कई कठिन परिस्थितियां आती है। लेकिन कलम के सिपाही अपने कर्तव्य पथ से कभी विमुख नही होते। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, सचिव सोनू पंडित, उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, कार्यकारिणी सदस्य शोएब अख्तर उर्फ शान, सुरेंद्र निषाद एवं सदस्य राजेश केशरी शामिल है। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता, सचिव नितेश कुमार, उपसचिव दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष बासुदेव कुमार, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव सहित कई अन्य विद्यालय के संचालक मौजूद थे।

**योजना** सरकार 24 नवंबर से अबुआ आवास योजना की करेंगी शुरूआत

# सांसद ने सीएसआर फंड से सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन

▶▶ सुदूरवर्ती गावों में पानी, बिजली व सड़क निर्माण कार्य

▶▶ सरकार गरीब लोगों के लिए पेंशन दें रही

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड़:** सांसद, विधायक व उपायुक्त ने सीएसआर फंड से लिट्टीपाड़ा के तिलकामांझी चौक पर सौंदर्यीकरण कार्य का किया उद्घाटन सांसद ने कहा 24 नवंबर से आयोजित होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में समस्याओं का होगा त्वरित निष्पादन डब्ल्यूपीडीसीआर के सीएसआर फण्ड से निर्मित लिट्टीपाड़ा के तिलकामांझी चौक का सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन गुरुवार को सिदो-कान्हू व तिलकामांझी के प्रतिमा का अनावरण माननीय सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक दिनेश विलियम मरांडी व उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि सरकार राज्य के गरीब लोगों के लिए पेंशन, आवास, ग्रीन राशन कार्ड तुरन्त दें रही है। वही रोजगार देने के साथ बच्चियों के पढ़ने लिए साबित्री बाई फुले योजना, खेल के लिए खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं दी जा रही है। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य के प्रत्येक गरीब परिवार में खुशहाली लाना है। आगामी 24 नवम्बर से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रत्येक पंचायत में आयोजित की जाएगी। जहां लोगों के हर समस्या का त्वरित निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा व अमड़ापाड़ा प्रखण्ड क्षेत्र का विकास अन्य प्रखण्ड की भांति कम हुई है। इसलिए सरकार ने भी सुदूरवर्ती गावों में पानी, बिजली व सड़क निर्माण कार्य पर विशेष ध्यान देगी। माननीय विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने कहा कि 1970 के दशक तक देश व राज्य के किसी भी कोने में वीर शहीद सिद्धो कान्हू व तिलकामांझी का प्रतिमा स्थापित नहीं किया गया था। सबसे पहले 1975 में भोगनाडीह में प्रतिमा स्थापित किया गया था। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। सरकार अब 24 नवंबर से अबुआ आवास योजना की शुरूवात करेंगी। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि शहर व नगर का विकास तो होता रहेगा। जिन खनिज क्षेत्रों से राजस्व प्राप्त होता है, वहां प्राथमिकता के साथ विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा लिट्टीपाड़ा व अमड़ापाड़ा के सुदूरवर्ती ग्रामीण पहाड़ी भाग में पेयजल व सड़क कनेक्शन का अभाव है। इसलिए प्राथमिकता के साथ इस क्षेत्र में डीएमएफटी फंड से कार्य करवाया जाएगा। मौके पर बीडीओ श्रीमान मरांडी, झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### चित्रगुप्त पुजनोत्सव में शामिल हुए सदर विधायक



**हजारीबाग :** हजारीबाग चित्रगुप्त पूजा महासमिति द्वारा स्थानीय बिहारी दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव और श्री चित्रगुप्त पूजा महासमिति, छठ तालाब, हजारीबाग में आयोजित भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव में गुरुवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और कर्मो के लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त जी के समक्ष माथा टेककर उन्हें नमन किया। दोनों जगहों पर आयोजन समिति के लोगों द्वारा कलम भेंटकर, समाज का पट्टा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक जायसवाल ने यहां उपस्थित सभी लोगों को भाई- दूज और चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं और अनंत बधाई दी। तत्पश्चात पूजन के प्रसाद के रूप में भययारी का भी सामूहिक रूप से आनंद उठाया।

### नि:शुल्क गेहूं एवं सब्जी बीज का वितरण



**इचाक :** इचाक प्रखंड के कुरहा डीएवी स्कूल के सामने इचाक महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा नि:शुल्क गेहूं का बीज एवं सब्जी का बीज महिला किसानों के बीच वितरण किया गया। वितरण में प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार रवि एवं बीपीएम जेएसएलपीएस रंजीत कुमार, सीसी अनीश कुमार एव बोर्ड आफ डायरेक्टर के अध्यक्ष अंजू देवी ,लक्ष्मी देवी, राधा देवी, नीतू देवी ,इंदु देवी, उषा देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, लक्ष्मी देवी, सीमा कुमारी, जीटी भारत के निर्भय कुमार एवं राजीव कुमार एवं अलौंजा पैक्स अध्यक्ष कंचन प्रसाद मेहता, अनिल कुमार मेहता, नरेश साव ,महेश पासवान मौजूद रहे। बोर्ड के डायरेक्टर अंजू देवी ने बताया की आईसीआई गोरिया कर्म से 10 क्विंटल गेहूं एवं 120 पैकेट सब्जी का बीज महिला कंपनी को प्राप्त हुआ था। महिला कंपनी के मध्यम से सदस्यों के बीच में नि:शुल्क वितरण किया गया। ताकि कंपनी की महिला अपना खेत में गेहूं का बीज लगाकर अच्छा उपज बढ़ा सके एव आत्मनिर्भर बन सके।

### पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन



**पाकुड़ :** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के निदेर्शानुसार जिले के सभी पंचायतों में जिले के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। अधिकारियों ने ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती-साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पंचायत दिवस कार्यक्रम के माध्यम से शिकायतों के निष्पादन, योजनाओं से नए लाभुकों को लाभांवित किया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी के अलावा शिकायतों का निष्पादन के साथ योग्य लाभुकों को जोड़ते हुए सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित भी किया जा रहा है। जिला प्रशासन की सोच है कि सभी सुयोग्य लाभुकों को सरलता पूर्वक योजनाओं का लाभ मिले। इसी सोच को लेकर जिला के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने बताया कि सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के लिए अब आमजन को सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, प्रशासन योजनाओं का लाभ देने के लिए पंचायत में पहुंच लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

### एसडीओ ने पंचायतों की योजनाओं का किया निरीक्षण



**महेशपुर :** पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को एसडीओ हरिवंश पंडित ने प्रखंड के जयपुर-बरूंगा, रामपुर, पंचायतों में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया खांपुर आदि । पंचायत सचिवालय भवन में मुखिया, पंचायत सचिव तथा अन्य संबंधित कर्मियों व ग्रामीणों से जानकारी ली। एसडीओ ने विद्यालय, कल्याण, बाल कल्याण, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों एवं योजनाओं के बावत जानकारी ली। साथ ही एक व्यक्ति को जॉब कार्ड भी दिया गया। एसडीओ ने सिंचाई कूप सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया।

### ग्रामीणों ने की उपायुक्त से शिकायत

**महेशपुर :** प्रखंड के सीतारामपुर पंचायत के मुखिया एवं मुखिया पति के द्वारा 15वां वित्त योजना का राशि का बंदरबांट किए जाने के मामले को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण रमेश हेम्ब्रम, ताला हेम्ब्रम, महोन टुडू, जेयनेल टुडू, बिमल रविदास, जोसेफ टुडू ने उपायुक्त को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि बोढ़ाल पोखर गांव में मुखिया पति के द्वारा मदन अंसारी तथा रहीम अंसारी यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। दोनों के नाम पर दो चापाकल मरम्मती स्वीकृत करवाया गया। दोनों ही चापाकल बिना मरम्मती किए लाखों रुपए की अवैध निकासी की गई है। मुखिया पति के द्वारा दुमकाडंगा गांव के पास पीडब्ल्यूडी सड़क के किनारे 15वां वित्त योजना के तहत नाली स्वीकृत करके घटिया किस्म का सामग्री से नाली का निर्माण करवाया गया। उक्त नाली निर्माण में घटिया किस्म का इंटा एवं सीमेंट के अलावे अन्य सामग्री का उपयोग किया गया है, जो जांच का विषय है।

प्रदेश >> अपडेट

### चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से संपन्न

**पलामू:** श्री चित्रगुप्त पूजा समिति के तत्वधान में ग्राम बैदा थाना पांकी में हर वर्ष की भंति इस वर्ष भी चित्रगुप्तपूजा धुमधाम से मनए गाई पूजा अर्चना में सभी चित्रांश परिवार ने भाग लिया पूजा समिति के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव कोषध्यक्ष संजीत कुमार सिन्हा तथा सदस्य विनोद सिन्हा पीयूष सिन्हा दिलीप सिन्हा राज सिन्हा अंकुश सनी एवीएन अन्य लोगों ने शामिल हुए रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### विधायक ने किया छठ घाट पर डीप बोरिंग की व्यवस्था

**पलामू :** गत वर्ष छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हैदारनगर के विजेता क्लब व जगराता क्लब के सदस्यों ने छठ घाट के समीप नाली निर्माण व पानी की समस्या को देखते हुए डीप बोरिंग की मांग की थी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दोनो कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने का वादा किया था। गत माह सात लाख रुपए की लागत से नली का निर्माण करा कर विधायक ने एक वादा पूरा कर दिया। जबकि छठ महापर्व के पूर्व ही 500 फिट डीप बोरिंग के अलावा मोटर आदि की व्यवस्था कर दोनो वादा पूरा करने का काम किया है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह जो वादा करते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। उन्होंने गत वर्ष जितने छठ घाटों पर घोषणा की थी, उसे छत के आने से पहले पूरा कर दिया है। जिसमे हैदरनगर के मुख्य छठ घाट के अलावा अन्य दर्जनों छठ घाट का निर्माण विभिन्न गांव में किया गया है। हैदरनगर छठ घाट पर बोरिंग व मोटर की व्यवस्था करने के लिए विजेता क्लब व जगराता क्लब के सदस्यों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार जताया है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा चार सूत्री ज्ञापन

**पलामू:** छतरपुर प्रखण्ड में कई समस्याएं विद्यमान हैं। जिसके समाधान हेतु छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता द्वारा चार सूत्री ज्ञापन छतरपुर बीडीओ को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि छतरपुर का इलाका अति-नक्सल प्रभावित इलाका माना जाता है। इलाके में अभी भी बेहद गरीबी है, इलाका विकास की किरणों से महरूम भी है बावजूद यहां कुछ ऐसी जन-समस्याएं हैं जिसके निराकरण से इलाके की व्यवसायिक शिक्षण व्यवस्था और किसानों की खेती को बेहतर बनाया जा सकता है साथ ही इलाके की बदहाली भी दूर की जा सकती है। ज्ञापन में मुख्यत: जिन बिंदुओं की ओर बीडीओ सह प्रशिक्षु आईएएस का ध्यान आकृष्ट कराया गया है उनमें छतरपुर में वर्षों पूर्व स्थापित कळक कॉलेज में पढ़ाई सुनिश्चित कराने। डुमरी गांव के पास बनाये गए 6 साल पुराने डिग्री कालेज को शुरू करवाने। छतरपुर के सड़मा गांव स्थित महत्वाकांक्षी सुखनदिया जलाशय परियोजना की मरम्मत कर प्रतिदिन लाखों लीटर पानी को बहने से रोकने और अपने निर्माण के सात सालों बाद भी स्थानीय हाई स्कूल परिसर में बंद पड़े पिछड़े/एससी/एसटी छात्रों के हॉस्टल को शुरू करवाने की मांगें प्रमुख रूप से शामिल थीं।

### भाजपा नेता ने किया बाल मेला का उद्घाटन

**हुसैनाबाद:** आरपीएस पब्लिक स्कूल बाल मेला का शुभारंभ भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। मौके पे प्रधानाचार्य मनुज शर्मा ने जानकारी दी कि इस बाल मेला में शिक्षक और शिक्षकाओ के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनो के स्टॉल लगाये गए जैसे पानी पूरी,ममोज,पास्ता,समोसा, चिली और खेल आदि सिर्फ छात्रों के मनरोंजन के लिए आयोजित किया गया।

घाटों पर सफाई की व्यवस्था अच्छी तरह से रहे, ताकि छठ व्रतियों को पुजा करने में कोई परेशानी न हो

# छठ घाटों पर होगी एनडीआरएफ की तैनाती :उपायुक्त विशाल सागर

▶▶ घाटों को स्वच्छता मिशाल के रूप में पेश करें

राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** लोक आस्था के महापर्व छठ व्रत की तैयारियों को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने शिवगंगा सरोवर, छतीसी तालाब, महथा बांध, धड़वा नदी, नावाडीह घाट, नंदन पहाड़ आदि पहुंचकर वहाँ की वस्तुस्थिति व साफ-सफाई का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व को देखते हुए इन घाटों पर सफाई की व्यवस्था अच्छी तरह से रहे, ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावे छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए उपायुक्त ने एनडीआरएफ की टीमों को शिवगंगा व नन्दन पहाड़ पर बोट व अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ प्रतिनियुक्त रहने का निर्देष दिया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सके। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ सुरक्षा को लेकर दण्डाधिकारियों व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति स समय कर दी जाय।



साथ हीं उन्होंने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के अलावा अतिक्रमण, विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था को लेकर छठ समितियों व संबंधित अधिकारियों की आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी छठ घाटों का लगातार भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी छठव्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। शिवगंगा सरोवर की साफ-सफाई और अतिक्रमण के अलावा विभिन्न छठ घाटों पर आवश्यकता अनुसार एम्बुलेंस, मोबाइल टॉयलेट, अग्निशमन वाहन के आवागमन की व्यवस्था, लाइटिंग और विद्युत कनेक्शन की बारीकी से जाँच, विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही छठ पूजा समितियों से उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ देवघर के तहत हम सभी का यह प्रयास होना चाहिये कि हम छठ पर्व के दौरान इन घाटों को स्वच्छता मिशाल के रूप में पेश करें। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों के साथ-साथ आम जनमानस का सहयोग आपेक्षित है ।

न्यूज फटाफट

### शिक्षक पर लगाया एमडीएम के चावल बेचने आरोप

**पलामू :** पीपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत अंतर्गत टंडवा उर्फ जगदीशपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जय शंकर सिंह पर ग्रामीणों ने एमडीएम मद के चावल बेचने का आरोप लगाया है। इस बाबत ग्रामीणों ने शिक्षक द्वारा चावल बेचने का वीडियो वायरल किया है। गुरुवार को विद्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने इसे लेकर नाराजगी जताई। मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शोभा देवी ने बताया कि प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के किसी भी गतिविधि की जानकारी नही दी जाती है। वहीं रसोइया शारदा कुंवर ने बताया कि स्कूल में बच्चों को नियमित एमडीएम दिया जाता है ।इस संबन्ध में प्रधानाध्यापक ने बताया कि एमडीएम के चावल बेचने का जो आरोप लगाया गया है वह बिल्कुल निराधार है। उन्होंने बताया कि एमडीएम मद के रजिस्टर के हिसाब से स्कूल के स्टोर में करीब चार क्विटंल चावल उपलब्ध है। जबकि पूछे जाने पर बीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि चावल बेचने संबंधी वीडियो वायरल हुआ है। किंतु किसी के द्वारा अभी तक लिखित आवेदन नही दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी बीईईओ को दे दी गई है। लिखित आवेदन आने पर जांचोप्रांत उचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर योगेंद्र राय, प्रवेश राय,प्रियंका देवी,ज्ञानती देवी,पूनम देवी, खुशबू देवी, संजू देवी,भगवती देवी, सोनी देवी,नेहा देवी,संगीता कुमारी,रीता देवी, सोनी देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा नेता के प्रयास मिली सहायता राशि

**चंदवा:** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय दुबे के प्रयास से सुमन देवी पति स्व. बीरबल गंझू (लोहरसी, चंदवा) को आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस संबंध में मसो. सुमन देवी ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 20 सितंबर 2021 को सर्पदंश से हो गयी थी। भाजपा नेता विजय दुबे की पहल पर अंत्यपरीक्षण के साथ साथ सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कराने में हमारी मदद की। इनके प्रयास से आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बतौर मुआवजा के रूप में चार लाख रुपए की राशि बैंक खाते में आ गयी। श्री दुबे ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि ऐसी आपदा के बाद प्रशासन और सरकार की ओर से जो भी मुआवजा का प्रावधान है वो पीड़ित परिवार को मिले जिससे उनके आश्रितों की अच्छे से परवरिश हो सके।

## घोर निंदनीय घटना, पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मिलेगी : विधायक



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** बुधवार की शाम लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम चंदवा थाना के चौकीदार रहे दिवंगत सदीक अंसारी के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिल घटना की जनकारी ली। शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया, उन्होंने कहा कि यह घटना घोर निंदनीय है। अपराधियों को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। अपराधी कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जायेगा। बताते चले कि बीते 7 नवंबर को चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी को माल्हन से चंदवा लौटने के क्रम में दूबी के समीप बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से सभी समुदाय काफी मर्माहत हैं। लोगो के बीच घटना के प्रति काफी रोष व्याप्त है। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, बीडीओ विजय कुमार के अलावे प्रभात कुमार, सितमोहन मुंडा, मो. अब्दाल, अब्दुल अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आप ने 11 हजार छठ व्रतियों में किया साड़ी का वितरण



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** 11 हजार छठ व्रतिओं को साड़ी का वितरण कर पलामू कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में पलामू टीम ने गढ़ा आप कीर्तिमान, शामिल हुए कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता लोकतंत्र, लोकआस्था और लोककल्याण एक दूसरे के पूरक हैं, इस भावना को केंद्र में रख कर आम आदमी पार्टी की पलामू इकाई ने कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में छठ महापर्व के अवसर पर योजना बनायी पार्टी को पलामू में जन जन तक पहुंचाने की। छठ जैसे कठिन पर्व त्योहार पर ग्यारह हजार छठ व्रतिओं को उपहार स्वरूप साड़ी देने की दूरगामी योजना निश्चित ही एक कठिन कार्य था। पलामू की टीम ने अभूतपूर्व प्रतिबद्धता के साथ राकेश तिवारी के नेतृत्व में इस कार्य को करने की चुनौती स्वीकार करते हुए एक महीने पहले से तैयारियां आरंभ कर दी। साड़ियों की खरीदारी थैले पर पार्टी के निशान की छपाई और टीम प्रबंधन जैसे तमाम कार्यों के साथ टीम आगे बढ़ी और इस कार्य को पलामू की पावन धरा पर अंजाम दिया जाने लगा।

इस मिशन से जुड़े आम आदमी पार्टी के कई समर्पित कार्यकर्ता और पदाधिकारी और पलामू के विभिन्न प्रभागों में गाँव, पंचायतों तक छठ महापर्व के व्रतियों तक उपहार स्वरूप साड़ी पहुँचाने की योजना यथार्थ के धरातल पर उतारने लगी। प्रदेश के मुख्यालय राँची में बैठकर प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल प्रभारी नरेंद्र चौबे इन सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे और अपना मार्गदर्शन दे रहे थे। सर्वप्रथम राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ माल्यार्पण कर झारखंड केमार्टी के प्रति उस ऋण को उतारने की प्रतिबद्धता के साथ धरती आबा को नमन किया गया और फिर पूरी टीम निकल पड़ी पलामू प्रमंडल की विभिन्न क्षेत्रों में छठ व्रतियों तक साड़ी पहुंचाने। युवा नेतृत्व पर भरोसा करने वाले आम आदमी पार्टी के इस टीम का नेतृत्व राकेश तिवारी कर रहे थे और साथ में थी पूरी पलामू की सुदृढ़ टीम। इस टीम में पलामू के ज़िला संयोजक चंद्रबली चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, मुन्ना कुमार, पिंटू पासवान, शशिकांत तिवारी, लव कुमार तिवारी,ओम प्रकाश दुबे,विकी पांडेय, सुधीर कुमार, आदि शामिल थे।

## सांसद, विधायक एवं उपायुक्त ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा, लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश विलियम मरांडी एवं उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा आगामी छठ पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण के निमित्त हिरणपुर प्रखंड स्थित खेपी पोखर छठ पूजा समिति एवं सुंदरपुर स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया।इस दौरान घाटों की साफ-सफाई एवं अन्य विधि व्यवस्था को लेकर समिति के अध्यक्ष राजेश हेम्ब्रम से आवश्यक जानकारी ली। तालाब में पानी में बेरिकेटिंग, लाइट व्यवस्था, महिला छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम आदि व्यवस्था पर जरुरी दिशा निर्देश दी गई। उपायुक्त ने बीडीओ श्रीमान मरांडी को खेपी पोखर छठ घाटों की बेहतर साफ सफाई एवं व्यवस्था को दुरुस्त कराने का निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने सुंदरपुर स्थित छठ पूजा के आयोजक सहदेव साहा से घाट की सफाई एवं अन्य व्यवस्था पर जानकारी ली। उपायुक्त ने छठ पूजा समितियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पानी की गहराई पर बांस की बेरिकेटिंग करने का निर्देश दिया।

## श्रीमद् भागवत कथा स्थल की सुरक्षा रहेगी चाक चौबंद: पुलिस अधीक्षक



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में21 से 28 नवंबर तक आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथास्थल का पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इसके साथ ही समिति के सदस्यों पदाधिकारी के साथ एक बैठक कर विचार विमर्श किया।पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान महायज्ञ समिति को कई दिशा निर्देश दिए। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से कोई कोताही नहीं बरती जाएगी । श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी। पुलिस अधीक्षक के साथ सीडीपीओ सुरजीत कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, राजेश यादव, टीओपी तीन के प्रभारी मंटुस महतो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजीत सिंह शहर थाना के एसआई समेश तिर्की सहित कई पदाधिकारी यज्ञस्थल पर थे। पुलिस अधीक्षक यज्ञस्थल की तैयारी से काफी संतुष्ट दिखीं।

## पीएम के दौरे से खुले विकास के द्वार: नारायण दास

राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय झारखण्ड दौरे ने देवघर की राजनीति को भी प्रभावित किया है। झारखण्ड राज्य के स्थापना दिवस पर राज्य को मोदी सरकार ने 7200 करोड़ से ज्यादा की सौगात दिया है। प्रधानमंत्री ने बाबा बैद्यनाथ धाम से बाबा बासुकीनाथ धाम एनएच 114ए के बासुकीनाथ-देवघर सेक्शन के 45 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन करने की योजना की आधारशिला भी रखी। लेकिन स्थानीय विधायक नारायण दास की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की तस्वीरों ने सर्दियों में भी देवघर का राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातु से कार्यक्रम के बाद राजस्थान जाने क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विधायक नारायण दास की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई जिसे लेकर राजनीतिक चचाओं ने जोड़ पकड़ लिया। इस बाबत पूछने पर विधायक नारायण दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्गदर्शक, अभिभावक और आदर्श हैं।

### टोटो पलटने से 5 महिलाएं हो गई जख्मी

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के राधावल्लमपुर गांव से महेशपुर की ओर टोटो में सवार होकर मजदूरी के लिए आ रही पांच महिलाएं टोटो पलटने से जख्मी हो गई। घटना गुरुवार अहले सुबह की बताई जा रही है। जख्मी महिलाओं को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां सुबह करीब चार बजे डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने स्वास्थ्य कर्मी हाकी रहमान के साथ मिलकर पांचों जख्मी महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घटना के बावत मिली जानकारी के अनुसार राधावल्लमपुर गांव निवासी कोलोमिता हांसदा 50 वर्ष, पानबीटी मरांडी 22 वर्ष, कलाबीटी मुर्मू 45 वर्ष, रेवालमुनी सोरेन 50 वर्ष, हेलेन मरांडी 45 वर्ष टोटो पर सवार होकर दैनिक मजदूरी के लिए महेशपुर आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में टोटो चालक द्वारा टोटो पर से नियंत्रण खो देने से टोटो पलट गया। जिससे पांचों महिलाएं जख्मी हो गई। इस घटना में कोलोमिता हांसदा के सिर व चेहरे पर लगी गंभीर चोट, पानबीटी मरांडी के चेहरे पर लगी गंभीर चोट तथा कलाबीटी मुर्मू के सिर पर लगी चोट की गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

समारोह

युनाइटेड फोरम फोर आदिवासी राइट्स ने आयोजित किया वीर बिरसा मुंडा जयंती

# रतन तिर्की ने कहा-ममता बनर्जी चायबागान के 56 लाख आदिवासियों को उनके जमीन पर खतियानी अधिकार दें



▶▶ आदिवासी परंपरानुसार परछाकर नृत्य कर स्वागत किया गया

▶▶ पुरखों ने जंगल झाड़ काट कर चायबगान बनाया

राष्ट्रीय खबर

**सिलीगुड़ी:** गंगाराम टुना मैदान चायबगान माटीगड़ा जलपाईगुड़ी मैदान में हजारों आदिवासियों ने वीर बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाया। मौके पर मुख्य अतिथि अधिवक्ता महेंद्र पीटर तिग्गा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चायबगान के आदिवासियों को अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि कानून और संविधान में देश के सभी आदिवासियों को पहचान सभ्यता इतिहास भाषा संस्कृति और जमीन बचाने का अधिकार दिया है। इसे बचाने के लिए आगे आना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि टीएसी के पूर्व सदस्य ने कहा कि तराई क्षेत्रों में 100 साल से भी ज्यादा हो गये कि हमारे पुरखों ने जंगल झाड़ काट कर चायबगान बनाया। लेकिन किसी की सरकार ने हमारे आदिवासियों को जमीन पर मालिकाना हक नहीं दिया। रतन तिर्की ने ममता बनर्जी से मांग करते हुए कहा कि हमारे आदिवासियों को जमीन का पट्टा नहीं बल्कि खतियान आधारित जमीन अधिकार दिया जाये और जल्द ही हमारे आदिवासियों के लिए स्वायत्त परिषद का गठन किया जाये ताकि संविधान सम्मत प्रदत अधिकारों मसलन परंपरा संस्कृति भाषा पहचान की रक्षा की जा सके। प्रभाकर तिर्की ने कहा कि हम सभों को वीर बिरसा मुंडा की तरह उलगुलान कर पश्चिम बंगाल के चायबगान क्षेत्रों से लेकर असम भूटान नेपाल बांग्लादेश के आदिवासियों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि अगर एकजुटता नहीं होगी तो इन सभी राज्यों में लाखों आदिवासियों का वजूद समाप्त हो जायेगा। प्रभाकर तिर्की ने कहा हमलोग तीर तलवार लाठी डंडे की लड़ाई नहीं बल्कि संविधान कानून ने जो अधिकार हमें दिया है उसी के सहारे आंदोलन और तेज किया जाएगा।वीर बिरसा मुंडा जयंती समारोह को अनुप्रीति सोरेन, प्रोफेसर जोन बी तिर्की, सुश्री फ्लोरिडा एक्का,डा पास्कल खालखो, श्री लाजरूस एक्का, और राजकुमार कश्यप ने भी संबोधित किया। सुश्री सोनिया ने संचालन किया।





## शहर >> अपडेट

### चना व खाद का वितरण



कुडू :जिंगी पंचायत के मुखिया दिलीप उरांव द्वारा जिंगी पंचायत के किसानो के बीच चना एवं खाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सामील कुडू प्रखण्ड प्रमुख मुंनी देवी,बीटीएम ज्ञान साहू, पंचायत समिति सदस्य संतोषी उराँव, उपस्थित होकर किसानो के बीच मे चना एवं खाद का वितरण किए। जिसमे सभी उपस्थित किसानों ने अपने पंचायत के मुखिया का अभार व्यक्त किए।

## सिटी अपडेट्स >>

### पिता पुत्र घायल

**पेटरवार** : पेटरवार बाइक से अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण पिता-पुत्र दोनों घायल हो गए। यह घटना गुरुवार को प्रखंड के मिजापुर गांव के पास दिन के करीब 11 बजे की है। सड़क दुर्घटना में घायल पिता और पुत्र को इलाज के लिए सी.एच.सी पेटरवार में भर्ती कराया गया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार की गई। पिता और पुत्र को मामूली चोट आई है। बताया जाता है। कि प्रखंड के पटकी पंचायत अंतर्गत मिजापुर गांव निवासी सहदेव ठाकुर(63 वर्ष)ओर कुंदन कुमार ठाकुर (27 वर्ष) एक बाइक पर सवार होकर पेटरवार बाजार आ रहे थे। कि एक कुत्ता को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े जिसके कारण पिता और पुत्र को मामूली चोट आई है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर लगा आरोप

**जयनगर** :प्रखंड के गोहाल में गुरुवार की सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मधु कुमारी (उम्र लगभग 24 वर्ष, पति संतोष दास पोस्ट मकतपुर, थाना जयनगर) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के मायके वालों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और ससुराल वालों को गिरफ्तार करने की मांग पर डटे रहे। जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है और इसमें जो भी दोषी होगा उसे बक्सा नहीं जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, सुनील कुमार पासवान, पंचम तिगा, आशीष कुमार हसदा कई पुलिस के पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक थाना में किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### सड़क दुघर्टना में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल

**कोडरमा** : थाना अंतर्गत समाहरणालय के समीप सडक दुघर्टना मे एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान निजाम आसरी (55 वर्ष ग्राम जलवाबाद) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी स्कूटी से कोडरमा बाजार आने के दौरान निजाम आसरी सडक दुघर्टना में घायल हो गए। जिसके बाद आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया जहाँ प्राथमीक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## सरना कोड > दर-दर भटक रहे करोड़ों आदिवासी अपनी पहचान को

# नहीं हुई घोषणा सरना धर्म कोड की

- आत्म दाह का किया था घोषणा
- हो गई गिरफ्तारी 13 की रात को
- आदिवासीयों में रोश घर्म कोड़ को ले कर
- जल जंगल जमीन हमारा

राष्ट्रीय खबर




**पेटरवार** : पेटरवार आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू के नेतृत्व में पेटरवार+2 हाईस्कूल के मैदान में सेंगेल मांझी परगना मंडवा के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र मोहन मार्डी का स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि 15 नवंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीर शहीद बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू खूंटी पहुंच कर देश के 15 करोड़ आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड की घोषणा नहीं करने पर चंद्र मोहन मार्डी,कान्हू राम टुडू, बिक्रम हेम्ब्रम पृथ्वी मुर्मू,प्रेमशीला मुर्मू आदि पांच नेताओं ने उसी दिन शाम 4 बजे आत्म दाह का घोषणा किया था।

जिनको प्रशासन ने 13 नवंबर को रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। आदिवासी सेंगेल अभियान के कार्यकताओं ने उन्हें माला पहना कर स्वागत किया।

चंद्र मोहन मार्डी ने कहा कि इसी इसी देश की जल, जंगल और जमीन के लिए हमारे महा पुरुष सिदो मुर्मू और बिरसा मुंडा ने बलिदान दिया है।

मेरे बलिदान से यदि भारत देश के 15 करोड़ आदिवासियों को अपनी पहचान सरना धर्म कोड मिल जाए तो ये मेरा सौभाग्य होगा। लेकिन समय से पहले ही हमें प्रशासन ने हमें गिरफ्तार कर लिया।

मैं संताली को झारखंड में प्रथम राजभाषा बनाने के आन्दोलन में भी जेल जा चुका हूं।आगे भी मैं आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में चल रहे आदिवासी अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ता रहूंगा, जितूंगा।इस स्वागत कार्यक्रम में सेंगेल सरना धर्म मंडवा प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू, बोकारो जोनल हेड आनन्द टुडू, युवा मोर्चा जोनल अध्यक्ष विजय टुडू, बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन, हजारीबाग जिला अध्यक्ष बाहाराम हांसदा, बोकारो जिला संयोजक गोपीनाथ मुर्मू, पेटरवार प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश कुमार टुडू,विजय मरांडी, उपेन्द्र मुर्मू बहामुनी मुर्मू, विकास मुर्मू आदि लोग उपस्थित थे।

## भास्कर सेवा समिति ने निकाली कलश यात्रा



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार** : पेटरवार सूर्य उपासना का महान पर्व छठ को लेकर भास्कर सेवा समिति पेटरवार की ओर से गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। इसके मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी और विशिष्ठ अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष चितरंजन साव मौजूद रहे। बता दे कि मध्य विद्यालय पेटरवार के पास भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित कर गुरुवार से श्रद्धालुओं की ओर से पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी गई है। इसी निमित गुरुवार को 251 कलश के साथ जल यात्रा निकाली गई। यह जलयात्रा भगत गली से निकलकर मठ टोला, मुखिया टोला, ठाकुर टोला, सहाय टोला, खत्री मुहल्ला होते हुए राजा तालाब पहुंची जहां पर वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भर कर और शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां पर कलश को स्थापित किया गया। इस मौके पर भास्कर सेवा समिति के अध्यक्ष मधुसूदन प्रसाद, सचिव दीपचंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण प्रसाद, समाजसेवी धीरज कुमार उर्फ बबली, मनीष प्रसाद, राम प्रकाश, गोपाल प्रसाद, राम कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, चंद्र प्रकाश प्रसाद, भुनेश्वर मुंडा, रवि प्रजापति, अमित महतो, किशन नायक, जीतलाल केवट, शंकर गुप्ता, आचार्य शंकर दास गुरु सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आपदा के शिकार परिवारों को मिलेगा आशियाना

# उपायुक्त ने किया प्रचार रथ को रवाना



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** अबुआ आवास योजना का शुभारंभ वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मेघा भारद्वाज, अध्यक्ष जिला परिषद रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा अबुआ आवास योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सभी प्रखंड, सभी पंचायत में प्रचार-प्रसार करेगा। दिनांक 24 नवम्बर से 26 नवम्बर तक आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन लिए जाएंगे। लाभुक से आवेदन प्राप्त करते समय मोबाईल नम्बर, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता का विवरण लिया जाएगा। वहीं कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवास विहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार, आपदा के शिकार परिवार, कानूनी तौर पर रिहा किये गए बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार, जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास का लाभ नही दिया गया हो को इसका लाभ दिया जाएगा।

## उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में विद्यालय को भेजे गए विद्यालय अनुदान राशि के उपयोग एवं व्यय, वित्तीय वर्ष 2023-24 में कक्षा एक एवं दो के विद्यार्थियों हेतु पोशाक की क्रय एवं राशि की व्यय की स्थिति, वित्तीय वर्ष 2023-24 में विद्यार्थियों को देय मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृति योजना, कक्षा 03 से 08 के विद्यार्थियों को निःशुल्क पोशाक, विद्यार्थियों को साईकिल उपलब्ध कराने हेतु विद्यार्थियों का बैंक खाता एवं आधार खाता सहित सूची, ई-विद्यावाहिनी में विद्यार्थियों का आधार एवं बैंक खाता के सत्यापन संबंधित प्रतिवेदन, ई-विद्यावाहिनी अन्तर्गत शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण की स्थिति, विद्यालय विकास योजना का सामेकित प्रतिवेदन, व्यवसायिक शिक्षा अन्तर्गत कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत छात्रों की सूची उपलब्धता समेत कई बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने सभी कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों का बैंक में खाता खुलवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही विद्यालय में शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो, सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही जिला स्तरीय स्टेरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## बीडीओ ने दिए निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की गई। बीडीओ गौतम कुमार ने उपस्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक को निर्देशित किया कि सरकार आपके द्वार से संबंधित आवश्यक कार्यक्रम में भाग लें। साथ ही सभी संचालको को निर्देश दिया कि झारखंड फसल राहत योजना एवं पीएम किसान योजना के लाभुकों का इ केवाईसी मिशन मोड में करना सुनिश्चित करें। उसके अलावे शिविर एवं पंचायत भवन में दिन प्रतिदिन जो आम जनों की शिकायतें) आवेदन पत्र आता1 है उसे सही प्रक्रिया के तहत निष्पादन करना सुनिश्चित करें एवं संबंधित कर्मी एवं पदाधिकारी को संसूचित करें। मौके पर अंचल कर्मी राकेश कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथिलेश कुमार, रणधीर कुमार राणा, संजय मोदी, सुजीत मोदी, सूरज पंडित, मुनाफ यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## माध्यम. > जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम

# पत्रकारिता के उच्चतम मापदण्डों को अपनाने की जरूरत :डीसी

राष्ट्रीय खबर




**कुडू:**राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर आज सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) स्थित सभागार में सेमिनार-सह-संगोष्ठी आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उपायुक्त, लोहरदगा ने कहा कि आजादी के आंदोलन में पत्रकारिता की भूमिका रही। आंदोलन के दौरान महात्मा गाँधी, बाल गंगाधर तिलक, न्यायमूर्ति राणाडे, आगरकर जी ने अपने-अपने तरीके से पत्रकारिता के जरिये आंदोलन को मजबूती दी। उस समय जिस मापदण्ड को पत्रकारिता के जरिये पत्रकारों ने स्थापित किया था वह बहुत उच्च स्तर का था। वर्तमान में उसी मापदण्ड को अपनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में पत्रकारों को पुराने पत्राकारों के द्वारा लिखे गये लेखों को पढ़ना चाहिए ताकि इससे लेखन शैली को और सुधारने में मदद मिलेगी। समाचार-पत्रों के जरिये उन्होंने पत्रकारिता को मजबूत बनाया। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ने कहा कि पत्रकारिता में सही और तथ्य की पुष्टि कर समाचार जारी करना बहुत जरूरी है। आज प्रतियोगिता का जमाना है लेकिन इस वजह से किसी समाचार को बिना सत्यापन जारी नहीं कर देना है। गलत समाचार जारी करने से उसकी विश्वसनीयता घटती है। आज चुनौतियां बहुत अधिक है। अपनी स्किल मजबूत करने के लिए पढ़ना बहुत जरूरी है। लोहरदगा जिला के पत्रकारों में बहुत प्रतिभा है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। साथ ही, संविधान का पालन भी करना जरूरी है।अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देती है तथा 19(2) सीमाएं तय करती है।कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रशासनिक खबरों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पत्रकार बंधु करते हैं। समाज को जागरूक करने में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है।आज के कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के ब्यूरोचीफ/संवाददाता व जिला जनसम्पर्क कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### हुकूम का तामिल करने में चालक की फंसी जान

**कुडू** :गरीब आदिवासी को दोष मुक्त किया जाए सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने रेलवे के डीआरएम कार्यालय रांची एवं रेलवे सुरक्षा बल ,कमांडेंट ,रांची को मांग पत्र सौंपते हुए कहा है कि पिछले दिनों लोहरदगा रेलवे की जमीन में मुक्तिधाम के समीप संवेदक के द्वारा अनाधिकृत तौर पर अपने कार्य हेतु एक बड़ा सा गड्ढा खोद दिया गया था ,जिस पर रेलवे पुलिस ने संज्ञान लिया था, लेकिन इस मामले में एक सोची समझी चाल के तहत नगर परिषद के जेसीबी चालक गरीब आदिवासी लालू कुजूर ,कुटुमू, किस्को मोड निवासी पर मामला दर्ज करके फँसा दिया गया, जबकि कार्य करा रहे संवेदक को खुले तौर पर छोड़ दिया गया और ऐसी भी सूचना आ रही है कि इस संवेदक ने ही लालू कुजूर की जमानत भी ली है ,तो कहीं ना कहीं एक गरीब आदिवासी को बलि का बकरा बना दिया गया, इस मुद्दे को लेकर सामाजिक विचार मंच ने दोनों आला अधिकारियों से मांग की है कि गरीब लालू कुजूर को इस केस से दोष मुक्त किया जाए और असली गुनहगार पर मुकदमा दर्ज किया जाए, क्योंकि लालू कुजुर दैनिक भोगी, अनुबंध पर कार्य करता है, कल उसे कार्य से हटा दिया गया तो केस का खर्च भी वह लगा नहीं पाएगा .सामाजिक विचार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही नगर परिषद के प्रशासक से भी मिलेगा और उनसे यह जानकारी हासिल करेगा की नगर परिषद की जेसीबी इस कार्य के लिए ली गई थी उसका भाड़ा मिला है या नहीं, और जेसीबी लेने के लिए जो प्रक्रिया है। वह भी पूरी की गई थी या नहीं जो पेनल्टी लगाई गई है उस पेनल्टी का भुगतान किसने किया है इस पूरे प्रकरण में जितने दिन जेसीबी जब्त होने तक खड़ी रही, उसका भुगतान किसी ने किया है या नहीं ।क्योंकि यह राजस्व से जुड़ा मामला भी है. लालू कुजूर को न्याय नहीं मिलने की स्थिति में सामाजिक विचार मंच आंदोलन करने पर भी विचार करेगी।कल तक जो जेसीबी लोहरदगा नगर क्षेत्र में देखी जा रही थी आज वह जेसीबी पुनः रेलवे थाने में लगाई गई है ,जिससे उम्मीद जगी है कि एक गरीब आदिवासी को नयाय मिलेगा, मैं तमाम आदिवासी संगठनों के नेताओं से भी निवेदन करता हूं कि इस मामले पर खुलकर सामने आए और एक गरीब आदिवासी को न्याय दिलवाएं ताकि आगे के लिए बड़े-बड़े पैसे वालों को सबक मिले कि किसी गरीब के साथ खिलवाड़ नहीं करना है कौन है वह ठेकेदार जिसके धन बल के सामने रेलवे पुलिस भी नतमस्तक थी, सरकारी रिकॉर्ड में जो संपत्ति को जप्त दिखाया गया, वह खुले तौर पर बाजार में काम कर रही थी ,सवाल यह उठता है इतना रसूखदार ठेकेदार कौन है।

### चित्रगुप्त भगवान की पूजा धूम धाम से संपन्न



**झुमरीतिलैया:** चित्रगुप्त नगर, झुमरीतिलैया स्थित चित्रगुप्त मन्दिर प्रांगण में भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा बड़े ही धूम धाम संपन्न हुई। पूजा में चित्रांश भिखारी प्रसाद सिन्हा, नीरज कुमार, गौतम कुमार, रविन्द्र कुमार मोती, ओंकार सिन्हा, संजीत सिन्हा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, शैलेन्द्र कुमार अभय, ब्रह्मदेव प्रसाद, अरविंद कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा सहित काफी संख्या में चित्रांशों ने भाग लिया। पूजा राम लखन पांडेय ने सम्पन्न करवाई। पूजा के बाद प्रसाद वितरण हुआ, प्रसाद वितरण में मयंक कुमार, कृतार्थ, स्वयम, अक्षत,यस, गोलू, कान्हा, कार्तिकेन आदि ने अहम भूमिका निभाई। गुरुवार को सुबह 9 बजे हवन का कार्यक्रम तथा संध्या 4 बजे प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। पूजा को सफल बनाने में पूजा समिति के रविन्द्र कुमार मोती, ओंकार सिन्हा, नीरज कुमार, गौतम कुमार, ऋषिकांत, शैलेन्द्र कुमार अभय ने अहम भूमिका निभाई। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार अभय ने पूजा को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए उन सबका आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस पूजा में किसी भी प्रकार का सहयोग दिया है।

### बिरहोर की मौत, परिजनों को मिली मदद



**मरकच्चो:** प्रखंड के दक्षिणी पंचायत स्थित ग्राम तेलियामारन बिरहोर टोला निवासी मंगर बिरहोर का निधन इलाज के दौरान कोडरमा सदर अस्पताल में बुधवार की रात्रि हो गया। मालूम हो कि मंगर बिरहोर को चार दिन पूर्व लकवा मार दिया था जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। उनके निधन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पप्पू रज्जक, दक्षिणी पंचायत के पूर्व मुखिया अनुराधा सीता, पंचायत सचिव श्याम सुन्दर यादव द्वारा आर्थिक मदद किया गया। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कमल किशोर सिंह ने उनके परिजनों को 50 किलो चावल देकर मदद किया। इस मौके पर समाजसेवी सरफुद्दीन अंसारी, अफजल अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### 70 लाभुकों को मिला गैस कनेक्शन



**मरकच्चो:** प्रखंड मुख्यालय स्थित त्रिदेव ग्रामीण गैस वितरक मरकच्चो के द्वारा गुरुवार को गैस गोदाम के समीप 70 लाभुकों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला के तहत कनेक्शन के साथ वितरण किया गया। त्रिदेव गैस एजेंसी के प्रोपराइटर शंकर साव ने बताया कि राजेंद्र दास, राजकुमार, रंजीत कुमार, प्रवीण पांडे ने छठ पर्व को देखते हुए कार्ड तैयार कर वितरण किया और लगभग दो सौ आवेदन की जांच की है। इन्हें भी जल्द ही वितरण किया जाएगा। वहीं सभी लाभुकों को चूल्हा एक टंकी गैस 14 किलो 200 ग्राम पाइप रेगुलेटर मुफ्त में दिया गया। इस मौके पर लाभुक लक्ष्मी कुमारी, भागिया देवी, सविता कुमारी, रुबी कुमारी, फुलवा देवी, अरमान खातून समेत अन्य लाभुक मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### विश्वकप का दूसरा सेमीफाइनल: बारिश के कारण 14 ओवर के बाद रोका गया द.अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया मुकाबला



**कोलकाता** :दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को ईडन गार्डन स्टेडियम में खेले जा रहे आईसीसी विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले को बारिश के कारण 14 ओवर के बाद खेल को रोक दिया गया है। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय दक्षिण अफ्रीका ने 14 ओवर के बाद चार विकेट के नुकसान पर 44 रन बना लिये है। दक्षिण अफ्रीका ने बारिश की आशंका के मद्देनजर आज यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक तीन रन और तेम्बा बावुमा शून्य को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हेजलवुड और स्टार्क ने आठ रन के स्कोर पर तीसरे ओवर में पवेलियन भेज दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज दबाव में देखे गये। 11वें ओवर में स्टार्क ने एडेन मारक्रम 10 रन पर आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। इसके अगले ओवर में हेजलवुड ने रासी वान डेर डुसेन छह रन को अपना शिकार बनाते हुए दक्षिण अफ्रीका चौथा झटका दिया। 14 ओवर के बाद बारिश के कारण खेल रोके जाने पर दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट के नुकसान पर 44 रन बना लिये है। हेनरिक क्लासेन 10 रन और डेविड मिलर 10 रन बनाकर क्रीज पर है। अभी तक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाये रखा है।

### अल्कराज ने रूबलेव को हराकर अंतिम चार की उम्मीदों को जिंदा रखा



**ट्यूरिन** :स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने एटीपी फाइनल्स के मुकाबले में रूस के आंद्रे रुबलेव को हराकर अंतिम चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। अल्कराज ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने एंड्री रुबलेव को 7-5, 6-2 से हराकर सत्र की अपनी 65वीं मैच जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज पिछले कुछ महीनों से फॉर्म और फिटनेस से जूझ रहे हैं और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अपना पहला रेड ग्रुप मैच हारने के बाद संभावित रूप से जल्दी बाहर होने की कगार पर थे। अलकराज शुक्रवार को डेनियल मेदवेदेव से मुकाबला करेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का किया फैसला

**कोलकाता** : दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को आईसीसी विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ईडन गार्डन स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के पीछे मौसम को देखकर किया है। हालांकि मैं टीम की मजबूती के साथ जा रहा हूं। सौ प्रतिशत फिट नहीं हूं, लेकिन अच्छा करना चाहूंगा। सबको अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हम भी पहले बल्लेबाजी करना पसंद करते। हालांकि बादल छाए हुए हैं तो पहले गेंदबाजी में भी मदद मिलने की उम्मीद है। हम पहले भी ऐसी परिस्थितियों में रह चुके हैं। कुछ मैचों में हम बहुत अच्छा नहीं खेले, लेकिन पिछले सात मैचों से लड़के काफी सकारात्मक रहे हैं।दोनों टीमें इस प्रकार है :-**दक्षिण अफ्रीका**: क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), तेम्बा बावुमा (कप्तान), रासी वान डेर डुसेन, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, एंडिले फेहुक्वायो, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी **ऑस्ट्रेलिया**:ट्रेविस हेड, डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, पैट कमिंस (कप्तान), ऐडम जैम्पा, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क आदि खिलाड़ी।

विश्वकप

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गये विश्वकप के

# पहले सेमीफाइनल में पिच की साजिश की बातें मूर्खतापूर्ण:सुनील गावस्कर





एजेंसियां

**मुम्बई :** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच कल खेले गये विश्वकप के पहले सेमीफाइनल पिच की साजिश की बात मूर्खतापूर्ण करार दिया है। मुकाबले के बाद गावस्कर ने कहा, ''जो भी मूर्ख पिच बदलने की बात कर रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि वे चुप होंगे और भारत को निशाना बनाना बंद करेंगे। पिच बदलाव की बातें मत करो। यह दोनों टीम के लिए थी।'' उन्होंने कहा, ''दूसरा सेमीफाइनल अभी हुआ नहीं है और वे अहमदाबाद में पिच बदलाव की बात कर रहे हैं।'' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भी बाद में स्पष्ट किया कि सतह में बदलाव से पहले स्वतंत्र पिच सलाहकार एंडी एटकिंसन को विश्वास में लिया गया था। परिषद ने कहा, ''अंत समय में पिच बदलाव सामान्य प्रक्रिया है क्योंकि इस तरह का टूर्नामेंट लंबा होता है और पहले भी यह कई बार हो चुका है।'' उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन हमारे मेजबान के साथ मिलकर आयोजन स्थल क्यूरेटर की सिफारिश पर किया गया था। आईसीसी ने कहा एटकिंसन हमारे स्वतंत्र पिच सलाहकार हैं और उन्हें बदलाव की जानकारी थी। आईसीसी ने कहा, ''आईसीसी के स्वतंत्र पिच सलाहकार को बदलाव के बारे में बताया गया था और उनके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि पिच अच्छा नहीं खेलेगी।''

आईसीसी विश्वकप में खेल परिस्थितियों के अनुसार मेजबान एसोसिएशन को पिच को चुनने और तैयार करने की जिम्मेदार है और ऐसी कोई जरूरी नहीं है कि नॉकआउट मैच ताजा पिचों पर ही खेले जाएं।

## खेल जगत अपडेट्स »

### शाहीन अफरीदी टी20 टीम के बनें कप्तान



**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान में बाबर आजम के कप्तानी छोड़ने के बाद शाहीन शाह अफरीदी टी-20 टीम के कप्तान होंगे और शान मसूद टेस्ट कप्तान होंगे।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह घोषणा की है। पीसीबी ने कहा, वनडे कप्तानी पर फैसला उचित समय पर किया जाएगा। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पीसीबी ने यह भी पुष्टि की है कि आने वाले महीनों में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरों के लिए कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया जाएगा। उन्होंने अपने बयान में कहा,''पीसीबी ने निदेशक क्रिकेट मिकी आर्थर सहित पूरे कोचिंग स्टाफ का पोर्टफोलियो बदल दिया है। सभी कोच राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में काम करना जारी रखेंगे, जबकि पीसीबी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आगामी श्रृंखला के लिए नए कोचिंग स्टाफ की घोषणा करेगा।''

## हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप चेन्नई में आज से



एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : उन्नीस टीमें शुक्रवार से शुरु होने वाली 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। हॉकी इंडिया के अनुसार इस टूर्नामेंट में 19 टीमें 28 नवंबर को खेले जाने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इन टीमों को आठ पूलों में विभाजित किया है। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि पूल ए में मौजूदा चैंपियन हरियाणा, छत्तीसगढ़ और हॉकी गुजरात शामिल है। तमिलनाडु, हिमाचल और असम को पूल बी में रखा गया है। पूल सी में कर्नाटक, बिहार, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव है। पूल डी में महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड और त्रिपुरा हैं। पूल ई में बंगाल, मध्यप्रदेश, जम्मू और कश्मीर और मणिपुर के बीच मुकाबला होगा। पूल एफ में झारखंड, चंडीगढ़, आंध्रप्रदेश और गोवा है। पूल जी में उत्तर प्रदेश, पुडुचेरी, केरल और राजस्थान है। इस बीच, पूल एच में दिल्ली, ओडिशा, तेलंगाना और अरुणाचल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूल में शीर्ष में रहने वाली टीम क्वार्टर-फाइनल में मुकाबला करेगी। क्व ार्टर फाइनल की विजेता टीमें 27 नवंबर को सेमीफाइनल खेलेगी। 28 नवंबर को फाइनल खेला जायेगा। इस टूर्नामेंट में नेशनल कोर ग्रुप के कुल 31 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, आकाशदीप सिंह, कृष्ण बी पाठक, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और गुरिंदर सिंह हॉकी पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बीच, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का प्रतिनिधित्व अमित रोहिदास, नीलम संजीप जेस, दिपसन टिर्की और शिलानंद लाकड़ा करेंगे। उत्तर प्रदेश हॉकी से ललित कुमार उपाध्याय, राजकुमार पाल, पवन राजभर और प्रशांत कुमार चौहान खेलेंगे। हॉकी हरियाणा सुमित, संजय, अभिषेक, मंदीप मोर, पवन मलिक, यशदीप सिवाच और मंजीत के साथ अपने खिताब की रक्षा करना चाहेगा जबकि विवेक सागर प्रसाद हॉकी मध्य प्रदेश के लिए मैदान में उतरेंगे। नीलकंठ शर्मा मणिपुर हॉकी के लिए खेलेंगे, मोहम्मद राहील मौसीन हॉकी कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करेंगे, सूरज करकेरा हॉकी महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे, मनिंदर सिंह हॉकी चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि स्थानीय लड़के एस. कार्थी पिछले साल के उपविजेता, तमिलनाडु हॉकी इकाई का नेतृत्व करेंगे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टूर्नामेंट से पहले कहा, ''मैं चेन्नई वापस जाने और हॉकी खेलने के लिए उत्साहित हूं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के दौरान हमें मिले जबरदस्त समर्थन ने हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की, इसलिए मुझे उम्मीद है कि चेन्नई के निवासी फिर से बड़ी संख्या में आएंगे।

## आईओसी ने टीएचएफ को दिया ओलंपिक कप का पुरस्कार



एजेंसियां

**जिनेवा** :अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) दुनिया भर में शरणार्थी एथलीटों और शरणार्थियों का समर्थन करने की प्रतिबद्धता के तहत ताइक्व ांडो 'मैनिटेरियन फाउंडेशन (टीएचएफ) को वर्ष 2023 ओलंपिक कप से सम्मानित किया है। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख ने बुधवार को लॉजेन शहर के ओलंपिक संग्रहालय में एक समारोह में टीएचएफ को ओलंपिक कप से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ''विश्व तायक्व ोंडो, अपनी नींव के माध्यम से, दुनिया में अच्छाई के लिए एक शक्ति के रूप में खेल में हमारे विश्वास को साझा करता है।'' उन्होंने कहा कि तायक्वोंडो 'मैनिटेरियन फाउंडेशन खेल की इस शक्ति को उन लोगों तक पहुंचाता है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। दुनिया भर के शरणार्थियों के लिए और विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए, तायक्वोंडो के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना और शिक्षित करना। आईओसी ने कहा कि टीएचएफ का लक्ष्य तायक्वोडो के माध्यम से दुनिया भर में शरणार्थियों को सशक्त बनाना है, जिससे उन्हें अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने, अपने जीवन कौशल विकसित करने, ओलंपिक मूल्यों को सीखने और अपने सपनों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## 'टाइगर 3' ने 150 करोड़ से अधिक की कमाई की



एजेंसियां

**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 ने चार दिनों में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। सलमान खान ,कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म टाइगर 3 दीवाली के अवसर पर 12 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। 'टाइगर 3' दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। टाइगर 3 में सलमान खान ,कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी लीड रोल में नजर आए हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी ने विलेन का किरदार निभाया है। 'टाइगर 3' ने पहले दिन 44.5 करोड़ रुपए के साथ ओपेनिंग की थी। दूसरे दिन फिल्म ने 59 करोड़ रुपए तीसरे दिन 42.50 करोड़ रुपए कमाये हैं। वहीं अब चौथे दिन का कलेक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं। चार दिन मिलाकर टाइगर 3 ने करीब 160 करोड़ की कमाई कर ली है। टाइगर 3 से पहले इस फ्रेंचाइजी के दो पार्ट एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) रिलीज हो चुके हैं।फिल्म टाइगर 3 का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। टाइगर 3 हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।

## 24 नवंबर को रिलीज होगी अश्लेषा ठाकुर की फिल्म 'शांतला'

एजेंसियां



**मुंबई** : अभिनेत्री अश्लेषा ठाकुर की बहुप्रतीक्षित मल्टीलैंग्वेज में बनी हिंदी फिल्म 'शांतला' 24 नवम्बर को पैन इंडिया रिलीज होने जा रही है। अश्लेषा ठाकुर को इसके पहले अमेजन प्राइम की वेबसीरिज फैमिली मैन में देखा गया था । फिल्म 'शांतला' में वह लीड कैरेक्टर प्ले कर रही हैं। उनके साथ इस फिल्म में निहाल कोढती मुख्य भूमिका में होंगे। मूल रूप से फिल्म 'शांतला' तेलुगु में बनी है लेकिन इसे एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया जा रहा है। इंडो अमेरिकन आर्ट्स के बैनर तले बनी फिल्म 'शांतला' के निर्माता डॉक्टर इरैंकि सुरेश हैं, निर्देशक सेषु पेद्दी रेड्डी, जबकि संवाद लिखे हैं साई माधव बुर्रा ने । फिल्म 'शांतला' में संगीत विशाल चंद्रशेखर ने दिया है वहीं गीत , भास्कर भाटला,श्रीमनी और कृष्ण कांत ने लिखे है। इस फिल्म में अश्लेषा ठाकुर के साथ निहाल, विनोद कुमार, वीणा नायर, मंजू भार्गवी , दीपक , रेखा निरोशा, फाल्गुनी, आनंद चक्रपाणी, एवं शिव पार्वती ने अहम भूमिका निभायी है।

## 'दिल मिल गए' का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई** : रोमांटिक फिल्म दिल मिल गए का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म दिल मिल गये में चार दोस्तों की कहानी है। इस फिल्म का ऑफिशल ट्रेलर यशी फिल्म पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म के निर्देशक राजीव रंजन दास है जबकि निर्माता जय यादव, महेश उपाध्याय, प्रमोद मिश्रा और कविता जायसवाल है। यह फिल्म जय यादव फिल्म और एस आर वी प्रोडक्शन हाउस प्रस्तुत की गयी है।फिल्म दिल मिल गए के निर्देशक राजीव रंजन दास ने कहा कि हमने यह फिल्म बेहद ही खूबसूरती से बड़े कैमरे पर उतारने की कोशिश की है। उसका स्क्रीन प्ले और कथानक बेहद कमाल का है। मुझे उम्मीद है ऐसी दर्शकों को यह बेहद पसंद आने वाली है। फिल्म में सभी कलाकारों ने बेहद खूबसूरती के साथ काम किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 17 नवंबर को शाम 6 बजे जी बाईस्कोप पर होगा। दिल मिल गये में जय यादव, निहारिका पवार, रितिका शर्मा, शरद वर्मा, देव सिंह, प्रकाश जैस, अयाज खान, श्रद्धा नवल,हीरा लाल यादव, बबलू खान, मयंक कौशल, धर्मेंद्र श्रीवास्तव,राजेश गुप्ता मुख्य भूमिका में हैं। बाल कलाकार राज मिश्रा, रौनक मिश्रा, अदिति यादव(टिमटिम) आयुषी सिंह (अप्सरा) हैं। कार्यकारी निर्माता महेश उपाध्याय एवं आशीष दुबे हैं। संगीत विष्णु मिश्रा, करन वाही है। गीतकार शेखर मधुर, राजू राजा आयांकन संतोष पाल व डी. के. शर्मा हैं।

## राकेश मिश्रा का छठ गीत कनिया छठ कररतारी रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का छठ गीत कनिया छठ कररतारी रिलीज हो गया है। कनिया छठ कररतारी गीत राकेश मिश्रा ऑफिशियल पर रिलीज हुआ है।वहीं, राकेश मिश्रा ने छठ गीत कनिया छठ कररतारी को लेकर कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा बिहार और भोजपुरी भाषियों के एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जो चार दिनों तक चलता है। हमने अपने इस गाने में इस छठ व्रत की महिमा के साथ-साथ इसमें आस्था रखने वाली परंपरा को स्थापित किया है। जिसे हर कोई अपने आप से जोड़ पाएगा। यह प्रकृति पर्व है जिसमें उगते सूर्य के साथ-साथ डूबते सूर्य की भी पूजा की जाती है। छठ पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है और यह हमें अपनों से जोड़ती है।

## अरविंद अकेला कल्लू का छठ गीत गोदी में ललनवा रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई** : भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू का छठ गीत गोदी में ललनवा रिलीज हो गया है। गोदी में ललनवा गीत के माध्यम से कल्लू ने एक ब्याही मां की पीड़ा को हरने के लिए छठ पर्व के महत्व को बताया है। कल्लू का यह गाना उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल कल्लू म्यूजिक वर्ल्ड पर रिलीज हुआ है।वहीं, छठ गीत गोदी में ललनवा को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गीत बेहद भावनात्मक और छठ मां की महिमा को दर्शाने वाला है। इस गीत से कोई भी दिल से जुड़ जाएगा। यह गाना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मेरे भी दिल के करीब है। उन्होंने कहा कि छठ गीत गोदी में ललनवा को गाते वक्त कई बार मेरा गला रूंध गया। छठी मां की भक्ति में इतनी शक्ति है कि वे सबों का दुख हरती हैं। कल से ये पर्व शुरू हो रहा है, लेकिन इस पर्व में संगीत का बेहद महत्व होता है।

## रितेश पांडेय का गाना यूपी बिहार जगमगाए लागल रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक रितेश पांडेय का छठ गीत यूपी बिहार जगमगाए लागल रिलीज हो गया है। रितेश पांडेय का लोकगीत यूपी बिहार जगमगाए लागल रिलीज रिद्धि म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना यूपी बिहार जगमगाए लागल को लेकर रितेश पांडेय ने कहा कि महापर्व छठ सिर्फ एक त्यौहार नहीं यह संपूर्ण यूपी और बिहार के लोगों की आस्था का प्रतीक है। इस पर्व में शुद्धता के साथ पूरी श्रद्धा का ख्याल रखा जाता है और प्रति सुबह और शाम भगवान भास्कर को अर्घ देकर उनकी पूजा करते हैं। यह चार दिनों तक चलने वाला अनुष्ठान भक्ति और भाव विभोर वाला होता है जिसमें हर कोई एक दूसरे के साथ मिलकर इस अनुष्ठान को संपन्न करते हैं। दीपावली के बाद से ही छठ पूजा की गहमागहमी शुरू हो जाती है, जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। जिससे हमने अपने इस गीत में पिरोकर आपके सामने प्रस्तुत किया है उम्मीद करते हैं कि यह आप सबों को बेहद पसंद आयेगा। गाना यूपी बिहार जगमगाए लागल के गीतकार न्यू नागेंद्र है, जबकि संगीतकार डी पी यादव हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**भिण्ड :** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मालनपुर थाना क्षेत्र के गुरीखा चौराहे नेशनल हाईवे पर कल एक कार चालक ने दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में एक मोटरसाइकिल पर सवार पति-पत्नी श्वेता और राहुल गुप्ता की मौत हो गयी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें: राजन

**भोपाल :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाते हुए अपना मतदान करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि 17 नवम्बर को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर शत :प्रतिशत मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि नागरिक समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं के सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को और अधिक समृद्ध बनाने और संवैधानिक कर्त्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। निर्वाचन प्रक्रिया में राज्य के प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है। विधानसभा निर्वाचन :2023 के लिये 17 नवम्बर को मतदान है। उन्होंने राज्य के प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भीक होकर अवशय मतदान करने की अपील की है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राजस्थान में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में अपना घोषणा पत्र किया जारी

**जयपुर :** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के लिए गुरुवार को यहां अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने यहां भाजपा मीडिया सेंटर में पार्टी के राजस्थान विधानसभा चुनाव संकल्प :पत्र का विमोचन किया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर शहर में एंटी रोमियो फोर्स तैयार की जाएगी और हर थाने में एक महिला डेस्क बनाई जाएगी। जिन किसानों की जमीन कुर्क हो गई है, उन्हें मुआवजा देने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी वहीं गेहूं की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के ऊपर बोनस देते हुए 2700 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदी जाएगी। छात्राओं को स्कूटी जैसी सुविधाएं देने का वादा किया गया है वहीं आमजन को महंगाई से राहत देने के लिए 450 रुपए में रसोई गैस देने का वादा किया गया है। केजी से पीजी तक पढ़ाई नि :शुल्क करने का वादा भी घोषणा पत्र में किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष किया जायेगा। मुख्यमंत्री किसान शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत सभी लघु सीमांत, बटाईदार किसानों और खेतिहर श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने का वादा भी किया गया है। इसके अलावा 20 हजार करोड़ के साथ एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू किया जायेगा, जिसके अंतर्गत प्रदेश भर में छंटाई एवं ग्रेडिंग यूनिट, कोल्ड चेन चेम्बर्स, गोदाम, प्रोसेसिंग सेंटर आदि का निर्माण किया जाएगा।

**मिसाइल हमला** 43 वर्षीय पायलट की मौत हो गई, तीन फिलिपिनो और एक बंदरगाह कर्मचारी घायल

# रूस के जबर्दस्त हमले में जहाज को नुकसान

- काला सागर बंदरगाह पर यह 21वां हमला है
- जहाज को चीन में लौह अयस्क ले जाना था

**एजेंसियां**



**कियेब:** रूस ने यूक्रेनी काला सागर बंदरगाह पर नागरिक जहाज पर घातक मिसाइल हमला किया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि एक रूसी मिसाइल ने एक मालवाहक जहाज पर हमला कर दिया, जब वह ओडेसा के यूक्रेनी काला सागर बंदरगाह पर खड़ा था, जिससे पायलट की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यूक्रेन की दक्षिणी सैन्य कमान ने कहा कि काला सागर में एक रूसी सामरिक विमान ने बुधवार दोपहर जहाज पर एंटी-रडार मिसाइल दागी। ऑपरेशनल कमांड साउथ ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, बंदरगाह में प्रवेश के समय रॉकेट ने लाइबेरिया के झंडे के नीचे एक नागरिक जहाज के अधिरचना पर हमला किया। जहाज के 43 वर्षीय पायलट की मौत हो गई, और तीन फिलिपिनो चालक दल के सदस्य और एक बंदरगाह कर्मचारी घायल हो गए।

इस साल की शुरूआत में काला सागर के रास्ते अनाज के सुरक्षित मार्ग की गारंटी देने वाले संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले समझौते से हटने के बाद से रूस ने बार-बार यूक्रेनी बंदरगाहों पर हमला किया है। रूस के हटने के बाद यूक्रेन ने वास्तव में रूसी नाकाबंदी को रोकने की कोशिश करने के लिए अपना स्वयं का मानवीय गलियारा शुरू किया।

यूक्रेन के बुनियादी ढांचा मंत्री ऑलेक्जेडर कुब्राकोव ने कहा कि जहाज को चीन में लौह अयस्क ले जाना था, और बताया कि रूसी हमलों ने यूक्रेनी बुनियादी ढांचे पर व्यापक क्षति पहुंचाई है क्योंकि इससे अनाज सौदा समाप्त हो गया था। जुलाई में रूस द्वारा अनाज समझौता छोड़ने के बाद से ओडेसा क्षेत्र में काला सागर बंदरगाहों पर यह 21वां हमला है। इस दौरान, रूस ने 160 से अधिक बुनियादी सुविधाओं और 122 परिवहन वाहनों को नुकसान पहुंचाया, कुबराकोव ने फेसबुक पर लिखा। मंत्री ने कहा, यही कारण है कि यूक्रेन हवाई रक्षा को मजबूत करने और यूक्रेन के दक्षिण को रूसी आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए सब कुछ कर रहा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने रूसी हमले की जांच शुरू कर दी है।

यूक्रेन, जिसे अक्सर यूरोप की रोटी की टोकरी कहा जाता है, अनाज का एक प्रमुख निर्यातक है, जिसका अधिकांश भाग अफ्रीका के विकासशील देशों को भेजा जाता है। रूस द्वारा देश पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद, इसकी नौसेना ने यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों को अवरुद्ध कर दिया, जिससे यूक्रेन को अपनी फसलों का निर्यात करने से रोक दिया गया।

जुलाई 2022 में रूस द्वारा काला सागर अनाज पहल पर सहमत होने से पहले, कई महीनों तक नाकाबंदी बनी रही - संयुक्त राष्ट्र और तुर्की की मध्यस्थता में एक बड़ी कूटनीतिक सफलता - जिसने अनाज के निर्यात को सीमित अवधि के लिए जारी रखने की अनुमति दी।

इस सौदे को कई बार नवीनीकृत किया गया, लेकिन रूस ने अंततः इस साल जुलाई में इसे समाप्त होने दिया। रूस ने अपनी नाकाबंदी फिर से शुरू कर दी और यूक्रेन के बंदरगाहों और अनाज भंडारण बुनियादी ढांचे पर लंबे समय तक बमबारी की।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने उस समय चेतावनी दी थी कि काला सागर से यूक्रेनी बंदरगाहों तक जाने वाले सभी जहाजों को सैन्य माल के संभावित वाहक के रूप में माना जाएगा।

यूक्रेन ने कहा कि रूस नागरिक जहाजों को धमकी देकर उसके अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का घोर उल्लंघन कर रहा है। इसके विदेश मंत्रालय ने रूस की कार्रवाइयों को बाजार से एक प्रतिस्पर्धी को खत्म करने, जानबूझकर विश्व खाद्य कीमतों में वृद्धि करने और दुनिया भर के लाखों लोगों की पीड़ा की कीमत पर खुद को समृद्ध करने के प्रयास के रूप में वर्णित किया। तब से यूक्रेन ने डेन्यूब नदी के माध्यम से अनाज का निर्यात करके और पोलैंड और लिथुआनिया के साथ एक समझौते के माध्यम से रूस की नाकाबंदी को रोकने का प्रयास किया है, जो निर्यात में तेजी लाने के लिए यूक्रेनी-पोलिश सीमा के लिए कुछ सीमा जांच को क्लेपेडा के लिथुआनियाई बंदरगाह में स्थानांतरित कर देगा।

# शाह भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो करेंगे



**एजेंसियां**

**अजमेर:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को अजमेर जिले के विजयनगर एवं नसीराबाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा तथा रोड शो करेंगे। अजमेर देहात भाजपा अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने बताया कि प्रदेश से मिले अधिकृत कार्यक्रम के मुताबिक शाह कल मसूदा विधानसभा के विजयनगर में भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह कानावत तथा नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप लाम्बा के समर्थन में आमसभा करेंगे। अजमेर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि शाह सायं चार बजे अजमेर पहुंच कर दोनों क्षेत्रों अजमेर उत्तर एवं दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों क्रमशः वासुदेव देवनानी एवं अनीता भदेल के समर्थन में रोड शो कर उन्हें जीताने की अपील करेंगे। शहर भाजपा शाह के रोड शो को लेकर उत्साहित है और तैयारियों में जुटी है । बताया जा रहा है कि भाजपा स्टार प्रचारक अमित शाह शाम सात बजे किशनगढ़ हवाई अड्डे से दिल्ली लौट जायेंगे।

# किम की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं: क्रेमलिन



**एजेंसियां**

**मास्को:** रुसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने इन पश्चिमी चिंताओं के बीच कि दोनों (मास्को व प्योंगयांग अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की चल रही यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। किम रूसी सुदूर पूर्व में अपने एकांतप्रिय देश से बाहर एक दुर्लभ यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। डॉन समाचारपत्र की आज जारी रिपोर्ट के मुताबिक माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोलाःबारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है, जबकि प्योंगयांग अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो प्योंगयांग पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। क्रेमलि'संभावनाएं' देखीं। मॉस्को ने कहा कि रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया। साथ ही उन्होंने रूस के सुखोई एसयूः35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा तथा एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी। किम के साथ कारखानों का दौरा करने के बाद रूसी उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा,हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों के क्षेत्र में सहयोग की संभावना देखते हैं। व्यापार और उद्योग मंत्री मंटुरोव ने कहा,तकनीकी संप्रभुता प्राप्त करने के लिए हमारे देशों के सामने आने वाले कार्यों को प्राप्त करने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। रूस ने बिना कोई निश्चित समय सीमा बताए कहा है कि किम अगले कई दिनों तक अपनी यात्रा जारी रखेंगे।

# अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है: चीन



**एजेंसियां**

**बीजिंग:** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ एक बैठक में कहा कि चीन की अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है। चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने बैठक में शी जिनपिंग के हवाले से कहा, जब चीन की अमेरिका को लेकर ऐसी कोई योजना नहीं है, तब अमेरिका को भी चीन को दबाने या नियंत्रित करने की कोई योजना बनानी चाहिए।' यह चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में मित्रवत संगठनों के स्वागत रात्रिभोज में चीनी राष्ट्रपति के हवाले से कहा, मुझे विश्वास है कि एक बार बीतचीत शुरू होने के बाद चीन-अमेरिका संबंध अच्छे हो जाएंगे। हमारे लोगों की दोस्ती की जड़ें बहुत मजबूत और प्रगाढ हो गई हैं और यह निश्चित रूप से किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन अमेरिका के बढ़ते विकास और समृद्धि से खुश है और अमेरिकाःचीनी संबंधों का भविष्य उनके लोगों, विशेषकर युवाओं पर निर्भर करता है और इसीलिए देशों को अपने राष्ट्रों के बीच संबंधों एवम आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए। जिनपिंग ने कहा, चीन कभी भी अमेरिका के खिलाफ दांव नहीं करता है और कभी भी उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है। इसी तरह, अमेरिका को चीन के खिलाफ दांव नहीं लगाना चाहिए, या चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इसके बजाय उसे एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध चीन का स्वागत करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जिनपिंग और बाइडेन ने इस सप्ताह सैन फ्रांसिस्को में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग के नेताओं के शिखर सम्मेलन के मौके पर उत्तरी कैलिफोर्निया के ऐतिहासिक फिलोला एस्टेट में अपनी बैठक की।

# नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली में सीआईआईआईटीसी केंद्र का उद्घाटन

**एजेंसियां**

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से आविष्कार, नवाचार, ऊष्मायन और प्रशिक्षण केंद्र (सीआईआईआईआईटी) खोला। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गई। इस पहल का लक्ष्य नक्सल प्रभावित जिले गढ़चिरौली में विद्यार्थियों के कौशल को बढ़ाना और उद्योगःआधारित प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने कहा, इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से न केवल बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा बल्कि गढ़चिरौली जैसे जिलों से उद्यमी भी तैयार किए जाएंगे। गढ़चिरौली के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। आधुनिक तकनीक से लैस केंद्र खुलने से कई अवसर मिलेंगे। गढ़चिरौली के युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा, गढ़चिरौली जिले के समग्र विकास की दृष्टि से जिले में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और हम जिले में एक हवाई अड्डा विकसित करके गढ़चिरौली जिले को हवाई मार्ग से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सीआईआईआईटीसी के माध्यम से गढ़चिरौली जैसे आदिवासी सुदूर और नक्सल नक्सलियों से निपटने के लिए जिलों में उद्योगःआधारित प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अलावा, विधार्थियों के कौशल को विकसित और उन्नत तकनीकी कौशल के विकास के संबंध में नौ अलगःअलग तकनीकी प्रयोग स्कूलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

**खुलासा** इजरायली सेना के टैंक भी अस्पताल परिसर में

# जमीन के नीचे हमास के सुरंग का खुलासा करने का बाद अभियान

- हजारों फिलिस्तीनी अस्पताल में और उसके आसपास शरण लिए हुए हैं
- डॉक्टर मोमबत्ती की रोशनी में काम कर रहे हैं

**एजेंसियां**



**गाजा:** हमास पर विशाल परिसर के नीचे सुरंगों से काम करने का आरोप लगाने के बाद, इजरायली बलों ने बुधवार को गाजा के सबसे बड़े अस्पताल, अल-शिफा पर छापा मारा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अस्पताल से दूर तैनात टैंकों को भी अब बिल्कुल करीब लाया जा चुका है। वैसे अस्पताल में आतंकी शिविर होने के दावे का आतंकवादी समूह और अस्पताल के अधिकारियों ने खंडन किया। माना जाता है कि हजारों फिलिस्तीनी अस्पताल में और उसके आसपास शरण लिए हुए हैं, जिसके बारे में संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि यह क्षेत्र में लड़ाई का केंद्र बन गया है, जिससे कमजोर मरीज, कर्मचारी और विस्थापित फिलिस्तीनी फंस गए हैं क्योंकि उनके पास चिकित्सा आपूर्ति और ईंधन खत्म हो गया है।

अस्पताल की मुख्य इमारत ने प्रभावी रूप से काम करना बंद कर दिया है, डॉक्टर मोमबत्ती की रोशनी में काम कर रहे हैं और समय से पहले जन्मे बच्चों को जीवित रखने के लिए पन्नी में लपेट रहे हैं - कुछ चेतावनी के साथ अंदर की स्थिति विनाशकारी हो गई है।

अस्पताल की मुख्य इमारत ने प्रभावी रूप से काम करना बंद कर दिया है, डॉक्टर मोमबत्ती की रोशनी में काम कर रहे हैं और समय से पहले जन्मे बच्चों को जीवित रखने के लिए पन्नी में लपेट रहे हैं - कुछ चेतावनी के साथ अंदर की स्थिति विनाशकारी हो गई है।

हाल के दिनों में, अस्पताल व्यापक युद्ध और इसके चारों ओर बयानबाजी का एक सूक्ष्म जगत बन गया है। फि लिस्तीनी अल-शिफा के आसपास की लड़ाई को गाजा में नागरिक जीवन के लिए इजरायल की घोर उपेक्षा के प्रमाण के रूप में रखते हैं, जबकि इजरायल हमास द्वारा नागरिकों को मानव ढाल के रूप में उपयोग करने के उदाहरण के रूप में अस्पताल की ओर इशारा करता है।

लेकिन इजरायली बलों द्वारा अस्पताल में प्रवेश करने का निर्णय 7 अक्टूबर को शुरू हुए संघर्ष में संभावित वृद्धि के क्षण को दशार्ता है, जब हमास के आतंकवादियों ने इजरायल में प्रवेश किया, 1,200 से अधिक लोगों की हत्या कर दी और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया - उसके बाद से इजरायल पर इस तरह का सबसे बड़ा हमला। देश की स्थापना 1948 में हुई थी। स्थानीय समयानुसार बुधवार की सुबह, इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि वह गाजा में शिफा अस्पताल में एक निर्दिष्ट क्षेत्र में हमास के खिलाफ एक सटीक और लक्षित अभियान चला रहा था। अस्पताल के एक डॉक्टर खालिद अबू समरा ने बताया कि बुधवार सुबह तड़के कॉम्प्लेक्स पर इजरायली ऑपरेशन शुरू होने से पहले उन्हें 30 मिनट की चेतावनी दी गई थी।

## न्यूज फटाफट

### दक्षिण कोरिया में गैस रिसाव से विस्फोट, पांच लोग घायल

**सोल :** दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र के एक रेस्तरां में गुरुवार को गैस रिसाव से हुए विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। सोल से लगभग 400 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में चांगवोन में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित रेस्तरां में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 :33 मिनट पर विस्फोट हुआ। रेस्तरां का मालिक भी जलने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। गैस विस्फोट के बाद आग लगने से बगल के एक अन्य रेस्तरां के कर्मचारियों और राहगीरों सहित चार अन्य लोग भी घायल हुए। विस्फोट में रेस्तरां का रेफ्रिजरेटर और अन्य सामग्री भी जलकर खाक हो गयी है।

### रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में खुलेगा अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच

**सेंट पीटर्सबर्ग :** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल कल्चरल फोरम (एसपीआईसीएफ) गुरुवार 16 नवंबर को रूस की तथाकथित सांस्कृतिक राजधानी में खुलेगा, जिसमें 80 देशों के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। एसपीआईसीएफ को सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच के रूप में डिजाइन किया गया है। फोरम में कई विषयगत इकाइयाँ शामिल होंगी, इसमें संस्कृति के माध्यम से इतिहास सीखना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता : संस्कृति के लिए खतरा या वरदान, समाज के निर्माण की नींव के रूप में पारंपरिक संस्कृति, थिएटर, संग्रहालय, सिनेमा, म्यूजिकल कल्चर, बिजनेस कल्चर, मीडिया कल्चर शामिल हैं। एसपीआईसीएफ पर संस्कृति के भीतर 11 से अधिक ज्ञापनों और सहयोग कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। एसपीआईसीएफ 16 :18 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### मेडागास्कर में राष्ट्रपति चुनाव गुरुवार को

**मास्को :** पूर्वी अफ्रीकी देश मेडागास्कर में गुरुवार को राष्ट्रपति चुनाव हो रहा है, जिसमें कुल 13 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। मेडागास्कर के पूर्व राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना उम्मीदवारों में शामिल हैं। अफ्रीका के दक्षिण :पूर्वी तट पर स्थित द्वीप :राष्ट्र के दोनों पूर्व राष्ट्रपति हेरी राजोनारिमम्पियानिना और मार्क रावलोमनाना भी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे हैं। शुरुआत में, चुनाव नौ नवंबर को होने वाला था, लेकिन देश में विपक्ष के विरोध के कारण इसे 16 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। विपक्षी उम्मीदवारों ने राजोएलिना पर चुनाव में उनके पक्ष में माहौल बनाने का आरोप लगाया है और वोट के बहिष्कार का आह्वान किया है।

### शी-बाइडेन की शिखर वार्ता इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी

**बीजिंग :** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की सैन फ्रांसिस्को में शिखर वार्ता चीन :अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को यह बात कही। चाइना सेंट्रल टेलीविज़न ने शिखर वार्ता के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में वांग के हवाले से कहा,एक साल बाद फिर मिले दोनों देशों के प्रमुख। शिखर वार्ता ने चीन और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की कूटनीति की ऐतिहासिक निरंतरता और युगांतरकारी मूल्य को रेखांकित किया और निश्चित रूप से चीन :अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक मील का पत्थर और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण घटना बन जाएगी। वांग ने कहा कि शिखर वार्ता का रणनीतिक महत्व और दूरगामी परिणाम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाइडेन और शी ने द्विपक्षीय संबंधों के 'स्वस्थ और स्थिर विकास' को लागू करने की योजना की रूपरेखा तैयार की।

### चीन में कोयला खदान में आग लगने से 11 लोगों की मौत

**ताइयुआन :** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत के ल्यूलियांग शहर में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में गुरुवार सुबह आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। नगरपालिका आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी है। प्राधिकरण ने बताया कि आग ल्यूलियांग के लिशी जिले में लगी है। अधिकारियों के मुताबिक बचाव कार्य जारी हैं।

### चीन ने किया गाजा पर यूएनएससी के प्रस्ताव को लागू करने का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत ने बुधवार को गाजा इलाके में सुरक्षा परिषद के हाल ही में पारित प्रस्ताव को लागू करने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि झांग जुन ने कहा कि सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों की प्रभावशीलता उनके कार्यान्वयन में निहित है। संबंधित पक्षों के लिए समाधान के प्रावधानों को अक्षरश : लागू करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने माल्टीज़ :मसौदा प्रस्ताव को अपनाने के बाद वोट के स्पष्टीकरण में कहा कि सुरक्षा परिषद के लिए कार्यान्वयन पर निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए एक जरूरी तंत्र स्थापित करना आवशयक है। उन्होंने कहा कि संकल्प 2712 पूर्ण, तीव्र, सुरक्षित और निर्बाध मानवीय पहुंच को सक्षम करने के लिए पर्याप्त दिनों के लिए गाजा पट्टी में तत्काल और विस्तारित मानवीय ठहराव और गलियारों का आह्वान करता है।

### आज का इतिहास

- 1525 :मुग़ल शासक बाबर ने भारत को जीतने के मकसद से सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।
- 1869 :इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती।
- 1900 :प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ मती सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू का जन्म। जिन्होंने अपना सारा जीवन भारत के हितों के लिए समर्पित कर दिया था।
- 1932 :तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई।
- 1933 :अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।
- 1966 :भारत की रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मिस वर्ल्ड बनने वाली वह पहली एशियाई महिला थी।
- 1970 :रानी लक्ष्मीबाई का एक महत्त्वपूर्ण पत्र जो की उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी को लिखा था लन्दन में ब्रिटिश लाइब्रेरी के आर्काइव्स में मिला हैं।
- 1993 :अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (नाफ्टा) को मंजूरी दी।
- 1995 :ओसाका में एशिया प्रशांत आर्थिक संघ (एपेक) का सातवां शिखर सम्मेलन शुरू।
- 1999 :अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को यूनेस्को ने स्वीकृति दी।
- 2004 :रामेश्वर ठाकुर उड़ीसा के राज्यपाल बने।
- 2005 :लंका में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न।
- 2006 :अमेरिकी सीनेट ने भारत :अमेरिका परमाणु संधि को मंजूरी दी।
- 2007 :जाफना प्राय :द्वीप में लंकाई सेना से मुठभेड़ में 11 लिबरेशन टाइगर मारे गये।
- 2008 :चन्द्रयान-1 की सफलता के बाद केन्द्र सरकार ने चन्द्रयान :2 की मंजूरी दी।
- 2009 :टी. एस. ठाकुर को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया।
- 2012 :मिस्र के मेनफॉल्ट क्षेत्र के समीप एक रेल दुर्घटना में कम से कम 50 स्कूली छात्र मारे गये।
- 2013 :रूस के कजान हवाई अड्डे पर तातरस्तान एयरलाइंस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 50 लोगों की मौत।
- 2018 :भारतीय सेना के वीर सैन्य अधिकारी कुलदीप सिंह चाँदपुरी का निधन। उन्हें लौंगावाला के प्रसिद्ध युद्ध के लिये जाना जाता है।
- 2020 :हिन्दी और भोजपुरी फ़िल्मों के निर्देशक मोहनजी प्रसाद का निधन।

## पीएम की सुरक्षा में चूक हादसा, संयोग या प्रयोग: बाउरी

रांची: झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रांची में दो बार पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में एक ओर कुंठित मानसिकता वाले कांग्रेसी लगातार प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर अनाप-शनाप आग उगल रहे हैं, वहीं अब अचानक से प्रधानमंत्री के गाड़ी के सामने एक महिला दौड़कर आ जाती है।

**फल बाजार**

### फलों के दाम ने लोगों को पहुंचाई राहत

# महापर्व छठ को लेकर गुलजार हुआ फल बाजार

- महापर्व छठ में फलों का बेहद महत्व होता है
- सेब की कीमत 400 से 600 रुपये पेटी
- केले की कांदी 200 से 600 रुपए के बीच



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर फलों का बाजार गुलजार हो चुका है, राजधानी रांची के विभिन्न फल मंडियों में छठ पूजा में प्रयोग होने वाले सभी तरह के फल उपलब्ध हो चुके है। महापर्व छठ में फलों का बेहद महत्व होता है यही वजह है कि रांची के हरमू, डेली मार्केट और चुटिया स्थित तीनो फल की मंडियों में फलों की भरमार है। फल विक्रेताओं के अनुसार इस बार सभी फलों की आवक बेहद ज्यादा है इसलिए फल महंगे नही बिकेंगे।छठ महापर्व में नारियल, गागल नींबू, सेब, केला संतरा, शरीफा, अमरूद और पानी फल जैसे फलों की सबसे ज्यादा मांग होती है। वहीं पिछले कुछ वर्षों से नाशपाती, रामफल, विदेशी नाशपाती और अनानास जैसे फलों की मांग भी बहुत ज्यादा है। हालांकि सबसे ज्यादा सेब और केला की डिमांड रहती है। रांची के सभी फल मंडी में इस बार यह सभी फल पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। फल विक्रेताओं के अनुसार अगर फल की मंडी में फलों की आवक ज्यादा है तो उनके दाम ज्यादा बढ़ती है। इस बार केला और सेब की अवाक बहुत ज्यादा है। बाजार में सेब की कीमत 400 से 600 रुपये पेटी है तो केले की कांदी 200 से 600 रुपए के बीच है। छठ महापर्व में नारियल महत्वपूर्ण फलों में से एक है, इस बार छठ पर्व पर बिक्री के लिए आंध्रप्रदेश और तमिनलाडु से नारियल मंगवाया गया है। छठ को देखते हुए पिछले आठ दिनों में प्रतिदिन 25 ट्रक नारियल रांची की मंडियों तक पहुंचे हैं। वही बिहार और मध्यप्रदेश से केले के 30 से 35 ट्रक मंडी तक पहुच चुके हैं। छठ में फलों की कमी न हो, इसके मद्देनजर पहले से ही फलों को स्टोर करना शुरू कर दिया गया था। सेब के थोक कारोबारी हाजी फिरोज ने बताया कि अधिकतर सेब की आवक कश्मीर और हिमाचल से हो रही है। भाव पर नजर डाले तो थोक में 50 से 80 रुपए प्रति किलो सेब बिक रहा है। इसी प्रकार अनार की आवक पुणे और गुजरात से हो रही है, जिसकी बिक्री 80 से 120 रुपए प्रति किलो की जा रही है। छठ पर्व में अन्य फलों की तरह संतरे की भी अच्छी बिक्री होती है। इसको देखते हुए संतरा नागपुर से मंगवाए गये है।रांची के बाजार में 40 से 50 रुपए प्रति किलो बेहतरीन संतरा उपलब्ध है।छठ महापर्व में अंगूर महाराष्ट्र से मंगाए गए हैं। वहीं अमरूद की आवक छत्तीसगढ़ से हो रही है। रांची के तीनों फल मंडियो में अंगूर 120 से 140 रुपए प्रति किलो है। तो वहीं अमरूद 50 से 100 रुपए प्रति किलो के भाव बिक रहा है। जबकि शरीफा 100 से 150 रुपए किलो बिक रहा है।महापर्व छठ के अवसर पर कई तरह के छोटे फल और सब्जियों का प्रयोग किया जाता है। जिनमें एक रंगा, छेमी (मटर) और बेर जैसे फल-सब्जी शमील हैं। थोक मंडी में ही मटर की कीमत 250 से 300 रुपये किलो है। ऐसे में इस बार अगर कहा जाए तो सबसे ज्यादा महंगा मटर ही है।राजधानी में थोक फल विक्रेता थोड़े निराश हैं, थोक विक्रेताओं के अनुसार पहले रांची के मंडी से ही पूरे झारखंड में फलों की सप्लाई होती थी। ऐसे में मुनाफा काफी अधिक होता था। लेकिन अब लोहरदगा और गुमला जैसे शहर में भी फलों की मंडी खुल चुकी है। ऐसे में अब राजधानी में सिर्फ राजधानी के ही खुदरा फल विक्रेता ही फल खरीदते है।

## अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह के नाम पर पशु कारोबारी से रंगदारी की मांग



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** जेल में बंद अपराधी अमन साहू के नाम पर पशु कारोबारी से रंगदारी की मांगी गयी है। नगड़ाटोली के रहने वाले पशु कारोबारी राणा राहुल कुमार सिंह से अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने फोन कर रंगदारी मांगी है। रंगदारी नहीं देने पर राणा राहुल कुमार सिंह और उनके परिवार के सदस्य को खत्म करने की भी धमकी दी गयी है। इस संबंध में राणा राहुल कुमार सिंह ने लालपुर थाना में रंगदारी मांगने व धमकी मिलने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

पशु कारोबारी ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उन्हें पहली बार धमकी वाला फोन 12 अक्टूबर को आया। उनके मोबाइल पर फोन से शाम के 4 बजकर 22 में कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मयंक सिंह बताया। उसने कहा कि वह अमन साहू गिरोह से बोल रहा है। मयंक सिंह ने राणा राहुल सिंह को धमकी देते हुए कहा कि वे जो कह रहे हैं, उसे पूरा करो, नहीं तो उनको व परिवार के सदस्यों को मार दिया जायेगा। मयंक सिंह ने उसी नंबर से दूसरी बार कारोबारी को 14 अक्टूबर की शाम 3.53 बजे कॉल कर धमकी दी। इस बार उसने कारोबारी को कहा कि वह उसकी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसका अंजाम उन्हें भुगतना होगा। राणा राहुल सिंह ने उसे कहा कि वह एक साधारण आदमी है। जो वह समझ रहा है कि वे बहुत बड़े कारोबारी है, ऐसा नहीं है। इस धमकी के बाद राणा राहुल सिंह ने 15 अक्टूबर को झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज करायी। इसके बाद 26 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 35 में फिर से कॉल आया। इस बार उनको दूसरे नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने इस बार राहुल सिंह को कहा कि लगता है तुमको उपहार देना ही होगा। इसके बाद वे काफी डर गये। इसके बाद उन्होंने लालपुर थाना में जाकर प्राथमिकी दर्ज करायी।

राणा राहुल सिंह पशुओं का कारोबार करते हैं। वे पशुओं को पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश से खरीदने के बाद उसे मेघालय, शिलांग और दीमापुर में सप्लाई करते हैं। उनका कारोबार झारखंड में नहीं होता। वे रांची में सिर्फ अपने परिवार के साथ रहते हैं। इधर पुलिस को जांच पड़ताल में जानकारी मिली कि चुटिया इलाके के दो अपराधी इस मामले में सक्रिय हैं। उसके बाद पुलिस को दोनों का मोबाइल नंबर मिला। पुलिस ने मोबाइल नंबर का लोकेशन ट्रैक कर नामकुम इलाके में एक ढाबे से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी में आकाश सिंह और खली सिंह शामिल हैं।

# मास्टर ट्रेनर्स का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारियों के क्रम में पोस्टल बैलट, ईवीएम और वीवीपैट, चुनाव सामग्री आदि से संबंधित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी जिलों के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर हेतु नामित प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भाग लिया। धुर्वा स्थित विभागीय सभागार में आयोजित इस कार्यशाला के अवसर पर पदाधिकारियों को अभिप्रेरित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलट से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों, प्रक्रियाओं तथा बारीकियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही ईवीएम और वीवीपैट से जुड़े विषयों पर भी उन्होंने विस्तार से बताया। कार्यशाला में पोस्टल बैलेट, ईडीसी, ईटीपीबीएस से जुड़ी तकनीकी जानकारी के साथ-साथ डाक मत-पत्र की मदद से मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी कोटि के मतदाताओं के लिए निर्धारित प्रक्रिया, ईवीएम और वीवीपैट जागरूकता आदि के संबंध में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी अपने-अपने व्याख्यान दिए।के। रवि कुमार ने कहा कि प्राय: हर चुनाव में हमारे चुनाव कर्मी तथा सुरक्षा बल के जवान चुनाव कर्तव्य निर्वहन के चलते अपने खुद के मताधिकार का प्रयोग करने से छूट जाते हैं। जबकि लोकतंत्र में एक-एक मत का बहुत महत्व है। इसलिए इस बार अभी से पोस्टल बैलट को लेकर तैयारी एवं प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में यथासंभव कोई भी कर्मचारी अपना मताधिकार करने से छूटने न पाए। इस अवसर पर सभी जिलों से आये प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ उप सचिव राजस्व विभाग महेंद्र कुमार, एनएलएमटी राजेश रंजन वर्मा, ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार, बीडीओ पदमा सह एनएलएमटी मृत्युंजय कुमार, तकनीकी विशेषज्ञ उमाशंकर सिंह सहित कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे।

### साई नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने लगायी फांसी

**रांची:** बीआईटी मेसरा के नेवरी स्थित साइन नर्सिंग कॉलेज के एक छात्र ने फांसी लगा ली है। यह घटना आज गुरुवार की बतायी जा रही है। जहां शुभम नाम के छात्र ने कॉलेज के कमरे में फांसी लगा ली। आनन-फानन में शुभम के साथियों ने उसे ओरमांझी के इरबा स्थित मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है और उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। शुभम के साथ पढ़ने वाले अन्य छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन पर छात्र को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।इस घटना के बाद साइन नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाले सभी छात्र व छात्राएं में काफी आक्रोश है। सभी छात्र कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर पैदल ही मोरहाबादी मैदान आ रहे हैं।

## टाना भगतों को नि:शुल्क बिजली देने की योजना का प्रस्ताव जल्द आयेगा कैबिनेट में

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** टाना भगतों को नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराने की योजना का प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में लाया जायेगा। ऊर्जा विभाग की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। विभाग की मानें तो योजना पर वित्त विभाग की स्वीकृति मिल गयी है। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी योजना पर स्वीकृति दे दी है। अब योजना को कैबिनेट में लाने की तैयारी की जा रही है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलते ही ऊर्जा विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की जायेगी। विभाग की मानें तो योजना के तहत टाना भगतों को दो सौ यूनिट फ्री बिजली हर महीने देनी है। ऐसे में झारखंड बिजली वितरण निगम के ऊपर लगभग दो करोड़ का अतिरिक्त बोझ आयेगा। सरकार की ओर से जेबीवीएनएल को मिलनेवाली सब्सिडी में ही इस राशि को जोड़ा जायेगा। जिसकी स्वीकृति वित्त विभाग ने दे दी है। ऐसे में अब योजना को कैबिनेट में लाने की तैयारी की जा रही है।




### पीएम का काफिला रोकने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रांची:** पीएम के काफिले को रोकने वाली महिला के खिलाफ रांची पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। धनबाद एसीबी के इंस्पेक्टर विनोद कुमार पासवान के बयान के आधार पर रांची के कोतवाली थाना में महिला संगीता झा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि संगीता झा द्वारा किया गया कृत्य एक गंभीर अपराध की श्रेणी में है। कोतवाली थाना में इस पूरे मामले को लेकर कांड संख्या 385 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 341,283,353,186 लगाई गई है। इस केस की जांच का जिम्मा सब इंस्पेक्टर रैंक की अधिकारी लक्ष्मी टुडू को दिया गया है।बता दें कि पीएम के दो दिवसीय दौरे में उनकी सुरक्षा में दो-दो बार चूक के मामले को एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) ने गंभीरता से लिया है।

# झारखंड में तेजी से बदल रहा मौसम का मूड, धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहा ठंड

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड में पिछले 2-3 दिनों में मौसम में बदलाव देखा गया है। पिछले दिनों तक जो तेज धूप निकल रही थी। उसके तेवर अब नरम पड़ते हुए भी नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि अब दिन में भी लोगों को सर्दी महसूस होने लगी है। साथ ही अब कोहरा भी दिखने लगा है, हालांकि यह कोहरा रात में और सुबह तड़के राजधानी रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में खासतौर पर नजर आने लगा है। यही नहीं तापमान में भी लगातार एक से दो डिग्री सेल्सियस गिरावट जारी है। रांची में आज अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। दिपावली बीतने के साथ ही झारखंड में ठंड के साथ कनकनी बढ़ गई है।

वहीं, अभी पारा और गिरने और ठंड बढ़ने की उम्मीद है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज किए जा रहे। बीते 24 घंटों में झारखंड में मौसम शुष्क रहा। अब छठ तक आते-आते ठंड की ओर यह और तेजी से बढ़ रहा है। वहीं, छठ पर्व के दौरान बादल जरूर छाए रहेंगे, लेकिन बारिश होने की उम्मीद कम है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार कि 17 नवंबर तक बादल छाए रहेंगे और उसके बाद आकाश साफ होने पर हल्की ठंड बढ़ेगी।

**महंगाई**

### टमाटर 80 और प्याज 55 रुपये किलो

# सब्जियों की कीमत में लगी आग, थाली से हो रही है दूर

- लाल आलू बाजार में 40 रुपये की कीमत पर बिक रहा है
- हरी मिर्च 100 रुपये बिक रही है
- धनिया पत्ता 150 रुपये प्रति किलो



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** चावल, दाल और मसाले में ही नहीं सब्जी की कीमत में भी आग लगी है। मंहगाई अब सर चढ़कर बोलने लगा है। एक साधारण आय वाले परिवार की थाली में सब्जियां गायब होने लगी है। थोड़ी बहुत अगर गरीबों की इज्जत बचाई है, तो वह है आलू। सादा आलू 16 रुपये में मिल जा रहा है। टमाटर फिर आंखे दिखाने लगी है। पिछले 15 दिन में जो टमाटर का दाम नीचे आकर 20 रुपये तक हो गया था, अब टमाटर का दाम 80 रुपये किलो हो गया है। आलू का दाम अब सामान्य है। लाल आलू 16 रुपये, जबकि लाल आलू 25 रुपये किलो है। नया लाल आलू बाजार में 40 रुपये की कीमत पर बिक रहा है। मटर भी बाजार में आ चुका है, लेकिन कीमत 200 रुपये किलो है।

प्याज भी मुंह चिढ़ा रहा है। प्याज की कीमत पिछले दो महीने से 55 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। भिंडी 60 रुपये, फूल गोभी 40 रुपये, बंध गोभी 30 रुपये, पालक साग 40 रुपये, सरसो साग 40 रुपये, सेम 100 रुपये, करैला 60 रुपया। गोगंरा 50 रुपये, शिमला मिर्चा 60 रुपये और हरी मिर्च 100 रुपये बिक रही है। बैगन भी 60 रुपये बाजार में उपलब्ध है। धनिया पत्ता 150 रुपये प्रति किलो, फ्रेंचबीन 100 रुपये किलो बिक रहा है। इस संबंध में किसान कैलाश महतो ने बताया कि स्थानीय टमाटर की उपज अच्छी नहीं हुई। बाजार में टमाटर कम आ रहे हैं, जिसके कारण यह दाम बढ़ा है। नया प्याज और आलू भी अभी बाजार में नहीं पहुंचा है। प्याज और आलू की कीमत कुछ दिनों के बाद कम होने की उम्मीद है, लेकिन टमाटर की कीमत और उपर जायेगी। दक्षिण से टमाटर के आवाक भी कम हो रहा है। हरी सब्जी सस्ती होगी, लेकिन लोगों को और 15 दिन का इंतजार करना पड़ेगा।